हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



2026 में टी20 रन बनाने में ईशान किशन...



www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 29 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 125, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

# पीएम ने गिनाईं आत्मनिर्भर भारत की उपलब्धियां जनभागीदारी को बताया देश की सबसे बड़ी ताकत

## मन की बातः प्रधानमंत्री ने स्वदेशी रक्षा शक्ति से सामाजिक बदलाव तक का किया जिक्र

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जून का महीना भारत के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, विमानन क्षेत्र की नई उपलब्धियों, योग की वैश्विक स्वीकार्यता, जनभागीदारी, सामाजिक सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे अनेक प्रेरणादायक प्रयासों का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे सकारात्मक बदलाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई शक्ति प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रविवार को 'मन की बात' के 135वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2026 का आधा समय पूरा होने जा रहा है और बीते छह महीनों के दौरान देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। जून का महीना विशेष रूप से ऐसी सफलताओं और जनआंदोलनों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत की सामरिक क्षमता, तकनीकी दक्षता, सामाजिक चेतना और वैश्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न युद्ध



जैसी परिस्थितियों के बीच देशवासियों ने जिस जिम्मेदारी और जागरूकता का परिचय दिया है, वह भारत की सामूहिक शक्ति को दर्शाता है। सोने की खरीदारी सीमित करने, विदेश यात्राएं टालने, कार पूलिंग अपनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी उनकी अपील को लोगों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है। राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर देश एकजुट होकर कार्य करने के लिए सदैव तैयार रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनेक परिवारों ने विवाह जैसे आयोजनों में नया सोना खरीदने के बजाय पुराने आभूषणों को पुनर्चक्रित कर उपयोग करने का निर्णय लिया है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी विदेश यात्राएं स्थगित की हैं और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी है। लोग कार पूलिंग को अपना रहे हैं, जिससे पेट्रोल और डीजल की बचत हो रही है। विभिन्न राज्यों से प्राकृतिक उर्वरकों के उपयोग में वृद्धि की रिपोर्ट भी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में उन्हें कोलकाता में नौसेना से जुड़े एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अग्रय को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है। इन युद्धपोतों की डिजाइनिंग से लेकर निर्माण तक का संपूर्ण कार्य भारत में हुआ है। यह उपलब्धि केवल रक्षा क्षेत्र की सफलता नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, इंजीनियरिंग कौशल और आत्मनिर्भरता का भी प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में देश ने विमानन क्षेत्र में भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।'मेड इन इंडिया' सी-295 परिवहन विमान ने अपनी पहली सफल उड़ान पूरी की है। ऐसे 40 विमान भारत में ही निर्मित किए जा रहे हैं।

## "मन की बात" कार्यक्रम को नितिन नवीन ने अपने आवास पर हर्ष मल्होत्रा समेत भाजपा नेताओं के साथ सुना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम के 135वें एपीसोड को आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने आवास पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारियों और भाजपा राष्ट्रीय एवं दिल्ली प्रदेश कार्यालय के कर्मचारियों के साथ सुना। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख एवं सांसद अनिल बलूनी और सह मीडिया प्रमुख संजय मयूख भी सम्मिलित हुए और "मन की बात" कार्यक्रम सुना। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद तरुण चुघ ने ईस्ट पटेल नगर मंदिर सभा पदाधिकारियों, स्थानीय आरडब्लूए एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विष्णु



मित्तल, प्रदेश मंत्री एवं सांसद बांसुरी स्वराज, प्रदेश उपाध्यक्ष विनय रावत, करोलबाग जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर, प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी आदि भी उपस्थित रहे। दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने दिल्ली कैंट क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ "मन की बात" कार्यक्रम सुना। सांसद मनोज तिवारी ने नवीन शाहदरा जिला कार्यकर्ताओं, विधायक जितेन्द्र महाजन एवं जिलाध्यक्ष मास्टर विनोद के साथ प्रधान मंत्री का "मन की बात" कार्यक्रम सुना। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एनसीआरटी परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। दिल्ली भाजपा के महामंत्री एवं सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने विधायक राजकुमार चौहान के साथ रोहिणी सेक्टर 3 में स्थानीय आरडब्लूए पदधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ "मन की बात" कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई नागालैंड में 5 से 11 वर्ष की बच्चियों के लिए आयोजित होने वाली बेबी फुटबाल लीग की अद्भुत जानकारी ने पूरे देश को अचंभित किया है।

## धर्मेंद्र प्रधान का बदलेगा मंत्रालय, सीतारमण संभालेंगी?

### मोदी कैबिनेट में जल्द होगा संभावित फेरबदल

नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में जल्द ही एक बड़े फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं, जिसे संसद के मॉनसून सत्र से पहले अंजाम दिया जा सकता है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की जोरदार चर्चा है कि कई मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है, जबकि कुछ विवादों में घिरे मंत्रियों के विभागों में बड़े बदलाव हो सकते हैं। इन बदलावों के केंद्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को शिक्षा मंत्रालय का महत्वपूर्ण जिम्मा सौंपा जा सकता है, जबकि पूर्व आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को देश का नया वित्त मंत्री बनाया जा सकता है। शिक्षा मंत्रालय में इस संभावित बदलाव की मुख्य वजह हाल ही में हुए नीट पेपर लीक मामले को माना जा रहा है, जिसने देश भर में व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया है। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग लगातार उठ रही है, और सरकार पर इस मामले में कड़े कदम उठाने का दबाव है। ऐसे में, यदि प्रधान से शिक्षा मंत्रालय वापस लिया जाता है, तो यह सरकार के लिए एक मजबूत संदेश हो सकता है कि वह जनभावनाओं के प्रति संवेदनशील है। वित्त मंत्रालय के लिए शक्तिकांत दास का नाम कई मायनों में महत्वपूर्ण है। 69 वर्षीय दास, जो पूर्व आईएएस अधिकारी और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रह चुके हैं, के पास सरकार के साथ काम करने और वित्तीय मामलों का लंबा अनुभव है। यदि वे वित्त मंत्री बनते हैं, तो वे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और पूर्व वित्त मंत्री सीडी देशमुख जैसी शख्सियतों की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे, जिन्होंने आरबीआई गवर्नर के रूप में कार्य करने के बाद देश के वित्त मंत्री का पद संभाला।

दास को कर, निवेश और आर्थिक नीति की गहरी समझ है, और उन्होंने वित्त मंत्रालय में रहते हुए आठ केंद्रीय बजटों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2018 से 2024 तक आरबीआई गवर्नर के रूप में उनके कार्यकाल में उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान मिली और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान ने कुवैत और बहरीन में हमला कर अमेरिका को दिया जवाब



**मनामा/कुवैत सिटी/तेहरान।** ईरान ने ताजा अमेरिकी हमलों के जवाब में उसके सहयोगी देशों कुवैत और बहरीन के नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। तेजी से बदल रहे ताजा घटनाक्रम से होर्मुज जलडमरूमध्य में शांति की उम्मीदें धराशायी हो गई हैं। ईरान और अमेरिका ने एक-दूसरे पर युद्धविराम संधि के उल्लंघन का आरोप लगाया है। दोनों देशों की आक्रामकता से पश्चिम एशिया में युद्ध खत्म करने के लिए चल रही बातचीत पर असर पड़ा है। अरब न्यूज और सऊदी प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बहरीन के गृह मंत्रालय ने बताया कि रविवार को ईरान के हमले में मुहर्रक गवर्नेट में एक रिहायशी इमारत को नुकसान पहुंचा लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। गृह मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा, "संबंधित अधिकारी घटनास्थल पर जरूरी कदम उठा रहे हैं। बहरीन डिफेंस फोर्स की जनरल कमांड ने बयान में कहा कि उसने नागरिकों को निशाना बनाने वाली कई ईरानी मिसाइलों और ड्रोनों को रोका। कमांड ने जोर देकर कहा, "नागरिकों और निजी संपत्ति को निशाना बनाने के लिए मिसाइलों और ड्रोन का जानबूझकर इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का खुला उल्लंघन है।

### चीन के डिवाइन ड्रैगन विमान ने अंतरिक्ष में छोड़ी रहस्यमयी चीज



**बीजिंग।** चीन का बेहद गोपनीय और उन्नत शेनलॉन्ग स्पेसक्राफ्ट, जिसे डिवाइन ड्रैगन के नाम से भी जाना जाता है। इन दिनों अंतरिक्ष में रहस्यमय गतिविधियों को अंजाम दे रहा है, जिसने दुनिया भर के वैज्ञानिकों और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में इस सीक्रेट स्पेस प्लेन ने पृथ्वी की निचली कक्षा में एक अज्ञात वस्तु को छोड़ा है। जिसकी वास्तविक प्रकृति और उद्देश्य को लेकर गहन अटकलें लगाई जा रही हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि साल 2022 से अब तक चीन के इस रहस्यमयी विमान ने कुल नौ पेलोड अंतरिक्ष में तैनात किए हैं, जिससे इसकी गतिविधियों पर रहस्य और गहरा गया है। कोई भी बाहरी देश यह नहीं जानता कि ये ऑब्जेक्ट्स असल में क्या हैं या इनका मकसद क्या है। शेनलॉन्ग एक रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट है जिसे वर्टिकल रॉकेट के जरिए अंतरिक्ष में लॉन्च किया जाता है और मिशन पूरा होने के बाद यह एक सामान्य हवाई जहाज की तरह रनवे पर वापस लैंड करता है। चीन ने इस पूरे मिशन से जुड़ी हर जानकारी को पूरी तरह गोपनीय रखा है। शेनलॉन्ग स्पेस प्लेन की बनावट और इसके तकनीकी विवरण आज भी रहस्य के घेरे में हैं। चीन के अलावा किसी भी अन्य देश के पास इसकी स्पष्ट तस्वीर या डिजाइन से जुड़ी कोई ठोस जानकारी नहीं है। चीनी अंतरिक्ष अधिकारियों ने इसके डिजाइन, क्षमताओं या मुख्य मकसद को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है।

## पीएम मोदी को सेशेल्स का 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक खास समारोह में रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने प्रतिष्ठित सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री को उनकी ग्रीन लीडरशिप (पर्यावरण-अनुकूल नेतृत्व), विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ाने की कोशिशों और 'ब्लू इकोनॉमी' (समुद्री अर्थव्यवस्था), जलवायु कार्रवाई, समुद्री संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन और छोटे द्वीपीय विकासशील देशों की विकास संबंधी आकांक्षाओं को बढ़ावा देने की उनकी लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता के लिए दिया गया है। यह पहली बार है जब यह खास सम्मान दिया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री ने यह सम्मान उन सभी देशों को समर्पित किया जो पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह सम्मान, ऐसे समय में जब दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, उनकी खास दोस्ती को और मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। मंत्रालय के अनुसार यह सम्मान एक हरित ग्रह के प्रति प्रधानमंत्री की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। इसमें इंटरनेशनल सोलर अलायंस, मिशन लाइफ़ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली), 'एक पेड़ माँ के नाम', इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस आदि शामिल हैं। यह सम्मान टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री को मिले ऐसे सम्मानों की कड़ी में सबसे नया है। इससे पहले उन्हें एफएओ का एग्रीकोला मेडल, सियोल शांति पुरस्कार और यूएन का 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार मिल चुका है। मंत्रालय का कहना है कि यह सम्मान इस बात को रेखांकित करता है कि सेशेल्स, क्षमता निर्माण, पर्यावरण संबंधी कार्रवाई, टिकाऊ विकास की पहलों और हिंद महासागर क्षेत्र में साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका को एक भरोसेमंद साझेदार के तौर पर कितना महत्व देता है।



### भारत-सेशेल्स संपर्क बढ़ाने पर होगा काम, यूपीआई लागू कराएगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सेशेल्स स्टेट हाउस में राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ आधिकारिक बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए साझा प्रतिबद्धता को फिर दोहराया। इस दौरान सेशेल्स में यूपीआई लाने, संपर्क बढ़ाने और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने से जुड़े समझौते हुए। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति हर्मिनी ने भारत और सेशेल्स की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को फिर से दोहराया और विकास साझेदारी, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, आर्थिक सहयोग, समुद्री सुरक्षा और लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति हर्मिनी की भारत यात्रा के दौरान तय हुई बातों को लागू करने में हुई प्रगति का स्वागत किया, जिसमें 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज के तहत चल रही परियोजनाएं भी शामिल हैं। दोनों नेता स्वास्थ्य सेवा, कृषि, डिजिटल भुगतान, समुद्री सहयोग, विकास साझेदारी, अंतरिक्ष सहयोग, कानूनी सहयोग और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने के लिए कई समझौता ज्ञापनों और समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने।

## चिकित्सा उपकरणों के लाइसेंस की समयसीमा घटाने की तैयारी

### क्लास-बी के लिए 140 से 115 दिन और क्लास-सी,डी के लिए 105 से 90 दिन का प्रस्ताव

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण लाइसेंस की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने के लिए मेडिकल डिवाइसेज नियम, 2017 में संशोधन का मसौदा जारी किया है। प्रस्तावित बदलावों के तहत क्लास-बी चिकित्सा उपकरणों के लिए लाइसेंस जारी करने की समयसीमा 140 दिन से घटाकर 115 दिन तथा क्लास-सी और क्लास-डी उपकरणों के लिए 105 दिन से घटाकर 90 दिन करने का प्रस्ताव रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य कारोबार सुगमता को बढ़ावा देना, नियामकीय प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना तथा देश





में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपकरणों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रदर्शन से जुड़े मौजूदा मानकों को यथावत बनाए रखा जाएगा। वर्तमान नियमों के तहत चिकित्सा उपकरणों को जोखिम के आधार पर क्लास ए, क्लास बी, क्लास सी और क्लास डी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इनमें क्लास डी को सर्वाधिक जोखिम वाली श्रेणी माना जाता है। प्रत्येक श्रेणी के लिए विनिर्माण लाइसेंस आवेदन के निस्तारण की अलग-अलग समयसीमा निर्धारित है। प्रस्तावित संशोधनों के तहत क्लास बी श्रेणी के चिकित्सा उपकरणों के लिए लाइसेंस जारी करने की समयसीमा 140 दिन से घटाकर 115 दिन करने का प्रस्ताव है। इस श्रेणी में ब्लड प्रेशर मॉनिटर, हाइपोडर्मिक नीडल और पल्स ऑक्सीमीटर जैसे कम से मध्यम जोखिम वाले उपकरण शामिल हैं। इसी प्रकार क्लास सी और क्लास डी श्रेणी के चिकित्सा उपकरणों के लिए लाइसेंस जारी करने की समयसीमा 105 दिन से घटाकर 90 दिन करने का प्रस्ताव रखा गया है। इन श्रेणियों में कार्डियक स्टेंट, हिप एवं घुटना प्रत्यारोपण तथा अन्य ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट जैसे उच्च जोखिम वाले चिकित्सा उपकरण आते हैं। मसौदा संशोधनों में आवेदन की जांच, अधिसूचित निकायों द्वारा ऑडिट, अनुपालन सत्यापन और लाइसेंस जारी करने सहित पूरी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित करने का भी प्रावधान किया गया है। इससे नियामकीय ढांचे में अधिक पारदर्शिता, पूर्वानुमेयता और दक्षता आएगी तथा उद्योग और मरीज दोनों को लाभ होगा।

### देश की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को वसूली का तंत्र बना दिया

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 को टाल दिया गया है, क्योंकि कथित तौर पेपर के कुछ हिस्से लीक हो गए थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि देश की शिक्षा और परीक्षा प्रणाली को वसूली का तंत्र बना दिया गया है। यह परीक्षा रविवार को होनी थी। एक और पेपर लीक। एक और परीक्षा रद्द। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा देश के शिक्षा और परीक्षा सिस्टम को उगाही का ज़रिया बना दिया गया है, जिससे देश का हर युवा असुरक्षित महसूस कर रहा है। यह सिर्फ़ पेपर लीक नहीं है, बल्कि युवाओं के भविष्य की चोरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले महाराष्ट्र राज्य परीक्षा परिषद (एमएससीई) ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि भिवंडी में पुलिस जांच में पेपर लीक होने की बात सामने आने के बाद पूरे राज्य में 28 जून यानी रविवार को होने वाली टीईटी को स्थगित कर दिया गया।

## कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग, 50 घर खाली कराए

नई सोच एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में रविवार सुबह भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी विकराल थी कि घटनास्थल से कई किलोमीटर दूर तक धुएं का घना गुबार दिखाई देता रहा। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 15 गाड़ियां और दो हाइड्रोलिक मशीनें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रहीं। जानकारी के अनुसार, लखनऊ-अयोध्या हाईवे के किनारे स्थित लगभग 35 वर्ष पुराने हिमालयन कोल्ड स्टोरेज में रविवार सुबह करीब 6:30 बजे आग लगी। शुरुआती प्रयासों के बाद जब आग पर नियंत्रण मिलता दिखाई दे रहा था, तभी करीब छह घंटे बाद आग

### छह घंटे बाद फिर भड़की लपटें, मिर्च-मसालों के धुएं से राहत कार्य में आई मुश्किल



एक बार फिर तेजी से भड़क उठी, जिससे बचाव कार्य और चुनौतीपूर्ण हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने एहतियातन पास स्थित दयाल रेजीडेंसी कॉलोनी के करीब 50 घरों को खाली करा लिया। स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। कोल्ड स्टोरेज में इस समय हल्दी, मिर्च और अन्य किराना सामग्री का भंडारण किया गया था। इसके अलावा परिसर के कुछ हिस्सों में लकड़ी और बुरादा भी रखा हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, लकड़ी और बुरादे के कारण आग बार-बार सुलगती रही, जिससे उसे पूरी तरह बुझाने में काफी समय लग रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोल्ड स्टोरेज के मालिक राहुल गुप्ता भी मौके पर पहुंच गए। प्रशासन और दमकल विभाग की टीमें लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। दमकल कर्मियों को आग बुझाने के दौरान सबसे बड़ी समस्या मिर्च और मसालों से उठने वाले तीखे धुएं के कारण हुई। धुएं के प्रभाव से कई कर्मियों को खांसी और सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। शुरुआत में जब फायरकर्मी अंदर प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे, तब मिर्च के तीव्र झोंकों के कारण उन्हें बाहर निकलना पड़ा।

## बाहरी दखल से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में होगी देरी : अराघची

एजेंसी। बगदाद/तेहरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को चेतावनी दी कि समुद्री व्यवस्थाओं में किसी भी बाहरी दखल से स्थिति जटिल होती जाएगी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की प्रक्रिया में देरी होगी। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम न्यूज़ के अनुसार, बगदाद में इराकी विदेश मंत्री फुआद हुसैन के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में अराघची ने जोर दिया कि ईरान के समुद्री प्रबंधन के फैसलों पर बाहरी दबाव या दखल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि "नई व्यवस्था थोपने की किसी भी कोशिश से केवल जटिलताएं पैदा होंगी और होर्मुज़ जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में देरी होगी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि उनकी इराक यात्रा खास और संवेदनशील संदर्भ



में हो रही है, उन्होंने इसे ईरान के खिलाफ अमेरिका-इज़राइल के आक्रामक युद्ध के बाद पहली यात्रा बताया। उन्होंने हमलों की निंदा करने और इराकी सरकार व जनता द्वारा दिखाए गए मजबूत समर्थन के लिए इराक का आभार व्यक्त किया। अराघची ने कहा कि उनकी यात्रा के तीन मुख्य उद्देश्य थेः समर्थन के लिए इराक को धन्यवाद देना, नई इराकी सरकार को बधाई देना और पवित्र शहरों नजफ, कर्बला, समारा और काज़िमिया में इस्लामिक क्रांति के दिवंगत नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोहों से जुड़ी व्यवस्थाओं का समन्वय करना। उन्होंने बताया कि कई इराकी समूहों ने इसमें भाग लेने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि बातचीत में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्रों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने जोर दिया कि ईरान-इराक के बीच कीमती रणनीतिक संबंध हैं और वे नई इराकी सरकार के तहत सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अराघची ने आगे कहा कि उन्होंने अपने इराकी समकक्ष को हाल की क्षेत्रीय घटनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें होर्मुज़ जलडमरूमध्य और लेबनान से संबंधित तनाव के साथ-साथ चल रही राजनयिक बातचीत भी शामिल है। समुद्री व्यवस्थाओं का जिक्र करते हुए, उन्होंने दोहराया कि आपसी समझ के तहत होर्मुज़ जलडमरूमध्य 30 दिनों के भीतर ईरान के प्रबंधन में संकट-पूर्व की स्थिति में लौट आएगा और इस संबंध में किसी देश या संस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

## पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने बताया निराधार, आतंकी ढांचे पर कार्रवाई की नसीहत

**नई दिल्ली।** भारत ने कराची में हुई घटना को लेकर पाकिस्तान की ओर से लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज



करते हुए उन्हें निराधार बताया है। भारत ने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने यहां मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भारत ने कराची की हालिया घटना को लेकर पाकिस्तान की रिपोर्टें देखी हैं, जिनमें भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। पाकिस्तान को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और अपने क्षेत्र में मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद को राज्य नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति से भी बाहर निकलना चाहिए।

## लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री व अन्य ने पी.वी. नरसिम्हा राव को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई नेताओं ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बिरला ने एक्स पर कहा, "पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न दिवंगत पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर सविनय नमन।देश की प्रगति के लिए नीति निर्माता के रूप में उन्हें सदैव याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने देश के इतिहास के एक अहम दौर में भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक कुशल प्रशासक के तौर पर उन्होंने अपनी पहचान बनाई। वे एक विद्वान भी थे और उन्हें भारत की विविध संस्कृति का गहरा ज्ञान और समझ थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एक दूरदर्शी नेता और राजनेता के तौर पर पी. वी. नरसिम्हा राव ने भारत की आर्थिक यात्रा में एक अहम भूमिका निभाई। देश के लिए उनके योगदान और उनके जीवन को हमेशा याद किया जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव की सरकार द्वारा शुरू किए गए क्रांतिकारी आर्थिक उदारीकरण ने विकास की गति बढ़ाई, मध्यम वर्ग के लिए अवसर बढ़ाए और देश को दीर्घकालिक विकास की राह पर अग्रसर किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कबीर जयंती के अवसर पर राज्यपाल ने दी बिहारवासियों को शुभकामनाएं

**पटना**।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने कबीर जयंती के पावन अवसर पर बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि संत कबीरदास एक महान संत, कवि, समाज सुधारक तथा भक्तिकाल के प्रमुख स्तंभ थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से भेदभाव, संकीर्ण मतवाद, अलगाववादी प्रवृत्तियों तथा सामाजिक एवं धार्मिक रूढ़ियों के विरुद्ध जन-मानस में जागृति उत्पन्न करने का प्रयास किया। साथ ही, उन्होंने प्रेम, भाईचारे, सद्भाव, समरसता और मानवता का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि ज्ञानाश्रयी शाखा के महान साधक संत कबीरदास ने भक्ति तथा आंतरिक साधना के मार्ग का प्रवर्तन किया। भारतीय समाज और संस्कृति के प्रति उनका योगदान अमूल्य एवं अविस्मरणीय है। राज्यपाल ने बिहारवासियों से संत कबीर के जीवन-दर्शन से प्रेरणा ग्रहण कर एक स्वस्थ, समावेशी, न्यायपूर्ण एवं समरस समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

### प्रो. अरुण कमल करेंगे गोलू गिलहरी के इक्कीस मंत्र का लोकार्पण

**पटना**। वरिष्ठ लेखिका एवं शिक्षाविद् डॉ. इन्दिरा झा द्वारा रचित बाल कथा-संग्रह "गोलू गिलहरी के इक्कीस मंत्र" का लोकार्पण समारोह आगामी 3 जुलाई 2026, शुक्रवार को सायं 4:00 बजे होटल गोल्डन पाम, विजयनगर, रुकनपुरा, पटना में आयोजित किया जाएगा।पुस्तक का लोकार्पण साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कवि, समालोचक एवं पटना विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर अरुण कमल के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता शहर के गणमान्य साहित्यकार करेंगे।"गोलू गिलहरी के इक्कीस मंत्र" इक्कीस प्रेरणादायक बाल कथाओं का संग्रह है। इन कहानियों के केंद्र में गोलू गिलहरी का किरदार है, जो बच्चों को ईमानदारी, परिश्रम, मित्रता, पर्यावरण-संरक्षण और आत्मविश्वास जैसे जीवन मूल्यों से परिचित कराता है। सरल भाषा और रोचक घटनाक्रम इस पुस्तक को 6 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए विशेष उपयोगी बनाते हैं।डॉ. इन्दिरा झा ने बताया कि "बाल मन को संस्कार और कल्पनाशीलता दोनों चाहिए। यह पुस्तक बच्चों को कहानी के माध्यम से जीवन के महत्वपूर्ण मंत्र सिखाने का एक विनम्र प्रयास है। मेरा विश्वास है कि गोलू की हर कहानी बच्चे के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होगी।

### 9वीं से 12 तक के विद्यार्थियों को 30 जून तक बनवाना होगा अपार कार्ड

**पटना**। बिहार सरकार ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए फॉर्म भरने वाले विद्यार्थियों का अपार आईडी अनिवार्य कर दिया है। इसके बिना रजिस्ट्रेशन नहीं किया जाएगा। इसको लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के पास पत्र भेज कर 30 जून तक हर हालत में अपार आईडी बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पत्र में कहा कि शिक्षा विभाग भारत सरकार ने विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का 30 जून 2026 तक अपार आईडी निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको देखते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक द्वारा 9 वीं से लेकर 12 वीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का बोर्ड की परीक्षा के लिए होने वाले पंजीकरण में अपार आईडी और विद्यालयों का यू डायस कोड अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने ने सभी डीईओ को आदेश दिया है कि बोर्ड परीक्षा का रजिस्ट्रेशन के लिए अनिवार्य रूप से 30 जून तक सभी छात्र-छात्राओं का अपार आईडी का निर्माण किया जाए। ताकि कोई भी विद्यार्थी इसके बिना रजिस्ट्रेशन से वंचित नहीं रहे। बताया जाता है कि इसके पहले भी सभी डीईओ के पास पत्र भेजकर निर्देश दिया गया था। सरकार द्वारा अपार आईडी बनाने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित किया गया है।

### पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का राष्ट्रीय अभियान बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : सुमन

**पटना**। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा व बहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि मानव सभ्यता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का प्रश्न बन चुका है। बढ़ता वैश्विक तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाएँ इस बात का स्पष्ट संकेत हैं कि अब प्रकृति के साथ संतुलित विकास ही मानवता का एकमात्र रास्ता है। डॉ. सुमन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया मिशन लाईफ पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणादायी अभियान बन गया है। यह अभियान हमें प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली अपनाने, संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, शिक्षण संस्थानों तथा आम नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता और जैव विविधता संरक्षण को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। डॉ. सुमन ने कहा कि बिहार सहित पूरे देश में यदि हर नागरिक एक पौधा लगाने, जल की प्रत्येक बूंद बचाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प ले, तो यह अभियान एक बड़े जनांदोलन का रूप ले सकता है।

### प्रशिक्षण से बढ़ेगी संगठन की धार, जनता से होगा सीधा संवाद : राजेश राम

» संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय प्रखंड अध्यक्ष आवश्यक

**पटना**।प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने किया।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत गांव और प्रखंड स्तर पर कार्यरत कार्यकतार्ओं एवं पदाधिकारियों में निहित होती है। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी की रीढ़ हैं और उन्हें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली तथा जनसरोकारों के प्रति पूरी तरह प्रशिक्षित और सक्रिय होना चाहिए।उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य प्रखंड अध्यक्षों को संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसमस्याओं के समाधान तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों—बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, किसानों और युवाओं की समस्याओं—को लेकर लगातार संघर्षरत है और प्रत्येक कार्यकर्ता को इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभानी होगी। प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी रंजीत मिश्रा ने मंच संचालन किया। प्रशिक्षण शिविर में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, कांग्रेस विधायक दल के पूर्व नेता डॉ शकील अहमद खान, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव,रंजीत मिश्रा, कुमार आशीष , पंकज यादव , डॉ संजय यादव , विमलेश तिवारी सहित प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।

# हर माह के अंतिम रविवार को होगा 'पंचायत विकास दिवस' का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



» पंचायतों के समग्र विकास और जनभागीदारी को मिलेगी नई दिशा : मुख्यमंत्री

**पटना**।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखण्ड के टेटिया ग्राम पंचायत में 'पंचायत विकास दिवस' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को भी सुना। मुख्यमंत्री ने 'पंचायत विकास दिवस' कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये कहा कि अब राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को 'पंचायत विकास दिवस' आयोजित किया जाएगा। इससे वर्ष में 12 अवसर ऐसे मिलेंगे, जब पंचायत प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं ग्रामीण एक साथ बैठकर पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे और स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन महीने के पहले मंगलवार और तीसरे मंगलवार को किया जाता है। इसमें आप आवेदन देते हैं और आपके काम जो सरकार के स्तर पर लंबित होते हैं, उसका निष्पादन 30 दिन में किया जाता है। लगभग साढ़े तीन लाख से अधिक आवेदनों को बिहार सरकार ने निष्पादित किया। उसी तर्ज पर यह दूसरा शिविर है। ये पंचायतों के विकास की चिंता करेगा। जिस प्रकार सहयोग शिविरों के माध्यम से लाखों लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन किया गया है, उसी प्रकार पंचायत विकास दिवस ग्रामीण विकास का प्रभावी मंच बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य पंचायतों को गरीबी मुक्त, स्वच्छ, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, जल प्रबंधन, सिंचाई, पेयजल, स्वच्छता, हरित विकास, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा और कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने सांसद, विधायक, जिला परिषद, पंचायत समिति, मुखिया, सरपंच, वार्ड सदस्य एवं पंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों से ग्राम सभाओं के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत विकास दिवस के प्रथम आयोजन की थीम 'महिला हितैषी पंचायत' रखी गई है। उन्होंने बताया कि जीविका दीदियों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है तथा बड़ी संख्या में महिलाओं को स्वरोजगार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी प्रखंडों में मॉडल स्कूल तथा 211 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सके। हमने सभी प्रखण्डों में मॉडल स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। यह मॉडल स्कूल ऐसा बनेगा, जो बच्चों को उच्च गुणवता के साथ शिक्षा प्रदान करेगा। हमलोगों का सपना तब पूरा होगा, जब प्राइवेट स्कूल के बच्चे इस स्कूल में पढ़ाई करेंगे।

## मजदूर की तड़पकर संदिग्ध मौत काम करते-करते अचानक गिरा



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें मजदूर काम करते हुए अचानक गिरता दिखाई दे रहा है। मृतक की पहचान मनोहर ठाकुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मनोहर ठाकुर बंधन बैंक की गली स्थित एक घर के बाहर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे जमीन पर गिर पड़े। सामने आए फुटेज में दिख रहा है कि मनोहर ठाकुर गिरने के बाद कुछ देर तक वहीं पड़े रहे। इस दौरान आसपास से लोग गुजरते दिखाई दिए, लेकिन परिजनों का आरोप है कि किसी ने उन्हें तत्काल मदद नहीं पहुंचाई। कुछ देर बाद मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने उस घर के मालिक पप्पू कुमार पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जहां मनोहर ठाकुर काम कर रहे थे। मृतक के भतीजे अमित कुमार ने बताया, 'बड़े पापा काम करने के लिए वहां गए थे। शाम को अचानक मौत की सूचना मिली।' उनका कहना है कि जब वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई, तब तक घर के मालिक पप्पू कुमार और अन्य लोग वहां से जा चुके थे। परिवार ने मौत के पीछे साजिश की आशंका जताई है। मामले में दुल्हिनबाजार थाना के थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि घटना से जुड़ा CCTV फुटेज सामने आया है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने कहा, 'परिजनों ने घर मालिक पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है, लेकिन फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।'

## भाकपा जन संगठनों के 15 जुलाई के विधानसभा मार्च का करेगी समर्थन

नई सोच एक्सप्रेस

» जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 06 से 15 अगस्त तक गांव गांव निकाली जाएगी पदयात्रा
» 01 सितंबर को दिल्ली में आयोजित रैली में बिहार के लोगों की होगी जबरदस्त भागीदारी

**पटना**।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य परिषद की बैठक रविवार को जनशक्ति भवन, पटना में हुई। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों, बिहार में बढ़ते अपराध, अत्याचार और भाजपा सरकार की बुलडोजर नीति के खिलाफ जन संगठनों के आह्वान पर 15 जुलाई 2026 को आयोजित विधानसभा मार्च को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। पार्टी द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत पूरे बिहार में 06 से 15 अगस्त तक गांव गांव पदयात्रा निकाली जाएगी। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से 01 सितंबर 2026 को दिल्ली में आयोजित रैली में बिहार से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव डा. गिरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि देश आर्थिक संकट की दौर से गुजर रहा है। देश की जनता महंगाई से त्रस्त हैं। उपभोक्ता वस्तुओं की कीमत आसमान छू रही है। डीजल-पेट्रोल और गैस की कीमत बार बार बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आगे घुटना टेक चुके हैं। केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी ने 01 सितंबर 2026 को दिल्ली में रैली आयोजित करने का निर्णय लिया है। रैली से पहले 06 से 15 अगस्त तक गांव गांव पदयात्रा निकली जाएगी।बिहार में सत्ता का यह परिवर्तन बिहार की जनता के जनादेश की अवहेलना और अपमान है और बिहार की राजनीति में एक बड़ा परिवर्तन है। आने वाले दिनों में बिहार में इस परिवर्तन से कई प्रकार के प्रशासनिक,राजनीतिक-सामाजिक समीकरण प्रभावित होंगे, जिसका लक्षण दिखने लगा है। भाकपा राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि मॉब लिन्चिंग, एनकाउंटर और बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कई घटनाएँ इस बात का संकेत है कि भाजपा की नई नवेली सरकार असहमति की आवाज को कुचलने, अल्पसंख्यकों के अन्दर भय व दहशत पैदा करने तथा भूमिहीन गरीब किसानों की कीमत पर कारपोरेट घरानों के लिए अवसर मुहैया कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सेटेलाईट टाऊनशीप योजना इसी का एक नमूना है।

## पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे सद्गुरु जग्गी वासुदेव, सिरोपा व तलवार से हुआ सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।ईशा फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु (जग्गी वासुदेव) रविवार को तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। सिख परंपरा के अनुसार, उन्हें सिरोपा और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा पहुंचने के बाद सद्गुरु ने मत्था टेका और अरदास की। उन्होंने देश, समाज और मानवता की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

**पटना साहिब पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का केंद्र- सद्गुरुः** इस अवसर पर सद्गुरु ने पटना साहिब गुरुद्वारे को केवल सिख समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरे देश और दुनिया के लिए आस्था और प्रेरणा का महान केंद्र बताया। उन्होंने कहा, 'यह दशम गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जन्मभूमि है, जिनके साहस, त्याग और आध्यात्मिकता का संदेश आज भी दुनिया को प्रेरित करता है।' सद्गुरु ने गुरु गोविंद सिंह जी के जीवन को धर्म, सत्य, साहस और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा, 'ऐसे पवित्र स्थलों का दर्शन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को समझने का अवसर है।' सद्गुरु ने समाज में शांति, भाईचारे और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने के लिए संतों और गुरुओं की शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने सद्गुरु के आगमन को ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा, टविभिन्न आध्यात्मिक परंपराओं के प्रतिनिधियों का पटना साहिब आना आपसी सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक है।'

## पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत, 5 दिनों तक चलेगा विशेष टीकाकरण अभियान, 4000 टीमें गठित

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।पटना में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का रविवार को औपचारिक शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत फुलवारी शरीफ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) से हुई। पटना के सिविल सर्जन डॉ. योगेंद्र प्रसाद मंडल ने नवजात और पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक टीकाकरण पहुंचाना जरूरी है। **जिले में 4 हजार टीमों की तैनातीः** डॉ. मंडल ने बताया कि इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए पूरे पटना जिले में करीब 4,000 टीमें गठित की गई हैं। ये टीमें पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाने के साथ-साथ घर-घर जाकर भी उन बच्चों तक पहुंचेंगी, जो किसी कारण से बूथ तक नहीं पहुंच पाते। उन्होंने जोर दिया कि अभियान के दौरान एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। **5 दिनों तक चलेगा अभियानः** सिविल सर्जन के अनुसार, पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण ही है। यह अभियान पांच दिनों तक चलेगा, जिसमें जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। **आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान विवाद पर विभाग का जवाबः** अभियान के दौरान बाढ़ अनुमंडल में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा बकाया मानदेय को लेकर सहयोग नहीं करने की खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. योगेंद्र प्रसाद मंडल ने कहा कि विभाग ने मामले की जानकारी मिलते ही कार्रवाई की गई। डॉ. मंडल ने भरोसा दिलाया कि इसका अभियान पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। **अभिभावकों से की अपीलः** सिविल सर्जन ने कहा, 'स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी कर्मियों को समय पर उनका भुगतान मिले। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जन स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्बाध रूप से संचालित होते रहें।' उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरे जिले में पल्स पोलियो अभियान पूरी गंभीरता और प्रभावी तरीके से चलाया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद जीवनरक्षक दवा अवश्य पिलाएं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचेंगी।

## बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा जूते-चप्पल उतरवा कर चेकिंग

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।केंद्रीय चयन पर्षद (CSBC) की ओर से आज बिहार पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा पूरे राज्य में हो रही है। एग्जाम के लिए एंट्री 11 बजे बंद हो गई है। परीक्षा सेंटर में कड़ी सुरक्षा के बीच छात्रों को एंट्री दी गई। मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। जूते-चप्पल खुलवाकर चेकिंग हुई। लिखित परीक्षा दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक चलेगी। इस भर्ती परीक्षा के तहत 993 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। परीक्षा के लिए करीब 2.25 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यानी एक पद के लिए औसतन लगभग 227 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। परीक्षा एक ही पाली में आयोजित हुई। अभ्यर्थियों की एग्जाम सेंटर्स में एंट्री सुबह 10:00 बजे से शुरू हुई, जबकि 11:00 बजे परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया गया। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। इधर, एग्जाम खत्म होने के बाद आरा स्टेशन पर अभ्यर्थियों की भीड़ दिखी।

## 6 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, नेपाल में बारिश से किशनगंज में बाढ़ जैसे हालात

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।बिहार में भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। प्रदेश में मानसून एकबार फिर एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने आज 17 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस बीच रविवार सुबह खगड़िया, जमुई और नालंदा में बारिश हुई, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। पटना में सुबह-सुबह बादल छाए रहे। बगहा में तेज हवा चलने के कारण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। विभाग के मुताबिक, अगले 5 दिनों तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक, वज्रपात और 40 से 60Kmph की रफ्तार से हवा चलेगी। सीमांचल के कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना है। अररिया, किशनगंज, सुपौल, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा और सहरसा में भारी बारिश और तेज हवा चल सकती है। पटना, नालंदा, जहानाबाद समेत कई जिलों में बारिश होगी। इधर नेपाल में हो रही लगातार बारिश के चलते किशनगंज जिले की कई नदियां उफान पर हैं। जिले के दिघलबैंक प्रखंड की करूआमनी पंचायत में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। इससे 8 परिवारों के करीब 80 लोग प्रभावित हुए हैं। शनिवार को भीषण गर्मी के बीच बिहार के 6 जिलों का मौसम बदला। खगड़िया, बेगूसराय, बांका में तेज बारिश हुई। वहीं, नालंदा, मुजफ्फरपुर, बेतिया, मधुबनी में भी बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली। इन शहरों में पहले बादल छाए, तेज हवा चली, फिर बारिश शुरू हो गई।

## कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम बोले - 'निशांत अपना नाम अच्छे से करें, हॉस्पिटल की व्यवस्था सुधारें"

नई सोच एक्सप्रेस



♦ सदाकत आश्रम में प्रखंड अध्यक्षों का प्रशिक्षण शुरू

**पटना**।स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार द्वारा PMCH के प्रिंसिपल को हटाए जाने पर बिहार कांग्रेस की प्रतिक्रिया सामने आई है। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा, 'वह अपना नाम अच्छे से करें, हॉस्पिटल की व्यवस्था सुधारें। अगर काम के लिए उन्हें कोई दायित्व मिला है, तो यह उनकी रिस्पांसिबिलिटी है। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने किया।

**350 प्रखंड अध्यक्षों का डिजिटली चयन हुआः** राजेश राम ने कहा, 'यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को बूथ से लेकर प्रखंड स्तर तक और अधिक सशक्त, सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कांग्रेस की विचारधारा और जनसेवा के संकल्प को लेकर हम सभी कार्यकर्ता पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आगे बताया, 'बिहार में हम लोगों ने प्रखंड अध्यक्षों का चयन सृजन साथी अभियान के माध्यम से किया है। करीब 350 प्रखंड अध्यक्षों का डिजिटली चयन हुआ है।'

**राहुल गांधी का तीसरा दौरा बिहार में होगा- राजेश रामः** राहुल गांधी के पटना आने को लेकर राजेश राम ने कहा, 'कोटा के बाद तीसरा दौरा बिहार में है। बिहार में छात्रों की गूंज को आवाज देने के लिए राहुल गांधी यहां आ रहे हैं। उनके यहां आने को लेकर अलग-अलग तरीके से तैयारी चल रही है।'

**अभियान को सफल बनाने हर एंगल पर काम करेंगे- राजेश रामः** उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी ने सभी को लेटर लिखकर यह अपील की है कि इस अभियान को कैसे सफल किया जाए और कैसे समर्थन लिया जाए, इसके हर एंगल पर काम करना है। अभी जो स्थिति चल रही है ऐसे में सभी से अपील करना बहुत जरूरी है। मैं राहुल जी का बहुत ही आभार प्रकट करता हूं कि जिस तरह से उन्होंने एक साल में बिहार को समय दिया, आज भी वह यहां समय देकर अपना योगदान दे रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### चिराग ने तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़ में माथा टेका

**पटना**। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने सपरिवार पवित्र तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़ में माथा टेका और श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर चिराग ने कहा कि दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह के चरणों से पवित्र हुई इस पावन धरा पर आकर मन को असीम शांति और दिव्य ऊर्जा की अनुभूति होती है। चिराग ने गुरु महाराज से देश की सुख, समृद्धि और लोक-कल्याण के लिए प्रार्थना की।आज सपरिवार पवित्र तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़ में गुरु ग्रंथ साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात लंगर का महाप्रसाद ग्रहण किया और सेवा की।

### बिहार के 9334 गाँवों के खतियान गायब, फतुहा के सुडीहा गाँव का नक्शा का फ्रेम सड़ -गल गया? जिम्मेदार कौन?

**फतुहा**। भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि"खतियान और नक्शा आकाश निगल गया या पाताल?" भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने बिहार की भूमि अभिलेख व्यवस्था पर तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि यदि राज्य के 9334 गाँवों के खतियान और अनेक गाँवों के मूल नक्शे गायब हो गए हैं, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि आखिर खतियान और नक्शे आकाश निगल गया या पाताल? वर्षों से सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर थी, उनकी जवाबदेही आखिर कौन तय करेगा? डॉ. पटेल ने कहा कि फतुहा प्रखंड के सुडीहा गाँव का नक्शा उपलब्ध नहीं होने की शिकायत मिलने पर उन्होंने स्वयं गुलजारबाग सर्वे कार्यालय जाकर जानकारी ली। वहां के अधिकारियों ने बताया कि अंग्रेज के समय नक्शों का स्टील फ्रेम में सुरक्षित रखकर समय-समय पर ग्रीस लगाया जाता था, जिससे वे वर्षों तक सुरक्षित रहते थे। लेकिन बाद के वर्षों में यह व्यवस्था बंद हो गई। परिणाम यह हुआ कि फ्रेमों में जंग लग गया और अनेक मूल नक्शे नष्ट हो गए। अधिकारियों के अनुसार लगभग 60–62 गाँवों के नक्शे पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने पूछा कि अब इन गाँवों का नक्शा कैसे तैयार होगा, तो जवाब मिला—"हेलीकॉप्टर से बनेगा।" डॉ. पटेल ने कहा कि यह उत्तर किसी गंभीर प्रशासनिक अधिकारी का नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा का मजाक उड़ाने जैसा प्रतीत होता है। जिन दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों रुपये की जमीन का स्वामित्व तय होता है, उनके नष्ट होने पर यदि प्रशासन संवेदनशील नहीं होगा, तो आम नागरिक न्याय के लिए कहाँ जाएगा? डॉ. पटेल ने आरोप लगाया कि आम लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि खतियानों और अभिलेखों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरती गई है। यदि महत्वपूर्ण अभिलेख गायब हो जाएँ, तो भविष्य में विवादों और भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लगभग 30–35 वर्ष पहले पूरे बिहार में पुनः भूमि सर्वे कर नए नक्शे तैयार किए गए थे, लेकिन आज भी अनेक स्थानों पर वे अंतिम रूप नहीं ले सके या विभिन्न कारणों से निरस्त हो गए। इससे आम लोगों को जमीन की खरीद-बिक्री, दाखिल-खारिज, सीमांकन और न्यायालयी मामलों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने सरकार से मांग की कि गायब खतियानों और नष्ट हुए नक्शों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, सभी भूमि अभिलेखों का शीघ्र डिजिटलीकरण किया जाए, दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो तथा जिन गाँवों के नक्शे नष्ट हो चुके हैं, उनके पुनर्निर्माण की समयबद्ध योजना घोषित की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि अभिलेख किसी राज्य की प्रशासनिक रीढ़ होते हैं। यदि वही सुरक्षित नहीं हैं, तो सुशासन के दावे केवल भाषणों तक सीमित रह जाते हैं।

### माकून्स किड्स प्री-स्कूल डे-केयर का मेयर सीता साहूने किया उद्घाटन



**पटना**।राजधानी के कंकड़बाग के डी सेक्टर में शिवाजी पार्क के पास रविवार को माकून्स किड्स प्री-स्कूल डे-केयर का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि किड्स प्री-स्कूल डे-केयर में बच्चों को आरंभिक काल से ही शैक्षिणक माहौल मिलता है जिसका फायदा उन्हें आगे के जीवन काल में मिलता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि स्थानीय वार्ड संख्या 33 की पार्षद शीला कुमारी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं उनके बेहतर भविष्य निर्माण में प्री स्कूल की बड़ी भूमिका होती है। स्कूल की डायरेक्टर कोमल कुमारी ने कहा कि उनका शिक्षा के क्षेत्र में पहले भी अनुभव रहा है और वो विशेष योगदान रहा है जिसका उपयोग वह स्कूल व बच्चों के विकास में करेंगी।

### रोटरी क्लब पाटलिपुत्र ने मनाई ग्रेटिट्यूड एंड ग्लोरी एवार्ड नाइट



**पटना**। रोटरी क्लब पाटलिपुत्र द्वारा स्थानिय मोर्या होटल में वार्षिक क्लब अवार्ड नाइट ह्रए नाइट ऑफ ग्रेटिट्यूड एंड ग्लोरीह्र का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सेवा शूरवीर सदस्यों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रूचिका एवं मधु की जोड़ी ने किया। क्लब अध्यक्ष संजय भरतिया ने बताया कि अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष ने पूरी टीम के साथ सामंजस्य बनाकर क्लब के हर कार्यक्रम और लेखा-जोखा को सही दिशा देते हुए एक नया स्वरूप दिया। सचिव रीता अग्रवाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व अपने सभी साथियो का हर कदम पर साथ के लिये आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद चौधरी के स्वागत भाषण से हुआ। रोटरी द्वारा संचालित सहेली सिलाई सेन्टर की 125 छात्राऔ में से चयन कर आत्मनिर्भर हेतु पांच महिलाओ की सिलाई मशीन दी गई। मुक्तिरथ ड्राईवर सुधीर, वाटर जंक्शन देखभाल करने वाले बृदां व आनन्द मोहन को उनकी सेवा के लिये भी सम्मानित किया। ट्रस्ट चैयरमेन अमर कुमार प्रसाद सिन्हा रेणु सिन्हा को समाज सेवा प्रोजेक्ट मे दानवीरता के लिये विशेष सम्मान दिया गया। मुनेश-गीता जैन जी के निस्वार्थ सहयोग के लिये। अध्यक्ष संजय भरतिया ने क्लब के हर कार्यक्रम मे क्लब के नौ सदस्यो को नवरत्न मेडल देकर सम्मानित किया। समाज सेवी राधेश्याम बंसल, सुधा डेयरी, पंजाब नेशनल बैंक, संजय खेमका, को उनके परस्पर सहयोग के लिये अभिनन्दन किया गया। क्लब के सभी सदस्यो द्नारा अध्यक्ष संजय भरतिया, सचिव रीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय मस्करा का उनकी पारदर्शिता, संयम, अनुशासन, सरल व्यवहार हेतु सम्मान पत्र मोमेन्टो देकर सम्मानित किया।

## गांधी मैदान में होगी कायस्थ समाज की महापंचायत, सभी जिलों में शुरू होंगी मासिक बैठकें

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राजधानी के गांधी मैदान स्थित गेट नंबर-7 पर रविवार को जय चित्रांश के बैनर तले कायस्थ समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जय चित्रांश फाउंडेशन के संयोजक सीतेश रमण ने कहा कि जुलाई से बिहार के सभी जिलों में कायस्थ समाज की मासिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों के माध्यम से समाज को संगठित कर उसकी समस्याओं और अधिकारों के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि वर्ष के अंत में पटना के गांधी मैदान में कायस्थ समाज की विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से लाखों लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।सीतेश रमण ने कहा कि जय चित्रांश किसी एक व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि पूरे कायस्थ समाज का साझा मंच है। यह मंच समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने के साथ-साथ सामाजिक एकता, शिक्षा, युवाओं के सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है।उन्होंने कहा कि प्रस्तावित महापंचायत का मुख्य उद्देश्य कायस्थ समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर लाकर समाज के राजनीतिक अधिकारों और समुचित प्रतिनिधित्व की दिशा में एकजुट होकर आवाज बुलंद करना है। बैठक में रौनक श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, सूरज श्रीवास्तव, साहिल अंबष्ठ, कुंदन कुमार मलिक, सिवान कर्ण, आनंद कायस्थ, प्रशांत श्रीवास्तव, अमित सिन्हा, प्रिंस रत्ना, प्रकाश वर्मा, राजेश सिन्हा, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## डाक कर्मचारी संघ की आपात बैठक, 17 जुलाई को पटना में होगा धरना




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।भारतीय डाक कर्मचारी संघ (वर्ग-3), बिहार परिमंडल की आपातकालीन कार्यकारिणी बैठक रविवार को पटना जीपीओ परिसर में परिमंडलीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री संजय सिन्हा समेत संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में संघ पदाधिकारियों के समयपूर्व स्थानांतरण, कर्मचारियों के कथित मानसिक उत्पीड़न, लंबित सेवा एवं वित्तीय मामलों तथा भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। संघ ने मांग की कि स्थानांतरण आदेश वापस लिए जाएं, कर्मचारियों पर अनावश्यक लक्ष्य का दबाव बंद हो और लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसके तहत 17 जुलाई 2026 को मुख्य डाक महाध्यक्ष कार्यालय, पटना के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना आयोजित किया जाएगा। बैठक में संजय सिन्हा ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा और भारतीय मजदूर संघ इस आंदोलन में उनके साथ खड़ा रहेगा।

## 'तेज गति जान की दुश्मन' नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



**फुलवारीशरीफ**।सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के अंतर्गत महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे के निर्देशन में "तेज गति जान की दुश्मन" नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। नाटक में दिखाया गया कि एक युवक बिना हेलमेट पहने अपने तीन दोस्तों के साथ तेज रफ्तार से बाइक चला रहा होता है। इसी दौरान अचानक एक महिला सड़क पार करने लगती है। उसे बचाने के प्रयास में युवक ब्रेक लगाता है, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाती है। दुर्घटना में उसके सिर पर गंभीर चोट लगती है और काफी रक्तस्राव होने लगता है। आसपास मौजूद लोग उसकी मदद करने के बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त रहते हैं। इसी बीच एंबुलेंस समय पर पहुंचती है और घायल युवक को अस्पताल ले जाती है, जहां त्वरित उपचार मिलने से उसकी जान बच जाती है। अस्पताल में डॉक्टर युवक को समझाते हैं कि तेज गति जीवन की सबसे बड़ी दुश्मन है। वे लोगों से निर्धारित गति सीमा के भीतर वाहन चलाने, हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात या संदेश भेजने से बचने की अपील करते हैं। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने को गैरकानूनी एवं जानलेवा बताते हुए इससे दूर रहने का संदेश दिया जाता है। नाटक में महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, सौरव, अमन, करण, अंकित, शशांक, अंजनी कुमार वर्मा, आद्विक, किशु, देवदर्शन, रश्मि कुमारी, प्रेम कुमार एवं मो. शोएब कुरैशी ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों के प्रभावशाली प्रदर्शन और सामाजिक संदेश से भरपूर प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## वाओ मोमो ने कंकड़बाग में नया आउटलेट खोला

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।भारत के प्रमुख होमग्रोन क्यूएसआर ब्रांड, वाओ! मोमो ने कंकड़बाग, पटना में अपना नया आउटलेट शुरू किया है। यह शहर के सबसे बड़े और जीवंत रिहायशी और कमर्शियल इलाकों में से एक है। यह नया स्टोर पटना में कंपनी का 13वां आउटलेट और बिहार का 15वां आउटलेट है। इससे राज्य में ब्रांड की स्थिति मजबूत हुई है और ब्रांड की मोमो-पेशकश क्षेत्र के ग्राहकों के करीब पहुंची हैं। वाओ !मोमो फूड्स प्राईवेट लिमिटेड के को-फाउंडर, मुरलीकृष्णन ने कहा कि पटना पूर्वी भारत में हमारे लिए सबसे अधिक संभावनाओं वाले बाजारों में से एक है। पिछले सालों में इस शहर के ग्राहकों ने हमें बहुत प्यार दिया है, जिससे यहाँ पर हमारे ब्रांड के विकास की गति तेज हुई है। कंकड़बाग में हमारे नए आउटलेट का लॉन्च इस बाजार में हमारी पहुँच को मजबूत बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, जहाँ संगठित क्यूएसआर ब्रांड और मॉडर्न फूड एक्सपीरियंस की मांग तेजी से बढ़ रही है।पटना में स्थित यह आउटलेट क्षेत्र में स्टूडेंट्स, परिवारों और वर्किंग प्रोफेशनल्स की जरूरतों के हिसाब से डिजाईन किया गया है, जो किफायती कीमत में सुविधाजनक और बेहतर क्वालिटी का डाईनिंग अनुभव पाना चाहते हैं। इस स्टोर पर डाईन-इन, टेक-अवे और डिलीवरी की सुविधा है। कंकड़बाग में यह स्टोर खोलने का कारण यहाँ की घनी आबादी, ग्राहकों की काफी अधिक आवाजाही और मिडिल क्लास लोगों की बढ़ती आबादी है, जिससे फूड और डाईनिंग अनुभवों की मांग बढ़ रही है। पटना भारत के पूर्वी हिस्से में वाओ !मोमो के लिए सबसे तेजी से बढ़ते हुए बाजारों में से एक है। इस शहर में ग्राहकों की भारी मांग के कारण ब्रांड लगातार आगे बढ़ रहा है। कंपनी अपने वाओ !मोमो, वाओ !चाईना और वाओ !चिकन फॉर्मेट्स के लिए बिहार में काफी अधिक मांग दर्ज कर रही है।इस स्टोर के लॉन्च के अवसर पर वाओ !मोमो ने पूरे शहर में ब्रांड के प्रमोशनल वाहन, वाओ !चैरियट के साथ एक जबरदस्त कैम्पेन शुरू किया। इसमें पटना के महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर ग्राहकों को सैंपल बाँटे गए। इसके अलावा, बहुत ज्यादा आवाजाही वाले करीबी इलाकों में ब्रांड की टैक्सियाँ भेजी गईं। इस एक्टिवेशन में ऑन-ग्राउंड प्रतियोगिताएं, इन्फ्लुएंसर के साथ सहयोग, डिजिटल इंगेजमेंट और गिफ्ट वाउचर्स शामिल थे।

## वृहद मेगा हेल्थ कैम्प में चार सौ से अधिक मरीजों ने जांच कराई

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया जिसमे विभिन्न रोगों से ग्रसित करीब चार सौ से अधिक लोगो ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच कराई। सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। बंसल ने बताया कि यह जांच शिविर श्री हनुमान सहाय गोयल, पटना के सौजन्य से किया गया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराने हेतु सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रातः आठ बजे से अपना नम्बर लगाने के लिए लाइन में लग गए थे। प्रातः दस बजे से चिकित्सकों ने मरीजों की जांच करना प्रारम्भ किया। सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर में 26 विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमे प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव एवं डॉ राजेश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, प्रसिद्ध एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्रवण कुमार एवं कृष्ण केशव ठाकुर, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ. पूनम नंदन, , नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार एवं डॉ शिल्पी अग्रवाल तथा डॉ प्रवीण कुमार, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार, होमियोपैथ के डॉ कन्हैया अग्रवाल, सीनियर न्यूरोथैरेपी विशेषज्ञ नितिन बहुगुणा, पैरालाइसिस विशेषज्ञ डॉ हिमांशु शेखर, एक्स रे डॉ शाहीन रिजवान, सहित कुल 21 विशेषज्ञ चिकित्सको ने मरीजों को देखा। सबसे अधिक हड्डी एवं आंख के मरीजों ने अपना ईलाज कराया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव एवं डॉ राजेश कुमार ने करीब 70 - 70 से अधिक मरीजों की जांच की। इसके साथ हीं आंख के भी 78 से अधित मरीजों ने अपनी जांच कराई। मौके पर 40 मरीजों को पढ़ने का चश्मा दिया गया। चिकित्सकों द्वारा लिखी गई सभी उपलब्ध दवाएँ भी मरीजों को निःशुल्क दिए गए। साथ हीं चिकित्सकों द्वारा लिखे गए मरीजों के एक्स रे एवं अन्य जांच भी आधे दरों पर किये गए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी को दिखाने के लिए मरीजों की कतार लगी थी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार से अपनी जांच हेतु काफी मरीज लाईन में थे। शिविर में बच्चों की जांच, सामान्य बीमारी की जांच डॉ पूनम नंदन ने किया। आज के इस कैम्प में सब मिलाकर करीब 400 से अधिक मरीजों की जांच की गई। करीब सौ से अधिक मरीजो के खून एवं अन्य जांच समिति के लैब में डॉ सलोनी एवं उनके सहयोगियों द्वारा की गई। सोसाइटी अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि सभी मरीजों को खाने का पैकेट भी दिया गया। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सोसायटी के सचिव दिनेश अग्रवाल, सुबोध गोयल, प्रशांत बंका, संयुक्त सचिव बिनोद अग्रवाल सहित अनिल गुप्ता, गोपाल मोदी, शंकर लाल, गोपाल मित्तल, प्रकाश अग्रवाल, सहित दर्जनों सदस्य लगे हुए थे।

## मणिअप्पा पंचायत बनी जनभागीदारी आधारित ग्रामीण विकास की मिसाल




नई सोच एक्सप्रेस

» पंचायत विकास दिवस पर उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने किया भ्रमण

**पटना**।पंचायत विकास दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव-सह-प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने बेगूसराय जिले के मटिहानी प्रखंड स्थित मणिअप्पा पंचायत का भ्रमण किया। सामुदायिक सहभागिता, जनभागीदारी और सतत विकास के प्रभावी मॉडल के रूप में उभरी यह पंचायत आज राज्य की एक प्रेरणादायी आदर्श पंचायत के रूप में स्थापित हो रही है। भ्रमण के दौरान कुंदन कुमार ने पंचायत के ग्रामीणों से संवाद किया तथा विशेष रूप से महिलाओं के साथ विस्तृत चर्चा कर उनके अनुभवों, आकांक्षाओं एवं ग्राम विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को समझा। उन्होंने कहा कि "मणिअप्पा पंचायत यह सिद्ध करती है कि जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक नेतृत्व के माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा दी जा सकती है। ऐसे मॉडल 'विकसित बिहार' और 'विकसित भारत' के निर्माण की मजबूत आधारशिला हैं।" उन्होंने पंचायत में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी पहलों की समीक्षा की तथा स्थानीय समुदाय द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता और समावेशी विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## बाँकीपुर उपचुनाव में कायस्थ सम्मान से समझौता नहीं, उपेक्षा करने वालों को मिलेगा कड़ा जवाब : अखिलेश

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।कायस्थ चित्रगुप्त सेना, बिहार प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वृन्दावन कुंज, एक्जिबिशन रोड, पटना में जय शंकर प्रसाद जी के निवास पर आयोजित हुआ। बैठक में प्रस्तावित बाँकीपुर विधानसभा उपचुनाव एवं कायस्थ समाज की राजनीतिक भागीदारी पर व्यापक चर्चा की गई। सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का नारा सिर्फ छलावा है और कुछ नहीं। भाजपा ने शुरू से अबतक कायस्थो को ठगा है, जबकि कायस्थो ने इसे फर्श से अर्श पर पहुँचाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है। 1980 में जब जनसंघ - भाजपा कि स्थापना हुई और कोई इससे जुड़ने और मद्दुत के लिये तैयार नहीं था, तब कायस्थो ने राष्ट्रीय स्तर पर इसे अपना शत प्रतिशत वोट देकर इसे पहचान दिलाई और वहीं भाजपा राजनितिक साजिश करके कायस्थो को आज विधानसभा में 87 से शून्य पर ला दीं, यह कैसा विकास है। 2025 के विधानसभा चुनाव में तीन विधायक में से दो का टिकट भाजपा ने काटकर सिर्फ बाँकीपुर से टिकट दिया अब कायस्थ बहुल बाँकीपुर उप चुनाव में अगर किसी कायस्थ को उम्मीदवार न बनाकर गैर कायस्थ को प्रत्याशी बनाया तो इसका खामियाजा उसे ऐसा भुगतना पड़ेगा कि बीजेपी को आजीवन याद रहेगा। उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज ने हमेशा राष्ट्रहित और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा है तथा विभिन्न राजनीतिक दलों को समय-समय पर अपना समर्थन देकर उन्हें मजबूत बनाने का कार्य किया है। लेकिन अब समाज केवल वोट बैंक बनकर नहीं रहना चाहता, बल्कि सम्मानजनक राजनीतिक प्रतिनिधित्व और निर्णय प्रक्रिया में उचित भागीदारी चाहता है। बैठक को संबोधित करते हुए सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बाँकीपुर विधानसभा क्षेत्र में कायस्थ समाज की जनसंख्या एवं राजनीतिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इसके बावजूद यदि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा समाज की उपेक्षा की जाती है, तो उसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से मतपेटी के माध्यम से दिया जाएगा। सेनाध्यक्ष ने कहा कि बाँकीपुर विधानसभा क्षेत्र में कायस्थ मतदाताओं की संख्या काफी प्रभावशाली है। महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम कर्ण ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने से समाज में असंतोष बढ़ा है। बैठक में नीलम कर्ण, प्रमिला वर्मा, अर्चना सिन्हा, डॉ. आरती, वीणा वर्मा, अलका सिन्हा, अर्चना सिन्हा आदि सहित सैंकड़ो कायस्थ महापरिवार कि महिलायें उपस्थित थी।

## हिन्दी साहित्य सम्मेलन में नियम-19 समाप्त, डॉ. अनिल सुलभ फिर बन सकेंगे अध्यक्ष पद के उम्मीदवार




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की स्थायी समिति ने सम्मेलन की नियमावली के नियम-19 को समाप्त करने के निर्णय की पुष्टि कर दी। इस फैसले के बाद वर्तमान अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ आगामी चुनाव में दोबारा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बन सकेंगे। रविवार को आयोजित वर्तमान कार्यकाल की अंतिम स्थायी समिति बैठक में सर्वसम्मति से सात प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें अद्यतन मतदाता सूची का अनुमोदन, अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया जुलाई से शुरू करने का आग्रह तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंकेक्षण को मंजूरी शामिल है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अनिल सुलभ ने सम्मेलन की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी प्रतिष्ठा का उल्लेख किया। बैठक में पूर्व कुलपति प्रो. रास बिहारी सिंह, जियालाल आर्य, डॉ. उपेंद्रनाथ पांडेय, डॉ. शंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी 70वीं परीक्षा में 71वीं रैंक लाकर अत्ताउल हक़ बने डीएसपी, हुआ सम्मान समारोह

**बेतिया**।मझौलिया थाना क्षेत्र के परसा डुमरिया निवासी एवं पूर्व कर्नल मो. मंजर साहब के पुत्र अत्ताउल हक़ ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 71वीं रैंक प्राप्त कर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) पद पर चयनित होकर जिला और मझौलिया प्रखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर कांग्रेस के बेतिया विधानसभा पूर्व विधायक प्रत्याशी वशी अहमद, पूर्व मंत्री डॉ. शमीम अहमद तथा रामनगर बनकट पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अरुण यादव ने अंगवस्त्र, गुलदस्ता और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की पूर्व कर्नल मो. मंजर साहब ने कहा कि सच्ची लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। नवचयनित डीएसपी अत्ताउल हक़ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने कहा कि पिता का मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा। इस अवसर पर मुखिया शिवशंकर ठाकुर उर्फ पुतुल ठाकुर, मोहम्मद नसीम, पप्पू अजीज, मुन्ना मियां, जावेद आलम, इकरामुल हक़, रागिब हसन, प्रो. कलीमुल्लाह, तारीख जमाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सोमवार को कबीर जयंती आयोजित होंगे

**वैशाली**।कबीर मठ आश्रम राजापाकर के परिसर में सोमवार को आयोजित होने वाले सदगुरु कबीर साहब की जयंती समारोह को ले तैयारी जोर-शोर की जा रही है।कार्यक्रम में आने वाले विभिन्न जिलों राज्यों दूसरे प्रदेशों से साधु, संत महात्माओं के ठहरने के लिए टेन्ट पंडाल की व्यापक व्यवस्था की गई है। उनके रहने, खाने पीने स्नान करने के लिए भी कबीर मास्टर आश्रम परिसर में व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कबीर मठ आश्रम राजापाकर के महंत सतगुरु ज्ञान प्रकाश शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिले के सभी मठाधीशों, साधु संत ,कबीरपंथी विचार के लोगों, ग्रामीणों को निमंत्रण भेजा गया है।सभी लोगों को कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही गईछ है। सोमवार को कबीर जयंती का आयोजन होगा उसी दिन दोपहर कबीर मठ आश्रम परिसर में 12 बजे झंडोतोलन कार्यक्रम का आयोजन होगा। 12:30 बजे से माल्यार्पण, 1 बजे से मंच का उदघाटन, एक से तीन बजे शाम तक साहब का उद्बोधन एवं भजन प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शाम के 4 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन होगा 8बजे से 12 बजे तक आरती प्रोग्राम कार्यक्रम होगा। जिसमें सभी साधु ,संत, महात्मा ग्रामीण शामिल होंगे।

### महिला छात्रावास में मेस बंद रहने से छात्राओं की बढ़ी परेशानी, एबीवीपी ने संभाला मोर्चा

**गया जी**। गया कॉलेज के महिला छात्रावास में कई दिनों तक मेस बंद रहने से छात्राओं को भोजन के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मेस बंद रहने के कारण छात्राओं को या तो भूखे रहना पड़ा या बाहर से महंगा भोजन खरीदना पड़ा जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ा। उक्त मामले की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गया इकाई की छात्रा पदाधिकारी और कार्यकर्ता महिला छात्रावास पहुंचीं। जहाँ उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा छात्रावास की वार्डन से मिलकर मेस को तत्काल शुरू कराने की मांग की। परिषद का दावा है कि उसके हस्तक्षेप के बाद मेस का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया, जिससे छात्राओं को राहत मिली। वही एबीवीपी की प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह ने कहा कि सरकारी महाविद्यालय के महिला छात्रावास में भोजन जैसी मूलभूत सुविधा का बाधित होना गंभीर चिंता का विषय है। उनका कहना था कि यदि समय पर हस्तक्षेप नहीं किया जाता तो छात्राओं को और अधिक दिनों तक परेशानी उठानी पड़ सकती थी।विभाग छात्रा प्रमुख कौशिकी कुमारी ने आरोप लगाया कि गया कॉलेज प्रशासन छात्राओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और शिकायतों के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न होने पर परिषद लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगी।इस संबंध में महाविद्यालय प्रशासन की प्रतिक्रिया समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सकी। एबीवीपी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के अधिकारों और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा छात्र हित से जुड़े मुद्दों पर संगठन आगे भी आवाज उठाता रहेगा।

### मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**।मुहर्रम पर्व के अवसर पर ताजिया जुलूस के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी छिरिड़ वाई भूटिया तथा पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार द्वारा जिले के नगर परिषद क्षेत्र में रात्रि गश्ती कर विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया गया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा ताजिया जुलूस के संचालन, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले में मुहर्रम पर्व के अवसर पर प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी प्रमुख स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे आयोजन पर सतत निगरानी रखी गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के समन्वित प्रयास, दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ताजिया समितियों एवं आम नागरिकों के सहयोग से जिले में मुहर्रम पर्व पूर्णतः शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप सम्पन्न हुआ।

### वज्रपात होने से तार के पेड़ जलकर राख अन्य घर जलने से बचे



**वैशाली**।राजापाकर प्रखंड क्षेत्र के राजापाकर उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 16 में बीती रात तेज आंधी और बारिश के बीच वज्रपात होने से थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया। बता दे की बीती रात अचानक आई तेज आंधी और बारिश के बीच जोरदार वज्रपात हुआ। जिसमें इस दौरान राजापाकर उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 16 के वार्ड सदस्य चंदेश्वर पासवान के तार के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। जिससे तार का पेड़ धुं-धुं कर जलने लगा। वही तार के पेड़ के पास बसवारी में लगे बांस के पेड़ पर आग की चिंगारी गिरने से बसवारी में भी आग लग गई। चुकी घनी आबादी होने के कारण लोगों में भय का माहौल हो गया और अफरा-तफरी मच गई। वहीं ग्रामीणों ने बोरिंग एवं मोटर पंप के सहारे पानी चला कर आग पर काबू पाया। गनीमत की बात है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# विशेष ग्राम सभा में सांसद व विधायक ने गिनाई सरकार की योजनाएं

नई सोच एक्सप्रेस



शिविर को संबोधित करते सांसद

» 30 दिनों में ऑनलाइन आवेदनों के निष्पादन का दिया भरोसा , प्रखंड में 467 एकड़ में उद्योग लगाने की घोषणा

**मोतिहारी**।बिहार सरकार के निर्देश पर रविवार को प्रखंड में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल एवं स्थानीय विधायक बबलू गुप्ता ने भाग लेकर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सभा को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि अब आम लोगों को अपने कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में किए गए ऑनलाइन आवेदनों का निपटारा संबंधित अधिकारियों को हर हाल में 30 दिनों के भीतर करना होगा। यदि निर्धारित समय में कार्य नहीं होता है तो अधिकारियों को इसका कारण बताना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित शिविर में ऑनलाइन आवेदन करें और 30 दिनों तक प्रतीक्षा करें । सांसद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बिहार में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र में उद्योग स्थापना के लिए 467 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। जल्द ही वहां फैक्ट्री लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी , जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और उन्हें काम के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। वहीं विधायक बबलू गुप्ता ने कहा कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है । उन्होंने कहा कि महिलाओं की भूमिका केवल घर-परिवार तक सीमित नहीं है , बल्कि देश के विकास में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम की शुरुआत सांसद एवं विधायक को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुई । मंच संचालन बीपीआरओ इंद्रजीत पासवान ने किया , जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुखिया जीतन सिंह ने दिया ।रामगढ़वा पंचायत भवन में मुखिया देवानंद शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत विकास शिविर का भी आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ राकेश कुमार सिंह , हरिमोहन भगत उर्फ राजू भगत , अरुण गुप्ता,अमित पटेल,रंजीत पटेल,मनोज सिंह , विजय प्रसाद , पुष्पेंद्र तिवारी , राम एकबाल प्रसाद , मुन्नू पाठक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## पंचायत राज विकास दिवस आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली**।प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रविवार को जिला पदाधिकारी वैशाली के आदेशानुसार पंचायत राज विकास दिवस के अवसर पर मद्यपान निषेध कार्यक्रम के तहत जिविका महिलाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई एवं लोगों को मद्यपान नहीं करने की सलाह दी कहा कि यह हमारे समाज में कैंसर की तरह है जो समाज को खोखला करते जा रहा है।हम सभी आज प्रतिज्ञा करें कि मद्यपान नहीं करेंगे एवं दूसरों को भी नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे।जिविका दिदीयों ने नारे भी लगाए। जिसमें नशे का जो हुआ शिकार उसका उजाला घर परिवार, नशा को दूर भगाएंगे घर-घर खुशी लाएंगे। महिला सशक्तिकरण पर भी पंचायत राज दिवस के अवसर पर आयोजित ग्राम सभा में महिलाओं ने महिलाओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।आज हर क्षेत्र में देखे तो आधे पुरुष आधे महिला कार्य कर रहे हैं। अन्य महिलाओं ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए।मौके पर पिंकी कुमारी, शीला देवी, सरस्वती देवी ,आभा देवी, निभा देवी, सुमन कुमारी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित हुईं।

# पंचायत विकास दिवस की शुरुआत, महिला सशक्तिकरण पर रहा विशेष फोकस

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।बिहार सरकार की नई पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले पंचायत विकास दिवस का आगाज रविवार को सारण जिले के दरियापुर प्रखंड स्थित प्रतापपुर ग्राम पंचायत से हुआ। आयोजित समारोह में उपमुख्यमंत्री सह सारण जिला प्रभारी मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक प्रसारण किया गया, जिसे पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने एक साथ सुना। इस बार पंचायत विकास दिवस की थीम "महिला हितैषी ग्राम पंचायत" रखी गई थी। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं के लाभ और सामाजिक बदलाव से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। प्रतापपुर पंचायत के मुखिया किशोर कुमार सिंह ने पंचायत में अब तक कराए गए विकास कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर बिहार ने देश के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अपर समाहर्ता शिव कुमार पंडित, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# काको प्रखंड अंतर्गत अमथुआ पंचायत मे पंचायत विकास दिवस का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिले के काको प्रखंड अंतर्गत अमथुआ पंचायत के धरहरा गाँव अवस्थित राजकीय अ० पिछड़ा वर्ग +2 कन्या आवासीय विद्यालय परिसर में प्रभारी मंत्री मो.जमा खान, जिलाधिकारी छिरिड़ वाई भूटिया और पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पंचायत विकास दिवस के अवसर पर मंत्री ने अपने संबोधन मे बताया कि पंचायत विकास दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों की सहभागिता है ताकि आप सभी के समक्ष ग्राम पंचायत मे संचालित योजनाओं एवं आगामी विकास कार्यो पर परिचर्चा हो सके। इतनी बडी संख्या मे आप सभी महिलाओ की भागिदारी दर्शाता है कि हमारा बिहार प्रगति के पथ पर है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन मे बताया कि उन्हें प्रसन्नता है कि पंचायत विकास का थीम महिला हितैषी ग्राम पंचायत है, जिसमें काफी महिलाओ ने भाग लिया है। उन्होंने महिलाओ के स्वास्थ्य पर बल दिया। अगर शतप्रतिशत महिलाओ का प्रसव संस्थागत होने लगेगा तो हर एक महिला एक स्वस्थ्य शिशु को जन्म देगी। संस्थागत प्रसव को सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया है कि आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं जीविका दीदियों के साथ स्थानीय स्तर पर बैठक कर सुनिश्चित करने हेतु तत्पर हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी अपने संबोधन मे उपस्थित ग्रामीणों से अपील किया कि आप सभी को जो भी समस्या हो उसकी जानकारी उनके समक्ष रखे। शिविर मे जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुजीत कुमार ने बताया कि पंचायत राज विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को जिले सभी ग्राम पंचायत मे पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ ही जिले के कई गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का विधिवत उद्घाटन कर विकास दिवस का आयोजन किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**बेतिया**।पंचायत विकास दिवस के अवसर पर मझौलिया प्रखंड के अमवा मझार पंचायत में विकास का नया अध्याय शुरू हुआ। नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का विधिवत उद्घाटन कर ग्राम विकास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त उद्घाटन बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री सह पश्चिम चंपारण के जिला प्रभारी मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन, जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार गौतम तथा चनपटिया के पूर्व विधायक उमाकांत सिंह ने किया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान पंचायत की विकास योजनाओं, प्राप्त राशि, व्यय एवं अवशेष राशि का सार्वजनिक विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही महिला हितैषी ग्राम पंचायत थीम पर विशेष चर्चा हुई। उत्कृष्ट पंचायतों के विकास कार्यों का वीडियो प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक प्रसारण भी कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। अपने संबोधन में जिला प्रभारी मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने कहा कि बिहार सरकार पंचायतों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पंचायत सरकार भवन ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का आह्वान किया।जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने कहा कि पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा, सामाजिक भागीदारी और पारदर्शिता से ही गांवों का समग्र विकास संभव है। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की।पुलिस अधीक्षक कुमार गौतम ने कहा कि सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण विकास की पहली शर्त है। पुलिस और जनता के सहयोग से अपराधमुक्त एवं जागरूक समाज का निर्माण किया जा सकता है।वहीं, पूर्व विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीण प्रशासन को नई दिशा देगा तथा गांवों के विकास को और गति मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और पंचायत के समग्र विकास का संकल्प लिया। आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन कुमार अंचलाधिकारी राजीव रंजन मुखिया लालदेव राम कोनियाअभियंता कनीय अभियंता सनोज कुमार अमन पाल स्वच्छता समन्वयक अनिल कुमार दीपु कुशवाहा सुशील जायसवाल अमित चौबे प्रेम साह प्रमोद प्रसाद हिना गुलशन प्रखंड नाजिर जितेंद्र कुमार प्रधान लिपिक संतोष कुमार दीपेंद्र कुमार शोभा देवी ननकी राम अवनीश कुमार मीना देवी लाल मुनी देवीआदि की सराहनीय भूमिका रही। पंचायत सरकार भवन के संवेदक रमाकांत मिश्रा ने बताया कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन कुमार ने किया ।

# कुष्ठ आश्रम में विद्युत उपकेंद्र निर्माण की योजना तीन साल से अधर में, जल्द निर्माण की उठी मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी**। विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल गया और बोधगया में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। महिला विकास मंच एवं शहर की महिलाओं ने शनिवार को बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री, विभाग के प्रमुख सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को ई-मेल भेजकर पंचायती अखाड़ा ग्रिड पर बढ़ते भार और लगातार हो रही बिजली कटौती की समस्या से अवगत कराया।स्थानीय लोगों का कहना है कि कुष्ठ आश्रम में नए विद्युत शक्ति उपकेंद्र (पीएसएस) के निर्माण की योजना पिछले तीन वर्षों से लंबित है। यदि इस उपकेंद्र का निर्माण हो जाता है तो पंचायती अखाड़ा ग्रिड का लोड काफी कम हो जाएगा और शहर के बड़े हिस्से को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।लोगों का आरोप है कि मोहर्रम, छठ, रामनवमी, तीज सहित अन्य बड़े पर्व-त्योहारों के दौरान पंचायती अखाड़ा ग्रिड पर अधिक दबाव के कारण बिजली आपूर्ति बाधित करनी पड़ती है। वहीं चंदौती ग्रिड में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी आने पर पूरे शहर की बिजली प्रभावित हो जाती है, क्योंकि शहर का बड़ा हिस्सा इसी ग्रिड पर निर्भर है।महिला विकास मंच की ओर से कहा गया कि उपभोक्ता नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं, इसके बावजूद कई बार 12 से 18 घंटे तक बिजली गुल रहती है। गर्मी और उमस के मौसम में इससे आम लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और पिंडदान करने वाले तीर्थयात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि कुष्ठ आश्रम, बिथो या कंडी क्षेत्र में शीघ्र नया विद्युत उपकेंद्र स्थापित किया जाए, ताकि शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके। उनका कहना है कि दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों ने भी पूर्व में इस संबंध में सरकार और जिला प्रशासन को अवगत कराया था। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ और नए उपकेंद्र का निर्माण शुरू नहीं किया गया, तो इसका असर आगामी नगर निगम और पंचायत चुनावों में देखने को मिल सकता है। उन्होंने सरकार और जनप्रतिनिधियों से युद्धस्तर पर कार्रवाई कर गया शहर को स्थायी बिजली संकट से राहत दिलाने की मांग की है।फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कुष्ठ आश्रम विद्युत उपकेंद्र का निर्माण कार्य कब शुरू होगा। सरकार या बिजली विभाग की ओर से अब तक निर्माण की समय-सीमा को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## टूटे पैर को कार्टून से बांधने के मामले में हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग, सिविल सर्जन ने किया सुगौली सीएचसी का औचक निरीक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

**मोतिहारी**।सुगौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का रविवार को सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। हाल ही में समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर सुगौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मरीज के टूटे पैर को कथित तौर पर कार्टून से बांधने का मामला सामने आने के बाद सिविल सर्जन स्वयं जांच के लिए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मामले की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर रिपोर्ट तलब की।सिविल सर्जन ने कहा कि सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हों, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।अब क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कथित रूप से अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिकों और जांच केंद्रों की भी निष्पक्ष जांच होगी या कार्रवाई केवल सरकारी अस्पताल तक ही सीमित

संक्षिप्त समाचार

## रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी में नए पदाधिकारियों का सम्मान



**पटना**।रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी की साप्ताहिक बैठक क्लब अध्यक्ष डॉ. बीज मोहन प्रसाद और सचिव रो. विष्णु झुनझुनवाला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में रोटरी सत्र 2026-27 के अध्यक्ष रो. पंकज किशोर सिंह एवं सचिव रो. रव्यांशु प्रीत तथा सत्र 2027-28 के अध्यक्ष रो. अरविंद मेहता और सचिव रो. विजय कुमार यादव का सम्मान कर उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं। क्लब के चेयरमैन रो. राजेश बल्लभ (मुन्ना यादव) ने कहा कि क्लब के सभी सदस्य "स्वार्थ से ऊपर सेवा" के रोटरी आदर्श को अपनाते हुए समाजहित में बेहतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर रो. रविशंकर प्रीत, रो. कृष्ण कुमार यादव, रो. बिनोद मिश्रा, रो. कवि सैनी, रो. सचिन शर्मा सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## बीडीओ बनने पर कुमार शिवा का सम्मान, छात्रों को दिया प्रेरणा का संदेश



**हाजीपुर**। सहदुल्लहपुर स्थित दर्पण मार्केट परिसर के लक्ष्य लाइब्रेरी में नवचयनित प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) कुमार शिवा के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। चंदपुरा निवासी कुमार शिवा ने इसी लाइब्रेरी में निःशुल्क रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की थी। समारोह में शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। शिक्षक बुधन सिंह एवं जितेंद्र नाथ ने अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वर्तमान में परिवहन विभाग में दरोगा के पद पर कार्यरत कुमार शिवा ने अब तक 17 प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण की हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में माता-पिता के निधन के बाद संघर्ष करते हुए यह सफलता हासिल की। समारोह में मंगल कुमार यादव, उमेश कुमार, महेश कुमार, चंद्रमोहन, रिजवान, विश्वनाथ, उमाशंकर, राजकुमार, वार्ड पार्षद अभय कुमार (विशाल) सहित कई लोगों ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

## छात्रों ने चलाया वृक्षारोपण अभियान, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**पटना**। श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज के छात्रों ने रविवार को पटना सिटी में वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान में 25 से 30 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आम, नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। छात्र अमन ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। बढ़ती गर्मी और प्रदूषण को देखते हुए यह पहल की गई है। यह अभियान विश्व युवक केंद्र एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से चलाया गया। फाउंडेशन की प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा ने बताया कि 5 जून से 5 जुलाई 2026 तक सघन पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 30 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है और गंगा किनारे के गांवों में विशेष रूप से पौधारोपण किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय नाई महासभा के पटना महानगर अध्यक्ष ने ली भाजपा की सदस्यता



**पटना**।राष्ट्रीय नाई महासभा के पटना महानगर के अध्यक्ष सूरज ठाकुर ने अपने समर्थकों के साथ रविवार को आर ब्लॉक स्थित स्नातक भवन में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधान परिषद आजाद गांधी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। इस मौके पर सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष निरंजन कुशवाहा पप्पू एवं भाजपा के सीमांचल प्रभारी नरेश शाह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस मौके पर और विधान पार्षद आजाद गांधी ने कहा कि सूरज ठाकुर के भारतीय जनता पार्टी के संस्था लेने से पार्टी को मजबूती मिलेगा और देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी में अति पिछड़ा समाज को एक मुखर आवाज मिलेगा। इस मौके पर सम्राट अशोक फाउंडेशन के अध्यक्ष वरिष्ठ में भाजपा नेता निरंजन कुशवाहा पप्पू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अति पिछड़ा समाज के आवाज एवं बिहार के कद्दावर नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देकर अति पिछड़ा समाज को एक बहुत बड़ा संदेश दिया है और इसमें आजाद गांधी जी की महती भूमिका रही है जिन्होंने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिलाने के लिए बिहार भर में पदयात्रा की थी। इस मौके पर भाजपा के सीमांचल प्रभारी नरेश शाह ने भारतीय जनता पार्टी में सूरज ठाकुर का स्वागत करते हुए कहा कि सूरज ठाकुर नाई महासभा के अध्यक्ष के नाते पटना में एक अपनी पहचान बन चुके हैं और उनके पार्टी में आने से पार्टी और मजबूत होगी। इस मौके पर सूरज ठाकुर के साथ सदस्यता लेने वालों में आर्यन कुमार, संतोष ठाकुर, पिंटू सोनी ,अमन ठाकुर, समीर ठाकुर, ध्रुव कुमार ठाकुर, कृष ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुमन पटेल, नितेश कछवाहा, कृष्णा ठाकुर, उमेश ठाकुर, मदन पासवान, मनीष ठाकुर, संतोष कुमार, संजय ठाकरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

# रामगढ़वा के लालों ने लहराया परचम, बीपीएससी में चयनित भाइयों को सांसद व विधायक ने दी बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**।रामगढ़वा प्रखंड के अहिरौलिया गांव के निवासी शिक्षक गोपाल जी मिश्रा के परिवार के लिए यह गौरव का क्षण है, जब उनके दो होनहार पुत्रों ने 70वीं बीपीएससी परीक्षा में एक साथ सफलता का परचम लहराया है। बड़े पुत्र विवेक कुमार मिश्रा का चयन 'असिस्टेंट कमिश्नर (स्टेट इनकम टैक्स)' के पद पर हुआ है, वहीं छोटे भाई दलजीत कुमार मिश्रा 'प्रखंड विकास पदाधिकारी' के रूप में चयनित हुए हैं। दोनों भाइयों की इस ऐतिहासिक सफलता ने न केवल उनके परिवार का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुँचकर मेधावी भाइयों को बधाई दी। पश्चिमी चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल और सुगौली के विधायक माननीय बबलू गुप्ता ने शिक्षक गोपाल जी मिश्रा के घर पहुँचकर दोनों बेटों को फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विवेक और दलजीत को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इन युवाओं का प्रशासनिक सेवा में जाना क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। दोनों भाइयों की इस उपलब्धि के पीछे उनके कठिन परिश्रम और पारिवारिक मार्गदर्शन को श्रेय दिया जा रहा है, जिसकी चर्चा पूरे जिले में हो रही है। इस मौके पर अश्विनी झा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और शुभचिंतक उपस्थित थे,जिन्होंने इस मेधावी परिवार को बधाई दी।

# डॉ. मोहम्मद शमीम को मिला अंतरराष्ट्रीय आयुष एक्सीलेंस अवार्ड

नई सोच एक्सप्रेस




**वैशाली**।नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आयुष एक्सीलेंस कॉन्क्लेव 4.0 – नेपाल एडिशन में बिहार के वैशाली जिले के पातेपुर निवासी प्रतिष्ठित आयुष विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद शमीम को आयुष क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए आयुष एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सीआईभीआईसी तथा एनसीसी नेपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल रहे, जबकि भारतीय दूतावास, नेपाल के प्रतिनिधि सुमन शेखर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अलावा लेजेंड्स वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, दुबई के प्रतिनिधि कुलदीप चतुर्वेदी ने भी कार्यक्रम में विशेष सहभागिता की। सम्मेलन में भारत के 25 से अधिक राज्यों के साथ-साथ नेपाल, मलेशिया, कनाडा, यूएई, बांग्लादेश और सिंगापुर से आए 254 आयुष चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, उद्यमियों एवं मैन्युफैक्चरर्स ने भाग लिया। डॉ. मोहम्मद शमीम को आयुष चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, शोध, नवाचार एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर वैशाली सहित पूरे बिहार में हर्ष का माहौल है।

# आर. एस. के. पब्लिक स्कूल में एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न, भोजपुर-बक्सर-रोहतास के 300 कैडेट्स हुए शामिल

नई सोच एक्सप्रेस




**डेहरी ओन सोन रोहतास**।बस्तीपुर स्थित आर. एस. के. पब्लिक स्कूल में रविवार को एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेट की लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। एनसीसी से संबद्ध क्षेत्र के पहले पब्लिक स्कूल के रूप में पहचान रखने वाले इस विद्यालय में आयोजित परीक्षा में भोजपुर, बक्सर एवं रोहतास जिलों के लगभग 300 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में सुरक्षा, अनुशासन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं। परीक्षा के सफल आयोजन पर 42 बिहार बटालियन एनसीसी, सासाराम के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि अब तक के विभिन्न परीक्षा केंद्रों की तुलना में आर. एस. के. पब्लिक स्कूल बुनियादी एवं तकनीकी सुविधाओं की दृष्टि से उत्कृष्ट है। उन्होंने परीक्षा संचालन की सुव्यवस्थित एवं अनुशासित व्यवस्था की विशेष प्रशंसा की। परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं 38 बिहार बटालियन एनसीसी के कर्नल अजय कुमार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में एनसीसी युवाओं के व्यक्तित्व विकास और करियर निर्माण का मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि मेडिकल, इंजीनियरिंग, रक्षा सेवाओं और पुलिस विभाग सहित विभिन्न क्षेत्रों में एनसीसी प्रमाणपत्र का विशेष महत्व है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट ने उन्हें भारतीय सेना में अधिकारी बनने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह एवं संयुक्त निदेशक गिन्नी सिंह ने परीक्षा में शामिल सभी कैडेट्स को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने एनसीसी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय को इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए केंद्र के रूप में चयनित किया जाना गर्व की बात है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. एन. सिंह, सीटीओ अरुण कुमार बादल तथा शारीरिक शिक्षक हरि ओम कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सफल परीक्षा आयोजन को लेकर कैडेट्स और अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्थाओं की सराहना की।

## महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने का आह्वान, मोतिहारी में भव्य समारोह

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**।महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में रविवार को महाराणा प्रताप जयंती पखवाड़ा समारोह श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले भर से राजपूत समाज के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं तथा गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री शंकर सिंह बघेला ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उनके आदर्श सदैव देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप स्वाभिमान, त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति की अमर मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध से लेकर विपरीत परिस्थितियों में संघर्षपूर्ण जीवन तक महाराणा प्रताप ने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रहित, आत्मसम्मान और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। वहीं,पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा नहीं, बल्कि राष्ट्र गौरव के प्रतीक हैं। नई पीढ़ी को उनके संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम से प्रेरणा लेकर समाज और देश के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर महेश्वर सिंह, शिक्षक नेता अरविंद कुमार सिंह, अनिल सिंह, ऋषभ सिंह, शौकत अली अंसारी, अनिल शाह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हरनौत में नशा मुक्ति अभियान, जीविका दीदियों ने जगाई अलखः 16 पंचायतों में नुक्कड़ नाटक, प्रभात फेरी से दिया नशामुक्त समाज का संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।बिहार सरकार के मद्यनिषेध नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले "पंचायत विकास दिवस" एवं "सहयोग शिविर" के अवसर पर नालंदा जिले के जीविका हरनौत द्वारा एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड के सभी 16 पंचायतों में जीविका दीदियों, कर्मियों और सामुदायिक नेताओं ने एकजुट होकर मद्यनिषेध के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। इस विशेष अभियान के तहत हरनौत प्रखंड के सभी 138 ग्राम संगठनों में मद्यनिषेध जागरूकता अभियान, भव्य प्रभात फेरी, हस्ताक्षर अभियान और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय के नेताओं और कैडरों ने ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले आर्थिक नुकसान, पारिवारिक कलह, मानसिक तनाव और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता शिविरों में जीविका दीदियों द्वारा ग्रामीणों को विशेष रूप से प्रेरित किया गया कि वे अपने आस-पास या टोलों में हो रहे अवैध शराब के निर्माण, बिक्री या सेवन पर कड़ी नजर रखें।ग्रामीणों को बताया गया कि वे इसकी शिकायत तुरंत सरकार द्वारा जारी टोल-फ्री नंबर पर दर्ज कराएं। इसके साथ ही उन्हें आश्वस्त किया गया कि सूचना देने वाले किसी भी ग्रामीण का नाम, पता या मोबाइल नंबर पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा, ताकि वे बिना किसी डर के समाज को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान दे सकें। इस महाभियान को सफल बनाने में जीवीका बीपीएम मो. आफताब आलम ने मुख्य भूमिका निभाई। उनके साथ सीसी विभा कुमारी, रेखा कुमारी, श्वेता रानी, रीना प्रसाद, नीजू कुमारी, सुलेखा कुमारी और बिंदु कुमारी ने अग्रिम पंक्ति में रहकर कमान संभाली । इस अवसर पर जीविका के विभिन्न संवर्गों के कैडर जैसे सीएम , बीके , एमबीके,सीएफ, बीआरपी, पीआरपी, पशु सखी, एमआरपी,सीएनआरपी के साथ-साथ सभी ग्राम संगठनों एवं सीएलएफ के पदाधिकारी और जीविका दीदियां भारी संख्या में उपस्थित रहीं । जीविका के इस सामूहिक प्रयास की पूरे प्रखंड में सराहना की जा रही है और इसे ग्रामीण समाज में एक बड़े सकारात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

# हरनौत में बंद घर से 51.50 लाख की चोरीः अज्ञात चोरों ने 8 ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया




नई सोच एक्सप्रेस

**हरनौत**।नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र में एक बंद घर से बीती रात करीब 51.50 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी की चोरी हो गई। घटना के समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था। घटना हरनौत नगर के माधोपुर-सबनहुआ गांव का है। वहीं मकान मालिक अवधेन्द्र सिंह अपने बुआ के घर कल्याण बिगहा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात करीब 12 बजे जब वे वापस लौटे, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। घर के अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि दो कमरों सहित अन्य स्थानों के कुल आठ ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गृहस्वामी अवधेन्द्र सिंह के पुत्र सोमनाथ कुमार और शिक्षक रवि कुमार ने बताया कि चोरों ने अटैची, पेटी, संदूक, गोदरेज और बक्से तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली। चोरी के बाद सामान अस्त-व्यस्त छोड़ दिया गया था। उन्होंने बताया कि लगभग 50 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, जिनमें गले का हार, चेन, अंगूठी, कान बाली, सेट, झुमका, बामटिका, बलिया और पायल शामिल हैं, चोरी हो गए। इसके अतिरिक्त, करीब 1.50 लाख रुपये नकद भी गायब हैं। हरनौत थाना पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की गई है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## हरनौत में मन की बात के 135वें प्रसारण,मन की बात के 135वें प्रसारण में पी एम मोदी द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय सहित कई प्रेरक विषयों पर चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात का135वें संस्करण का प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा सहित पर्यावरण, विरासत संरक्षण और राष्ट्रसेवा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।प्रधानमंत्री जी ने कहा,"नालंदा विश्वविद्यालय" ने शास्त्रार्थ की परंपरा को जीवित किया है।नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शास्त्रार्थ की परंपरा शुरू की गई है।उन्होंने नालंदा को भारत की ज्ञान-परंपरा, तर्क-वितर्क और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया। पीएम ने याद दिलाया कि प्राचीन नालंदा में छात्रों का प्रवेश उनकी पहचान या राष्ट्रीयता देखकर नहीं होता था और आज भी वहाँ 20 से अधिक देशों के छात्र अध्ययन कर रहे हैं, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना का सुंदर प्रतीक है।पीएम मोदी ने उन नागरिकों की सराहना की जो अपने जिलों में सालों से हजारों पेड़ लगा रहे हैं, जिससे सड़कों के किनारे हरियाली देखते ही बनती है।उन्होंने इसे पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से अपनी भाषाओं, परंपराओं और स्थानीय विरासत पर गर्व करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, विज्ञान और विरासत का मेल ही भारत को आगे ले जाएगा।इस दौरान बंगाल के विवेकानंद लोकशिक्षा निकेतन, यूपी के आजमगढ़ से गुजरने वाली तमसा नदी के पुनरोद्धार सहित अन्य पर चर्चा की।भाजपा ग्रामीण मंडल के उपाध्यक्ष पप्पु कुमार ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में 86 बूथ है। जिसमें दैली, उखाड़ा, महेशपुर,सोराडीह, सहित 60 बूथ पर सूना गया।कहां प्रत्येक बार की तरह इस बार भी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश का संबोधन काफी प्रेरणादायक रहा। कहा आज के समय में प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की लोकप्रियता चरम पर है, लोगों को इस कार्यक्रम की प्रतीक्षा रहती है, क्योंकि यह कार्यक्रम सीधे देश की जनता को अपने प्रधानमंत्री से जोड़ता है। पी एम मोदी के संबोधन समाज में देशसेवा और समाज सेवा का भाव उत्पन्न करता है। प्रत्येक लोगों को मन की बात का प्रत्येक प्रसारण अवश्य सुननी चाहिए।

## भदवर शक्ति केंद्र पर सुना गया प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम



नई सोच एक्सप्रेस

**बक्सर**।भारतीय जनता पार्टी बगेन मंडल की ओर से रविवार को भदवर शक्ति केंद्र के कुरुथिया बूथ संख्या-410 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 135वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल महामंत्री मनजी पासवान ने किया। मनजी पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आगामी गणेशोत्सव को पर्यावरण-अनुकूल बनाने, 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की बजाय देश की मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने स्थानीय कुम्हारों और शिल्पकारों का समर्थन करने की भी अपील की। इस अवसर पर धारी क्षण सिंह, अजय सिंह 'टुन्ना', सोनू सिंह, भिखारी ठाकुर, दीपक ठाकुर, गोलू सिंह, ऋषि सिंह सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## विमानन उद्योग संकट में

खबरों के मुताबिक एयर इंडिया उड़ानों में कटौती, ऑर्डर दिए विमानों की डिलीवरी लेने में देर, और विस्तार योजनाओं पर विराम लगाने जा रही है। इस बीच उसकी सेवाओं की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। घाटे की दलील देकर दशकों से एयर इंडिया के निजीकरण के पक्ष में माहौल बनाया गया। कहा जाता था कि नौकरशाहों के अकुशल प्रबंधन और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण करदाताओं के हजारों करोड़ रुपए डुबाए गए हैं। आखिरकार इन तर्कों की जीत हुई। 2022 में नरेंद्र मोदी सरकार ने एयर इंडिया को टाटा ग्रुप को सौंप दिया। मगर अब हाल यह है कि सिर्फ गुजरे साल में कंपनी को तीन बिलियन डॉलर का घाटा हुआ है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इसके मद्देनजर कंपनी ने उड़ानों में कटौती, ऑर्डर दिए विमानों की डिलीवरी लेने में देर, और विस्तार योजनाओं पर विराम लगाने का फैसला किया है। इस बीच एयर इंडिया की सेवाओं की गुणवत्ता पर भी गंभीर प्रश्न खड़े हुए हैं। एक साल गुजरने के बाद भी एआई-171 की हुई दुर्घटना के कारण अज्ञात हैं! विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने कहा है कि उड़ान भरने के महज 32 सेकंड बाद हुई इस भीषण दुर्घटना की वजह के बारे में ठोस नतीजे तक पहुंचने में उसे अभी और वक्त लगेगा। उचित ही इसे एएआईबी की दर्दनाक अकुशलता का सबूत बताया गया है। गौरतलब है, एयर इंडिया के निजी हाथ में जाने के साथ भारतीय विमानन क्षेत्र में लगभग ड्युओपॉली (दो कंपनियों का वर्चस्व) बन गई। उनमें से एक कंपनी- इंडिगो ने पायलटों की कार्यस्थिति संबंधी नियमों को लेकर सेवाओं को ही अस्त-व्यस्त कर देने का जो कथित नजरिया अपनाया, उससे प्रतिस्पर्धा खत्म होने के जोखिम खुल कर सामने आ गए थे। आज सूरत है कि दोनों कंपनियां यात्री किराए में मनमानी बढ़ोतरी करती हैं। यात्रियों के सामने विकल्प ना होने के जितने लाभ हो सकते हैं, उन्हें उठाने के आरोप उन पर लगे हैं। यह तर्क आंशिक रूप से ही सच है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण यह सब हुआ। ऐसी अवधि कोई नहीं थी, जब ऐसे हालात सामने नहीं आते थे। तब सरकारी विमान कंपनी घाटा सहकर भी यात्रियों के हितों को तरजीह देती थी। मगर अब यात्रियों के हित प्राथमिकता में सबसे निचले पायदान पर हैं। फिर भी विमानन उद्योग संकट में है। इस उद्योग की नाकामी की इससे बड़ी मिसाल और क्या होगी?

# रिश्तों का संकट और भरोसे की पुनर्स्थापना का समय



आरती कुमारी



पुणे के लोहगढ़ किले से मंगेतर केतन अग्रवाल को कथित रूप से धक्का देकर हत्या करने के आरोप में सिया गोयल की गिरफ्तारी तथा मेघालय में इंदौर के राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान कथित हत्या जैसे मामलों ने पूरे देश को गहरे स्तर पर विचलित किया है। इन घटनाओं ने केवल अपराध की गंभीरता ही नहीं, बल्कि रिश्तों में घटते विश्वास, संवादहीनता और नैतिक मूल्यों के संकट पर भी गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। ऐसे मामले समाज को यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि जिन रिश्तों की नींव विश्वास, प्रेम और आजीवन साथ निभाने की भावना पर टिकी होती है, उनमें हिंसा और छल की प्रवृत्ति क्यों बढ़ती दिखाई दे रही है।

भारतीय संस्कृति में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों, संस्कृतियों और जीवन मूल्यों का मिलन माना गया है। विवाह और सगाई जैसे संबंध पारस्परिक सम्मान, विश्वास और जिम्मेदारी पर आधारित होते हैं। यदि किसी कारणवश कोई संबंध आगे नहीं बढ़ सकता, तो आज कानून और समाज दोनों ही अलग होने के अनेक वैधानिक और शांतिपूर्ण विकल्प उपलब्ध कराते हैं। ऐसे में मतभेद का समाधान हत्या या हिंसा के रूप में तलाशना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक मूल्यों पर भी गहरा आघात है।

हाल के वर्षों में श्रद्धा वालकर, निक्की यादव और अन्य चर्चित हत्याकांडों ने यह संकेत दिया है कि संबंधों में असहिष्णुता, स्वामित्व की भावना, भावनात्मक असंतुलन और संवाद की कमी गंभीर सामाजिक चुनौती बनते जा रहे हैं। यह समस्या किसी एक वर्ग, लिंग या समुदाय तक सीमित नहीं है। पुरुषों और महिलाओं—दोनों से जुड़े ऐसे मामले सामने आए हैं, जो यह दर्शाते हैं कि संबंधों में हिंसक प्रतिक्रिया की प्रवृत्ति चिंता का विषय है। इस बदलते सामाजिक परिदृश्य में डिजिटल संस्कृति ने भी नई चुनौतियां पैदा की हैं। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने जहां संवाद को आसान बनाया है, वहीं कई मामलों में झूठी पहचान, भावनात्मक छल, ब्लैकमेल और षड्यंत्र का माध्यम भी बने हैं। आभासी दुनिया में बनने वाले संबंध कई बार वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों और सामाजिक मर्यादाओं से कटे होते हैं। त्वरित संतुष्टि की मानसिकता ने धैर्य, सहनशीलता, त्याग और समझौते जैसी पारिवारिक जीवन की बुनियादी विशेषताओं को कमजोर किया है। समाज में प्रेम संबंधों से जुड़े विवादों के साथ-साथ पहचान छिपाने, धोखे या अन्य उद्देश्यों से बनाए गए संबंधों पर भी बहस होती रही है। यदि किसी भी संबंध में छल, दबाव, धोखाधड़ी, आर्थिक शोषण या पहचान छिपाने जैसे तत्व हों, तो यह न केवल कानूनन गलत है, बल्कि सामाजिक विश्वास को भी नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी अपराध के आधार पर पूरे समुदाय या धर्म को दोषी न ठहराया जाए। प्रत्येक अपराध की जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होनी चाहिए तथा जिम्मेदारी व्यक्तिगत स्तर पर तय होनी चाहिए। भारत की सामाजिक शक्ति उसकी विविधता, सह-अस्तित्व और पारस्परिक सम्मान में निहित है।

रिश्तों के इस संकट के पीछे परिवार संस्था का कमजोर होना भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा सकता है। संयुक्त परिवारों के विघटन, शहरी जीवन की व्यस्तता और बढ़ते एकाकीपन ने परिवारों के भीतर संवाद कम कर दिया है। माता-पिता और बच्चों के बीच खुली बातचीत का अभाव कई बार मानसिक तनाव और गलत निर्णयों को जन्म देता है। भौतिक सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन भावनात्मक सुरक्षा और मूल्यपरक संस्कार अपेक्षाकृत कमजोर हुए हैं।

शिक्षा व्यवस्था की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में केवल रोजगारपरक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को जीवन-कौशल, मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, विवाद समाधान, नैतिक शिक्षा और संबंधों में जिम्मेदारी जैसे विषयों पर भी जागरूक किया जाना चाहिए। युवाओं को यह समझाना आवश्यक है कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं, बल्कि सम्मान और उत्तरदायित्व है; और किसी भी मतभेद का समाधान संवाद तथा वैधानिक प्रक्रिया से होना चाहिए, हिंसा से नहीं। धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी प्रमुख धर्म प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा और सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। यदि समाज के विभिन्न संस्थान युवाओं को आत्मसंयम, नैतिकता और संवेदनशीलता की शिक्षा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं, तो अनेक सामाजिक विकृतियों को रोका जा सकता है।

रिश्तों का संकट केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है। जब प्रशासनिक लापरवाही के कारण अस्पतालों, विद्यालयों या सार्वजनिक स्थलों पर दुर्घटनाएं होती हैं, तब नागरिकों का व्यवस्था पर भरोसा भी प्रभावित होता है। इसी प्रकार नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उपभोक्तावाद, अंधी प्रतिस्पर्धा और सामाजिक संवेदनहीनता भी समाज में अविश्वास और हिंसा के वातावरण को बढ़ा सकती है। इसलिए इस चुनौती का समाधान केवल कानून-व्यवस्था से संभव नहीं है। इसके लिए परिवार, शिक्षा, समाज, मीडिया, धार्मिक संस्थाओं और शासन सभी को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी।

आज आवश्यकता है कि परिवारों में संवाद को बढ़ावा दिया जाए, युवाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने के साथ जिम्मेदारी का भी बोध कराया जाए, मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक परामर्श की व्यवस्था मजबूत की जाए तथा समाज में पारदर्शिता, विश्वास और संवेदनशीलता की संस्कृति को प्रोत्साहित किया जाए।

सभ्यता की पहचान केवल आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति या ऊंची इमारतों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि समाज में लोग एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं। यदि विश्वास कमजोर पड़ता है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र—तीनों प्रभावित होते हैं। इसलिए आज का सबसे बड़ा दायित्व यही है कि रिश्तों में विश्वास, संवाद और मानवीय मूल्यों को पुनर्स्थापित किया जाए, ताकि प्रेम, सम्मान और सामाजिक सौहार्द की वह परंपरा सशक्त बनी रहे जिसने भारतीय समाज को सदियों तक जोड़े रखा है।

# राष्ट्रधर्म का अमर अध्याय : दानवीर भामाशाह और महाराणा प्रताप के स्वाभिमान की अद्वितीय गाथा



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार।** भारतीय इतिहास केवल राजाओं और युद्धों का इतिहास नहीं है, बल्कि उन महापुरुषों का भी इतिहास है जिन्होंने बिना किसी राजमुकुट के राष्ट्र, संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। ऐसे ही अमर व्यक्तित्व हैं दानवीर भामाशाह, जिनका नाम महाराणा प्रताप के संघर्ष से अविच्छिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। यदि महाराणा प्रताप भारतीय स्वाभिमान, स्वतंत्रता और अदम्य साहस के प्रतीक हैं, तो भामाशाह उस आर्थिक शक्ति के प्रतीक हैं जिसने उस संघर्ष को निरंतर ऊर्जा प्रदान की। इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि किसी भी राष्ट्र की रक्षा केवल तलवार से नहीं होती, उसके पीछे समाज की आर्थिक, नैतिक और सांस्कृतिक शक्ति भी समान रूप से कार्य करती है। भामाशाह का जन्म परंपरागत रूप से 29 जून 1547 को माना जाता है। उनके पिता भारमल्ल मेवाड़ राज्य के प्रतिष्ठित अधिकारी एवं कोषाध्यक्ष थे। बचपन से ही उन्होंने प्रशासन, व्यापार, वित्त और राज्य संचालन का गहन अध्ययन किया। वे केवल कुशल व्यापारी ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी अर्थनीतिज्ञ, सक्षम प्रशासक, साहसी सेनानायक और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाले व्यक्तित्व थे। यही कारण था कि वे शीघ्र ही महाराणा प्रताप के विश्वसनीय सहयोगी और मेवाड़ के कोषाध्यक्ष बने। सोलहवीं शताब्दी में जब मुगल सम्राट अकबर अपना साम्राज्य विस्तारित कर रहा था, तब अनेक राजवंशों ने परिस्थितिवश समझौते किए, किंतु महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता और स्वाभिमान को सर्वोच्च मानते हुए किसी भी प्रकार की अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने राजसी वैभव छोड़कर जंगलों का कठिन जीवन स्वीकार किया, किंतु मातृभूमि के सम्मान से समझौता नहीं किया। यही संघर्ष भारतीय इतिहास में अमर हो गया। 1576 के हल्दीघाटी युद्ध के बाद मेवाड़ की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई। राज्य के संसाधन समाप्तप्राय थे, सेना बिखर चुकी थी और आर्थिक संकट गहरा गया था। ऐसे समय में भामाशाह ने अपने अनुज ताराचंद के साथ वर्षों की अर्जित विशाल संपत्ति महाराणा प्रताप को समर्पित कर दी। विभिन्न ऐतिहासिक स्रोतों में धनराशि का विवरण भिन्न मिलता है, किंतु इस तथ्य पर व्यापक सहमति है कि इस आर्थिक सहयोग ने महाराणा प्रताप को सेना के पुनर्गठन और संघर्ष को आगे बढ़ाने की नई शक्ति प्रदान की। भामाशाह का यह समर्पण केवल दान नहीं था, बल्कि राष्ट्रधर्म का अनुपम उदाहरण था। उन्होंने न कोई पुरस्कार माँगा, न पद और न ही यश की कामना की। उनका उद्देश्य केवल इतना था कि मेवाड़ का स्वाभिमान जीवित रहे और महाराणा प्रताप का संघर्ष किसी आर्थिक अभाव के कारण रुकने न पाए। इस त्याग के बल पर महाराणा प्रताप ने पुनः अपनी शक्ति संगठित की और मेवाड़ के अनेक क्षेत्रों पर अधिकार स्थापित कर स्वतंत्रता के संघर्ष को नई दिशा दी। भामाशाह का योगदान केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं था। वे एक उत्कृष्ट वित्त विशेषज्ञ और कुशल प्रशासक भी थे। उन्हें भली-भाँति ज्ञात था कि किसी भी राज्य की स्थायी शक्ति उसकी सुव्यवस्थित अर्थव्यवस्था में निहित होती है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि राष्ट्र की रक्षा केवल रणभूमि में नहीं, बल्कि सुदृढ़ आर्थिक व्यवस्था और सामाजिक सहयोग से भी होती है। महाराणा प्रताप और भामाशाह का संबंध केवल शासक और मंत्री का नहीं, बल्कि विश्वास, निष्ठा और राष्ट्रधर्म का संबंध था। एक ने तलवार से स्वाभिमान की रक्षा की, तो दूसरे ने अपने धन से उस संघर्ष को निरंतर शक्ति प्रदान की। भारतीय इतिहास में ऐसे उदाहरण अत्यंत विरले हैं, जहाँ शौर्य और त्याग का इतना अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। भारतीय व्यापारी समाज में भामाशाह का स्थान अत्यंत सम्माननीय है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि व्यापार केवल लाभ अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का भी साधन है। भारतीय परंपरा में व्यापारी वर्ग ने सदैव धर्मशालाओं, विद्यालयों, गौशालाओं, अन्नक्षेत्रों और लोककल्याणकारी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। भामाशाह ने इस परंपरा को राष्ट्ररक्षा के सर्वोच्च आदर्श तक पहुँचाया। आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है, तब भामाशाह का जीवन पहले से अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। उद्योगपतियों, व्यापारियों और आर्थिक रूप से सक्षम नागरिकों के लिए उनका जीवन यह संदेश देता है कि व्यक्तिगत समृद्धि तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज और राष्ट्र को भी मिले। शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्थान में उदार योगदान ही भामाशाह की परंपरा का वास्तविक अनुसरण है। युवा पीढ़ी के लिए भी भामाशाह का जीवन एक अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने सिखाया कि महानता केवल धन अर्जित करने में नहीं, बल्कि उस धन के सदुपयोग में है। इतिहास ने उन लोगों को अमर बनाया है जिन्होंने अपनी संपत्ति, प्रतिभा और जीवन को लोकमंगल और राष्ट्रहित में समर्पित किया। भामाशाह जयंती केवल एक महापुरुष का स्मरण नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर भी है। यह हमें प्रेरित करती है कि हम अपनी सामर्थ्य के अनुसार समाज, राष्ट्र और मानवता के लिए योगदान दें। राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता है कि भामाशाह को केवल दानवीर के रूप में नहीं, बल्कि आर्थिक राष्ट्रवाद, सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्रसमर्पण के आदर्श पुरुष के रूप में स्मरण किया जाए। उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि धन का सर्वोच्च धर्म राष्ट्रधर्म है, संपत्ति की सबसे बड़ी सार्थकता लोकमंगल है और मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि अपने जीवन को समाज एवं मातृभूमि के लिए समर्पित कर देना है। यही उनकी अमर विरासत है और यही प्रत्येक भारतीय के लिए उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको लोगों की मदद मिलती रहेगी, जिससे आप काफी राहत महसूस करेंगे। परिवार के साथ आज आप हंसी खुशी पल बिताएंगे। इस राशि के विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। शुभ अंक - 4

**वृष राशिः** वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा, साथ ही आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। कारोबार में कुछ नए लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। करियर में आगे बढ़ने के आज आपके सामने नए अवसर आएंगे। पूर्व निर्धारित कुछ जरूरी काम आज पूरे होंगे। शुभ अंक - 1

**मिथुन राशिः** मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। किसी भी काम को करने से पहले बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। बच्चे पढ़ाई के प्रति कुछ कम रुचि लेंगे इसलिए उन्हें पढ़ाई-लिखाई में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बिजनेस में विरोधियों से आपको बचकर रहना चाहिए। कृषक वर्ग को आज बढ़िया धनलाभ होगा। शुभ अंक - 7

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। आज आप बढ़ते खर्च को कम करने के लिए नया प्लान बनायेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी काम को पूरा करने में कुछ समय लग सकता है। रिश्तों में सुधार लाने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आज अच्छी खबर मिलेगी। शुभ अंक - 9

**सिंह राशिः** सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। व्यक्तित्व में निखार आयेगा। आज घर पर अचानक मेहमानों का आगमन होगा। आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों की तरफ रहेगा। कार्यों में जीवनसाथी के सहयोग से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आप अपनी दिनचर्या में कुछ जरूरी बदलाव लायेंगे। शुभ अंक - 8

**कन्या राशिः** कन्या राशि वालों आज कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होगा। स्टेशनरी के काम से जुड़े लोगों को आज बढ़िया मुनाफा होगा। शैक्षणिक कार्यों में आपका मन लगेगा और समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। घरेलू काम को निपटाने में आप सफल रहेंगे। आज कार्य योजनाएं समय से पूरी हो जायेंगी। शुभ अंक - 4

**तुला राशिः** तुला राशि वालों आज आपका दिन आपके लिए राहत पूर्ण रहने वाला है। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि के कम्प्यूटर शॉप वालों के लिये दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको किसी बड़ी कंपनी से अच्छा ऑर्डर मिल सकता है। छात्रों को अपनी किसी प्रतिभा के लिए पुरस्कार मिल सकता है। पड़ोसी आपके शुभ कामों में आपकी मदद करेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। शुभ अंक - 8

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों से आपको सहयोग मिलेगा। आज आपकी किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। आज आप व्यापार को बढ़ाने के लिए जरूरी फैसला लेंगे, जिसका फायदा आने वाले समय में आपको अवश्य मिलेगा। रोजमर्रा के काम समय पर पूरे होंगे। शुभ अंक - 3

**धनु राशिः** धनु राशि वालों आज आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आज की जाने वाली व्यापारिक यात्रा से अधिक लाभ होगा। परिवार में सभी सदस्यों के साथ आपसी सामंजस्य बना रहेगा। ऑफिस में काम को पूरा करने में पूरी तरह से आप सक्षम होंगे। इस राशि के बिजनेस और कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत बढ़िया रहेगा, करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। शुभ अंक - 6

**मकर राशिः** मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। आज आप घर के लिए कुछ नया सामान खरीदेंगे। आज शाम आप ऑफिस के गेट-टूगेदर में जा सकते है, जहां आप कुछ नया सीखेंगे जिससे जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे। आज नया वाहन लेने के योग बन रहे हैं। साथ ही आज आप कुछ नए कार्य शुरू करने का मन बनायेंगे। शुभ अंक - 8

**कुंभ राशिः** कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। आज जीवनसाथी आपकी तारीफ करेंगे, इससे आपके रिश्ते में और मधुरता आएगी। आज आपके धन-संपत्ति में वृद्धि होगी। शुभ अंक - 6

**मीन राशिः** मीन राशि वालों आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। करियर में आपको सफलता मिलेगी। आज आपको अपने काम को टालने से बचना चाहिए। समय से काम पूरा कर लेना बेहतर रहेगा। आज शाम को किसी पारिवारिक समारोह में जाने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर बनेंगे। आज सीनियर्स आपके काम से खुश होंगे। आज आपको सेहत के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। शुभ अंक - 2

# चैटजीपीटी योग्य शिक्षक के बराबर नहीं हो सकता है



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

तकनीक के तेजी से बदलते दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) मानव जीवन के लगभग हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। शिक्षा भी इससे अछूती नहीं है। आज लाखों विद्यार्थी पढ़ाई, शोध, असाइनमेंट और परीक्षा की तैयारी के लिए चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का उपयोग कर रहे हैं। कई लोग यह तक मानने लगे हैं कि आने वाले समय में एआई पारंपरिक शिक्षण प्रणाली का स्थान ले सकता है। लेकिन हाल ही में मद्रास हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया कि चैटजीपीटी या अन्य एआई टूल कभी भी एक योग्य शिक्षक के बराबर नहीं हो सकते। यह टिप्पणी केवल एक कानूनी विवाद का हिस्सा नहीं है, बल्कि आधुनिक शिक्षा, नैतिक मूल्यों और तकनीक की सीमाओं पर गहन विचार करने का अवसर भी प्रदान करती है। मद्रास हाईकोर्ट के समक्ष तीन कानून के छात्रों का मामला आया था। इन छात्रों की उपस्थिति निर्धारित सीमा से कम थी, जिसके कारण कॉलेज प्रशासन ने उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी। छात्रों ने इस निर्णय को चुनौती देते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया। प्रारंभिक सुनवाई में एकल पीठ ने छात्रों को राहत प्रदान की थी। हालांकि बाद में दो न्यायाधीशों वाली खंडपीठ ने इस आदेश को रद्द कर दिया और कॉलेज प्रशासन के निर्णय को सही ठहराया। अदालत ने कहा कि उपस्थिति संबंधी नियमों का पालन सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है और इसमें विशेष छूट देना उचित नहीं होगा। इसी दौरान अदालत ने शिक्षा और एआई की भूमिका पर महत्वपूर्ण टिप्पणियां भी की, जो देशभर में चर्चा का विषय बन गई हैं। मद्रास हाईकोर्ट ने कहा कि नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहने का उद्देश्य केवल किताबों का ज्ञान प्राप्त करना नहीं होता है। विद्यालय और महाविद्यालय विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के केंद्र होते हैं। यहां छात्र अनुशासन, समय प्रबंधन, संवाद कौशल, सामाजिक व्यवहार और पेशेवर मूल्यों को भी सीखते हैं। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भले ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य में मानव बुद्धि के स्तर तक पहुंच जाए, लेकिन वह छात्रों को ईमानदारी, नैतिकता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसी मानवीय विशेषताएं नहीं सिखा सकती। न्यायालय के अनुसार शिक्षा केवल सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि एक व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक और पेशेवर बनाने की यात्रा भी है। आज इंटरनेट पर लगभग हर प्रकार की जानकारी उपलब्ध है। कोई भी छात्र कुछ सेकंड में किसी भी विषय पर सामग्री प्राप्त कर सकता है। लेकिन जानकारी और शिक्षा दोनों अलग-अलग चीजे हैं। जानकारी तथ्यों का संग्रह हो सकती है, जबकि शिक्षा उन तथ्यों को समझने, उनका विश्लेषण करने और उन्हें जीवन में सही ढंग से लागू करने की क्षमता विकसित करती है। एक शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक नहीं पढ़ाता। वह विद्यार्थियों को जीवन के अनुभव, व्यवहारिक ज्ञान और नैतिक दृष्टिकोण भी प्रदान करता है। कक्षा में होने वाली चर्चाएं, सवाल-जवाब, बहस और सामूहिक गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। चैटजीपीटी किसी प्रश्न का उत्तर दे सकता है, लेकिन वह विद्यार्थी के चरित्र निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता है। एआई की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल सूचना क्षमता है। वह लाखों दस्तावेजों का विश्लेषण कर सकता है और कुछ सेकंड में उत्तर प्रस्तुत कर सकता है। लेकिन इसके बावजूद उसमें कुछ मूलभूत सीमाएं हैं। एक शिक्षक विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति, उनकी परेशानियों और उनकी सीखने की गति को समझ सकता है। वह जरूरत पड़ने पर उन्हें प्रेरित भी कर सकता है। एआई के पास भावनाएं नहीं होती है। वह केवल उपलब्ध आंकड़ों और एल्गोरिद्म के आधार पर प्रतिक्रिया देता है। जीवन में कई ऐसे निर्णय आते हैं जहां केवल तथ्य पर्याप्त नहीं होते। वहां नैतिकता और विवेक की आवश्यकता होती है। एक अनुभवी शिक्षक विद्यार्थियों को सही और गलत के बीच अंतर समझा सकता है। एआई इस भूमिका को पूरी तरह नहीं निभा सकता है। विद्यालय और कॉलेज विद्यार्थियों को समाज में रहना सिखाते हैं। टीमवर्क, नेतृत्व, संवाद और सहयोग जैसे गुण कक्षा और परिसर के वातावरण में विकसित होते हैं। ऑनलाइन चैटबॉट इन अनुभवों का विकल्प नहीं बन सकते। यह मामला कानून के छात्रों से जुड़ा था। कानूनी शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं माना जाता। एक कानून विद्यार्थी को संविधान, न्याय, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की गहरी समझ विकसित करनी होती है। अदालत ने भी इसी बात पर जोर दिया कि कानून की पढ़ाई केवल पैसा कमाने का माध्यम नहीं है। वकील, न्यायाधीश और कानूनी विशेषज्ञ समाज में न्याय व्यवस्था के स्तंभ होते हैं। इसलिए उनके प्रशिक्षण में नियमित उपस्थिति और प्रत्यक्ष शिक्षण की विशेष भूमिका होती है। कक्षा में होने वाली बहसें, केस स्टडी, मूट कोर्ट और शिक्षक-विद्यार्थी संवाद कानून शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अदालत ने कहा कि यदि कुछ छात्रों को विशेष छूट दी जाती है, तो यह उन छात्रों के साथ अन्याय होगा। जिन्होंने पूरे वर्ष नियमों का पालन किया और नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहे। शिक्षा संस्थानों के नियम सभी के लिए समान होते हैं। यदि बार-बार अपवाद बनाए जाएंगे, तो अनुशासन की पूरी व्यवस्था कमजोर पड़ जाएगी। न्यायालय ने माना कि नियमों का उद्देश्य छात्रों को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें जिम्मेदार बनाना है। इसलिए केवल सहानुभूति के आधार पर नियमों को दरकिनार नहीं किया जा सकता। पिछले कुछ वर्षों में एआई आधारित तकनीकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। छात्र निबंध लिखने, परियोजनाएं तैयार करने, शोध सामग्री खोजने और कठिन विषयों को समझने के लिए चैटजीपीटी जैसे टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई शिक्षण संस्थान भी एआई आधारित प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं। इसके अनेक फायदे हैं- त्वरित जानकारी उपलब्ध होती है। व्यक्तिगत सीखने की सुविधा मिलती है। भाषा संबंधी कठिनाइयों को दूर करने में मदद मिलती है। शोध कार्य में समय की बचत होती है। लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। विद्यार्थी स्वयं सोचने की क्षमता कम विकसित कर सकते हैं। नकल और अकादमिक ईमानदारी पर खतरा बढ़ सकता है। आलोचनात्मक चिंतन प्रभावित हो सकता है। गलत या अधूरी जानकारी मिलने की संभावना रहती है। यह प्रश्न आज दुनिया भर में चर्चा का विषय है। अधिकांश विशेषज्ञ मानते हैं कि एआई शिक्षकों की सहायता कर सकता है, लेकिन उनका पूर्ण विकल्प नहीं बन सकता है। भविष्य में संभव है कि एआई छात्रों को व्यक्तिगत अध्ययन योजनाएं उपलब्ध कराए, उनकी कमजोरियों का विश्लेषण करे और तत्काल सहायता प्रदान करे। लेकिन एक शिक्षक की मानवीय समझ, अनुभव और प्रेरणादायक भूमिका को प्रतिस्थापित करना अत्यंत कठिन है। दरअसल शिक्षा एक मानवीय प्रक्रिया है, जिसमें ज्ञान के साथ भावनाएं, संबंध और मूल्य भी जुड़े होते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया भर में ऑनलाइन शिक्षा का व्यापक प्रयोग हुआ। उस समय ऐसा लगा कि डिजिटल माध्यम पारंपरिक कक्षाओं का विकल्प बन सकते हैं। लेकिन महामारी समाप्त होने के बाद अधिकांश देशों ने फिर से ऑफलाइन शिक्षा पर जोर दिया। कारण स्पष्ट था। ऑनलाइन माध्यम जानकारी दे सकता है, लेकिन विद्यालय और महाविद्यालय के सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण की भरपाई नहीं कर सकता। विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों ने महसूस किया कि प्रत्यक्ष संवाद की अपनी अलग महत्ता है। मद्रास हाईकोर्ट की टिप्पणी का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि शिक्षा को केवल नौकरी या आय अर्जित करने के साधन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य ऐसे नागरिक तैयार करना है जो समाज, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जिम्मेदार हो। यदि शिक्षा केवल जानकारी प्राप्त करने तक सीमित रह जाए, तो उसका व्यापक सामाजिक उद्देश्य कमजोर पड़ जाएगा। यही कारण है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में उपस्थिति, अनुशासन और सहभागिता को महत्वपूर्ण माना जाता है। मद्रास हाईकोर्ट का यह फैसला केवल तीन छात्रों की उपस्थिति का मामला नहीं है, बल्कि आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के सामने खड़े एक बड़े प्रश्न का उत्तर भी है। अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, वह शिक्षक की भूमिका को पूरी तरह प्रतिस्थापित नहीं कर सकती। चैटजीपीटी और अन्य एआई टूल्स शिक्षा के क्षेत्र में उपयोगी सहायक सिद्ध हो सकते हैं। वे सीखने की प्रक्रिया को आसान और अधिक सुलभ बना सकते हैं। लेकिन चरित्र निर्माण, नैतिक शिक्षा, अनुशासन, सामाजिक कौशल और मानवीय मूल्यों का विकास आज भी शिक्षक और शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से ही संभव है। मद्रास हाईकोर्ट का यह निर्णय याद दिलाता है कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि व्यक्ति और समाज दोनों के निर्माण का आधार है। तकनीक इस यात्रा को बेहतर बना सकती है, लेकिन उसका नेतृत्व अभी भी एक संवेदनशील, अनुभवी और योग्य शिक्षक के हाथों में ही रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा व्यवस्था पर भाजपा का हेमंत सरकार पर हमला, 50 हजार शिक्षक पद भरने की मांग

**रांची।**भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज़ ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था को लेकर हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार बच्चों के शिक्षा के अधिकार की अनदेखी कर रही है और सरकारी स्कूलों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। राफिया नाज़ ने कहा कि राज्य के हजारों विद्यालय एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि 50 हजार से अधिक शिक्षक पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में कहीं बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं, तो कहीं समय पर स्कूल ड्रेस और छात्रवृत्ति नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे प्रशासनिक कार्यों में लगाए जाने से पहले से शिक्षक विहीन विद्यालयों में पढ़ाई और प्रभावित होगी। इसके लिए राज्य सरकार की नियुक्ति प्रक्रिया में लापरवाही जिम्मेदार है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार ने हर वर्ष पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन न तो शिक्षकों की नियुक्ति हुई और न ही युवाओं को रोजगार अथवा बेरोजगारी भत्ता मिल सका। उन्होंने कहा कि राज्य के कई विद्यालय अब भी कक्षाओं, फर्नीचर, शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। राफिया नाज़ ने सरकार से 50 हजार रिक्त शिक्षक पदों पर तत्काल नियमित नियुक्ति करने, लंबित छात्रवृत्तियों का भुगतान करने तथा विद्यार्थियों को समय पर ड्रेस, पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड के बच्चों को बहाने नहीं, शिक्षक चाहिए और युवाओं को भाषण नहीं, रोजगार चाहिए।

### इटखोरी के परोका गांव में जमीनी विवाद ने लिया हिंसक रूप, एक ही परिवार के कई लोग घायल

**इटखोरी (चतरा)।**इटखोरी प्रखंड के परोका गांव में शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रंजित राणा के परिवार पर कथित तौर पर हमला किया गया, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, इटखोरी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है तथा विवाद के कारणों की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस निगरानी बनाए हुए है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### पदमा में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**पदमा (हजारीबाग)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पदमा प्रखंड में पोलियो उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पदमा पंचायत के मुखिया अनिल मेहता ने अशोक नामक बच्चे को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर मुखिया अनिल मेहता ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वे जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को हर बार पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए और सभी परिवार स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। इसके लिए स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे, ताकि क्षेत्र का कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक अभियान से छूट न जाए।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनबाड़ी कर्मी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सभी लोगों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा अवश्य पिलाकर अभियान को सफल बनाएं

### फर्जीवाड़ा के सहारे शिक्षा का व्यवसाय सभ्य समाज के लिये बेहद घातक

**टंडवा (चतरा)।** शैक्षणिक संस्था जहां नैतिक मूल्यों की नींव रखी जाती है वहां का सामान्य अपराध भी सभ्य समाज में काफी गहरा प्रभाव डालता है।लगभग 10 दिन पूर्व हम सबने डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी टंडवा के कथित धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े से जुड़े सनसनीखेज भ्रष्टाचार का पर्दाफाश किया था। स्कूल प्रबंधन द्वारा अपनाये गये कड़ियों को हर संभव खोलकर आमजनों के बीच साक्ष्य सहित रखे थे। जिससे मामला उजागर होने हीं स्कूल प्रबंधन ने आनन - फानन में डीएवी पब्लिक स्कूल एंग्रेस 11नामक व्हाट्सएप्प समूह से दनादन जिस तरह लगभग चार दर्जन से अधिक लोगों को हटाये हैं ये हरकत उनके द्वारा फर्जीवाड़े के साक्ष्यों को मिटाने का आपराधिक प्रयास माना जा सकता है जो उन्होंने आमलोगों को गुमराह करने के लिये उपयोग किये थे। चर्चा है कि इस सिंडिकेट में संलिप्त कुछ लोगों का मंसूबा काफी बड़ा था जिसके लिये बकायदा भ्रामक विज्ञापन तक जारी कर किये थे। हालांकि ,सजग मीडिया समूह ने समय रहते इस मामले के तह तक जाकर सिंडिकेट के लोगों का मंसूबा पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया। आपको भी पता है साइबर अपराध और इससे जुड़े अपराधियों का दायरा कितना बड़ा होता है, इसके चपेट में आपने बड़े- बड़े प्रभावशाली लोगों को भी आते देखा होगा। बहरहाल, इतने दिन बीतने जाने के बाद भी संबंधित डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े के जरिए नामांकन, रजिस्ट्रेशन, ट्यूशन, वार्षिक व अन्य शुल्क जोड़कर लिये गये 23,385 रुपये भुक्तभोगी को अब तक नहीं लौटाये हैं। एक तो अवांछित तरीके संग्रहण दूसरा बिना सेवा दिये हीं शुल्क का जब्त करना तमाम व्यवस्था पर कइ सवाल खड़े करते हैं।उक्त मामले में एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई भी कोई कार्रवाई या आधिकारिक बयान जारी नहीं की गई है।

### राहुल बने रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष, मतदान से हुआ चुनाव संपन्न

**हजारीबाग।** जिला रविदास महासभा पुनर्गठन समिति की देखरेख में रविवार को हजारीबाग के पैराडाइज रिसोर्ट में कटकमदाग प्रखंड इकाई के अध्यक्ष पद का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया जिला परिषद अध्यक्ष सह कोर कमेटी अध्यक्ष जितन राम की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कटकमदाग प्रखंड की 11 पंचायतों के सदस्यों ने बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया। अध्यक्ष पद के मुकाबले में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान में सरयू रविदास को 13 मत, मुरली चंद दास को 44 मत और राहुल मेहरा को सर्वाधिक 53 मत प्राप्त हुए। अधिकतम वोट पाकर राहुल मेहरा विजयी घोषित हुए और उन्हें कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। समिति ने स्पष्ट किया कि जिन प्रखंडों में चुनाव लंबित हैं, वहाँ भी इसी तरह लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव कराए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर दास ने किया। मौके पर जिला प्रभारी संयोजक प्रो. डॉ. भागवत राम ने समाज से जागरूक होने और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि महासभा का मुख्य उद्देश्य समाज की समस्याओं को संवैधानिक तरीके से प्रशासन के समक्ष उठाना है। इस अवसर पर दिलीप राम, मनोज राम, पूर्व मुखिया कामेश्वर राम, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग व महिला-पुरुष सदस्य मौजूद रहे।

# माँ भद्रकाली मंदिर में न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने परिवार संग की पूजा-अर्चना

नई सोच एक्सप्रेस



**इटखोरी (चतरा)।** झारखंड हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने अपनी पुत्री एवं परिवार के साथ शनिवार को प्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य एवं देश की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में उनके आगमन पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी ने माँ भद्रकाली के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर परिसर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर, 1008 सहस्त्र शिवलिंग तथा कोटेश्वर नाथ राम-जानकी मंदिर में भी दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर परिसर की धार्मिक एवं आध्यात्मिक गरिमा की सराहना करते हुए इसे आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बताया। न्यायमूर्ति के साथ चतरा न्यायालय से एसीजेएम मनोज कुमार राम भी उपस्थित रहे। वहीं प्रशासन की ओर से चतरा मुख्यालय डीएसपी सुनील कुमार सिंह, एसडीएम जहूर आलम, इटखोरी अंचलाधिकारी सविता सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, न्यायालय के नाजिर गंगाधर जय, न्यायालय कर्मी रवि शेखर सिंह सहित मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। पूजा-अर्चना के उपरांत डीएसपी सुनील कुमार सिंह, अंचलाधिकारी सविता सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा ने संयुक्त रूप से न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी को माँ भद्रकाली मंदिर का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी उन्हें अंगवस्त्र एवं प्रसाद प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच प्रशासन ने सुचारु व्यवस्था बनाए रखी। न्यायमूर्ति के आगमन से मंदिर परिसर में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भी इस अवसर को अपने लिए गौरवपूर्ण बताते हुए माँ भद्रकाली के दर्शन किए। माँ भद्रकाली मंदिर झारखंड के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है, जहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी का यह आध्यात्मिक दौरा श्रद्धा, आस्था और धार्मिक परंपरा का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।

## दिव्यांगजनों के अधिकारों पर जागरूकता शिविर आयोजित, अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक




नई सोच एक्सप्रेस

**गिद्धौर (चतरा)।**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के सचिव के निर्देशानुसार रविवार को प्रखंड गिद्धौर की गिद्धौर पंचायत में अधिकार मित्र सुरेश प्रसाद राणा के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के अधिकारों पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को दिव्यांगजनों के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि दिव्यांगता को केवल सहानुभूति या चिकित्सा के नजरिए से नहीं, बल्कि अधिकारों के दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (RPwD Act) के तहत 21 प्रकार की दिव्यांगताओं को मान्यता दी गई है तथा दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार और समाज में समान अवसर का अधिकार प्राप्त है। वक्ताओं ने कहा कि यह किसी प्रकार की दया नहीं, बल्कि उनका कानूनी हक है। कार्यक्रम में दिव्यांग पेंशन योजना सहित अन्य सरकारी सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है। अंत में ग्रामीणों से दिव्यांगजनों के अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उन्हें सम्मानजनक एवं सुगम जीवन दिलाने में सहयोग करने की अपील की गई।

# मोदी सरकार ने 12 वर्षों में विकास की नई गाथा लिखी : आदित्य साहू

नई सोच एक्सप्रेस



**मेदिनीनगर।**भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में देश में विकास की नई गाथा लिखी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। पलामू में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड को विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई, लेकिन राज्य सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नल-जल योजना समेत विभिन्न योजनाओं में व्यापक अनियमितता और भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड सरकार अपने छह वर्षों के कार्यकाल में एक भी उल्लेखनीय कार्य नहीं कर पाई है। उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था, अवैध खनन, बालू संकट, भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में हर स्तर पर वसूली का माहौल है और आम जनता परेशान है। प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, मनोज सिंह, सांसद बीडी राम, विधायक शशिभूषण मेहता, शशिभूषण भगत, मेयर अरुणा शंकर, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी सहित अन्य नेता उपस्थित

# अवैध कफ सिरप , टैबलेट के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी मोबाइल जब्त

नई सोच एक्सप्रेस



**कटकमसांडी (हजारीबाग)।** पेलावल ओ०पी० पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आंगनबाड़ी के पास से अवैध कफ सिरप और टैबलेट की खरीद-बिक्री करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान इश्तेयाक (35 वर्ष), पिता- मो० असलम, निवासी- बानी टोला, थाना- पेलावल ओ०पी०, जिला- हजारीबाग के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 27 जून 2026 को गश्ती के दौरान शाहीनबाग आंगनबाड़ी के पास पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे। पुलिस बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए भाग रहे एक व्यक्ति को चार चक्का वाली 'जुपिटर स्कूटी क्लासिक' (रजिस्ट्रेशन नं०- JH02BA-5055) के साथ पकड़ लिया। स्कूटी की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली सामग्रियां बरामद हुईं। **बरामद सामग्रियों का विवरणः** ONEREX कफ सिरप (100 ml) — कुल 40 पीस नशीली टैबलेट — 60 पीस (8 पत्ता) जुपिटर स्कूटी क्लासिक (चार चक्का वाली) एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन इस संबंध में कटकमसांडी (पेलावल ओ०पी०) थाना में कांड संख्या- 101/26 दर्ज कर Drugs & Cosmetics act 1940 की धारा 18 (c) / 27(b)(ii) तथा NDPS act की धारा 8(C)/22(b) के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। इस छापामारी टीम में स०अ०नि० रविन्द्र कुमार, आरक्षी 1607 रमजान अंसारी और चालक ह० मो० सलीम अंसारी शामिल थे।

# रांची में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 61 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।**सदर अस्पताल, रांची से रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ महापौर श्रीमती रोशनी खलखो ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया। इस अवसर पर विधायक सी.पी. सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. विजय किशोर रजक सहित कई स्वास्थ्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि भारत पिछले 14 वर्षों से पोलियो मुक्त है, लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अब भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण बेहद जरूरी है। महापौर श्रीमती रोशनी खलखो ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए हर बच्चे तक टीकाकरण पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण की सराहना करते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। विधायक सी.पी. सिंह ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों के अथक प्रयासों से देश पोलियो मुक्त बना है। उन्होंने सदर अस्पताल की बेहतर होती स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए इसे और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि झारखंड में इस वर्ष लगभग 61 लाख बच्चों को 24,507 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। 28 जून को बूथ दिवस मनाया जा रहा है, जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगे। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी विशेष टीमें तैनात की गई हैं। राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ. विजय किशोर रजक ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए लगातार सतर्कता और नियमित टीकाकरण आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। 28 से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत सभी अभिभावकों से 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने की अपील की गई है।

# झारखंड भाजपा नेताओं ने बूथों पर सुनी 'मन की बात'

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण को रविवार को झारखंड भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राज्यभर के विभिन्न बूथों और मंडलों में सामूहिक रूप से सुना। हरमू स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय सहित कई स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने पलामू जिले के पोलपोल मंडल स्थित बूथ संख्या-314 पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नालंदा की गौरवशाली ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए भारत की ज्ञान, शोध और वैश्विक बौद्धिक नेतृत्व की विरासत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नालंदा की विरासत देश को पुनः विश्व का ज्ञान केंद्र बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करती है। इस मौके पर सांसद बी.डी. राम, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह, बूथ अध्यक्ष सुशील सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सदर पश्चिम मंडल अंतर्गत टेकराहातु गांव के बूथ संख्या-42 पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व मंत्री बड़कुवर गगराई, स्थानीय भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। वहीं भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने देवघर नगर मंडल के बूथ संख्या-245 पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

## अमित कुमार सिन्हा का निधन, बेटियां ने दी मुखाग्नि

नई सोच एक्सप्रेस



**चौपारण (हजारीबाग)।** झारखंड प्रहरी के संवाददाता मनीष सिन्हा के जीजा का अकास्मिक निधन। झुमरी तिलैया के विद्यापुरी निवासी अमित कुमार सिन्हा के निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही परिजन, रिश्तेदार, मित्र और शुभचिंतक उनके आवास पर जुटने लगे, और चारों तरफ मातम का छाया हुआ है। वे विद्यापुरी निवासी चंद्रभानु प्रसाद के पुत्र तथा चौपारण के पत्रकार मनीष सिन्हा के बहनोई थे। उनके निधन से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पूरे वैदिक रीति-रिवाज और धार्मिक विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। इस दौरान उनकी दोनों बेटियां ने समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने पिता को मुखाग्नि दी।अंतिम संस्कार के समय घाट पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। बेटियों ने पूरे साहस और आत्मबल के साथ अपने पिता के प्रति अंतिम कर्तव्य का निर्वहन किया।उपस्थित लोगों ने इसे बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियों की जिम्मेदारी और समान अधिकार का सशक्त संदेश बताया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार, मित्र, पड़ोसी एवं विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। बताया जाता है कि अमित कुमार सिन्हा अपने व्यवहार, सादगी और मिलनसार स्वभाव के कारण समाज में सम्मानित थे। वे अपने पीछे पत्नी, दोनों बेटियां सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं।उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि उन्हें जानने वाले लोगों में भी गहरा शोक व्याप्त है। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल पूरी तरह गमगीन रहा और हर किसी की जुबान पर दिवंगत के व्यक्तित्व और उनके व्यवहार की चर्चा होती रही। परिवार ने सभी शुभचिंतकों के प्रति संवेदना और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# मांडू के विस्थापित आदिवासियों ने सांसद से किया संवाद; पुनर्वास रोजगार पर हुई चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।**मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब दर्जनभर विस्थापित आदिवासी गांवों के प्रतिनिधियों ने रविवार को हजारीबाग सांसद सेवा कार्यालय में सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात की। घाटो मंडल सांसद प्रतिनिधि शंकर करमाली के नेतृत्व में आए ग्रामीणों ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखा। विस्थापित आदिवासी परिवारों के पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था। गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली, नाली, सामुदायिक भवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ करना। स्थानीय युवाओं को उद्योगों और सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर स्थाई रोजगार उपलब्ध कराना। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने आश्वासन दिया कि उनकी हर जायज मांग को पूरा किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही वे टाटा और सीसीएल प्रबंधन के साथ प्रभावित ग्रामीणों की सीधी वार्ता कराएंगे, ताकि विस्थापन और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों का ठोस समाधान निकाला जा सके। झारखंड सरकार पर निशानाः सांसद ने वर्तमान राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आदिवासियों के उत्थान के लिए लगातार योजनाएं चला रही है, जबकि खुद को आदिवासी हितैषी बताने वाली झारखंड की गठबंधन सरकार ने यहां के आदिवासियों को केवल धोखा दिया है। बैठक के बाद सभी उपस्थित लोगों ने सांसद सेवा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी किया। इस अवसर पर लोकसभा क्षेत्र के कई प्रमुख सांसद प्रतिनिधि, भाजपा नेता और मांडू क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### झामुमो नेताओं ने केंद्रीय सचिव से की मुलाकात,बूथ कमेटियों के गठन पर हुई चर्चा



**टाटीझरिया ( हजारीबाग)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्थानीय नेताओं ने पार्टी के केंद्रीय सचिव बिनोद कुमार पांडेय से एक औपचारिक मुलाकात हजारीबाग में की। इस दौरान आगामी चुनावों और संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए बूथ कमेटियों के गठन तथा बूथ अध्यक्षों के चयन को लेकर विस्तृत चर्चा व रणनीति पर वार्ता हुई। इस मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रतिनिधि इब्राहिम अंसारी, अशोक कुमार, जितेंद्र पासवान ,रंजीत मेहता समेत अन्य कई सक्रिय कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया।

### हजारीबाग पीटीसी चौक पर चला विशेष वाहन चेकिंग अभियान,दर्जनों वाहनों का कटा चालान



**हजारीबाग** ।पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार रविवार (28 जून) को शहर के पीटीसी चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर के नेतृत्व में यातायात थाना प्रभारी, 5 पुलिस पदाधिकारियों और 10 गृह रक्षकों की विशेष टीम द्वारा चलाया गया। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटा गया। इसके तहत बिना हेलमेटः 124 वाहन **ट्रिपल लोडिंगः 27 वाहन** नो पार्किंग (ऑटो/टोटो व अन्य): 16 वाहन ,वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोगः 04 चालक,यातायात पुलिस के अनुसार, शहर की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यह विशेष चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

### टेंपू और कार में भीषण टक्कर टेंपू चालक गंभीर रूप से घायल



**इटखोरी।**थाना क्षेत्र अंतर्गत पितिज और इटखोरी के जंगल में( भुरकुंडा)भीषण सड़क हादसे में टेंपू चालक नरेश दांगी पिता स्वर्ग प्रयाग दांगी 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल है स्थानीय लोगों के अनुसार नरेश दांगी अपने घर से रोज की भांति टेंपू से मा भद्रकाली मंदिर में जूस बेचने जा रहा था वह रोज ईख का जूस मंदिर प्रांगण में बेचा करता था वह भरण पोषण करता था प्राप्त जानकारी अनुसार सुबह करीब 8 बजे वह घर से अपने टेंपू से मा भद्रकाली जा रहा था इटखोरी और पीतिज के बीच जंगल में विपरीत दिशा से आ रही कार बैलेनो कार jh 01dy1060 तेज रफ्तार से आ रही टेंपो में जोरदार टक्कर मारी टक्कर इतना भयानक थी कि दोनों गाड़ी के परखच्चे उड़ गए टेंपो चालक नरेश दांगी के दोनों पैर कट और बुरी तरह टूट गया वही कार चालक जो चतरा का बताया जा रहा था उसे भी मामूली चोट आई है।खबर लिखे जाने तक दोनों को हजारीबाग सदर अस्पताल भेजा जा चुका है।जहां दोनों का इलाज हो रहा है।

### हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के भंडारा कार्यक्रम में पहुंचे जीप प्रतिनिधि



**चौपारण(हजारीबाग )।** प्रखंड क्षेत्र के दक्ष प्रजापति नगर नावापर मानगढ़ ठुठी स्थित श्री हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में जीप प्रतिनिधि शामिल हुए।।इन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्रद्धालुओं के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जीप प्रतिनिधि ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। भंडारा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय रहा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हनुमान के जयकारों के साथ आयोजन को सफल बनाया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य जनार्दन सिंह, रंजीत सिंह,सुधीर कुमार कौशल, बच्चू कुमार राणा, राजेश कुमार, अजीत कुमार,राम प्रवेश यादव,गुलाब साव,रामचंद्र राणा, सुखदेव राणा बालेश्वर प्रजापति, विजय प्रसाद,रेखा कुमारी,मुकेश साव समेत दर्जनों लोगों उपस्थिति हुई।

### अपहरण मामले का आरोपी राहुल कुमार गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**दारू (हजारीबाग)।**दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कांड संख्या 62/26 के प्राथमिक अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार कर रविवार (28 जून) को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी राहुल कुमार पिता महेश भुइयां इचाक थाना क्षेत्र के अलोंजा कला गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ दारू थाने में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 137(2) अपहरण से संबंधित के तहत मामला दर्ज था। पुलिस मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# झामुमो जिला स्तरीय बूथ सम्मेलन केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय पहुंचे चतरा

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।**झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से चतरा जिला मुख्यालय में एक भव्य जिला स्तरीय बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सांगठनिक महाजुटान में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि विनोद पांडेय के पहुंचते ही स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें पारंपरिक तरीके से फूलों का बड़ा हार पहनाया गया और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि विनोद पांडेय, जिला अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में पार्टी के संस्थापक नेताओं और अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सम्मेलन को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने संगठन की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की रीढ़ उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। अगर हमारा बूथ अभेद्य और मजबूत होगा, तो पार्टी को कोई भी ताकत परास्त नहीं कर सकती। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर एक बूथ पर सक्रिय कमेटियों का गठन करें और नियमित बैठकें कर जनता की समस्याओं को सुनें। विनोद पांडेय ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की सभी जनकल्याणकारी और महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के भ्रामक प्रचार का जवाब हमें जनता के बीच रहकर और अपने कार्यों के दम पर देना है। इस जिला स्तरीय सम्मेलन में चतरा जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों और गांवों से आए कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पूरा सभागार पार्टी का हरा पट्टा पहने और झंडा थामे कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ था। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बेहद प्रभावी रही, जो अग्रिम पंक्तियों में बैठकर नेताओं के विचारों को सुन रही थीं। मंच से पार्टी के अन्य क्षेत्रीय और जिला स्तरीय नेताओं ने भी स्थानीय सांगठनिक मुद्दों को रखा और एकजुटता का संकल्प लिया। अंत में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस सफल और ऊर्जावान बूथ सम्मेलन का समापन हुआ।

## कोयला लदी भारी गाड़ियों से खिरगांव लेपो रोड के लोग परेशान,बड़े आंदोलन की चेतावनी



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।**शहर के खिरगांव, लेपो रोड और डॉ. जाकिर हुसैन रोड के निवासियों ने रात के समय कोयला लदी भारी गाड़ियों के अनियंत्रित परिचालन पर गंभीर चिंता और नाराजगी जताई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर रात सैकड़ों भारी गाड़ियां इस इलाके से गुजरती हैं, जिससे पूरी आबादी त्रस्त है। गाड़ियों से उड़ने वाली कोयले की धूल के कारण क्षेत्र में भारी प्रदूषण फैल रहा है, जिससे घरों पर काली परत जम रही है और बुजुर्गों-बच्चों में सांस संबंधी बीमारियां बढ़ रही हैं। साथ ही, रात में इन वाहनों की तेज रफ्तार के कारण पूर्व में कई जानलेवा हादसे भी हो चुके हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। समाजसेवी बाबर कुरैशी ने जिला प्रशासन से शहर के बीचोंबीच भारी वाहनों के प्रवेश पर तत्काल रोक लगाने और वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो क्षेत्र के हजारों लोग सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ की अनूठी पहल,बोकारो और हजारीबाग के परिवारों ने पेश की मिसाल, संस्था करेगी सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।**दहेज रूपी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के संकल्प के साथ 'दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ' ने संपूर्ण झारखंड प्रदेश में एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। संस्था ने पूरे प्रदेश के वर और वधु पक्ष से "दहेज हटाओ, बेटी बचाओ, सम्मान समाज बचाओ" के नारे के तहत इस अभियान से जुड़ने की भावुक अपील की है। इसी कड़ी में संस्था के प्रयासों से एक आदर्श और दहेज मुक्त विवाह की मिसाल सामने आई है। बोकारो और हजारीबाग जिले के दो परिवारों ने बिना किसी लेन-देन के इस विवाह को तय कर समाज के सामने एक नई राह दिखाई है। मिली जानकारी के अनुसार, वर पक्ष से ग्राम कतवारी (पोस्ट + थाना चतरो चट्टी, जिला बोकारो) निवासी श्री बुधन महतो एवं माता इतवारिया देवी के सुपुत्र श्यामलाल महतो का विवाह तय हुआ है। वहीं वधु पक्ष से ग्राम व पोस्ट सारू कुदर (थाना विष्णुगढ़, जिला हजारीबाग) निवासी श्री प्रेम महतो एवं माता नेमिया देवी की सुपुत्री बेबी कुमारी का विवाह आगामी 06 जुलाई 2026 को संपन्न होने जा रहा है। यह शादी पूरी तरह से दहेज मुक्त होगी। दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस फैसले की जमकर सराहना की है। संस्था के सदस्यों ने कहाः "इस नेक और ऐतिहासिक पहल के लिए वर-वधु और उनके माता-पिता बधाई के पात्र हैं। संस्था के पदाधिकारी शादी के इस शुभ अवसर पर वर-वधु और उनके माता-पिता को विशेष उपहार भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाएंगे।" संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज को यह संदेश देना है कि यदि लोग इसी तरह जागरूक होकर आगे आएं, तो समाज 'दहेज रूपी राक्षस' से कोसों दूर हो जाएगा और बेटियों को उनका वास्तविक सम्मान मिल सकेगा। इस अनूठी पहल की पूरे क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है और लोग दोनों परिवारों की तारीफ कर रहे हैं।

## चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः एक करोड़ रुपये मूल्य का 912 किलो डोडा बरामद, तस्कर फरार

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।**जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव में छापेमारी कर 912 किलोग्राम डोडा (पोस्ता भूसी) बरामद किया है। बरामद डोडा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। हालांकि, पुलिस की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहा। इस संबंध में रविवार को समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊ साहेब ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गांव निवासी जंगाली गंझू के घर से भारी मात्रा में डोडा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी जंगाली गंझू मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। एसडीपीओ ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद डोडा कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किन-किन क्षेत्रों में की जानी थी। इसके लिए तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में लावालौंग थाना के पुलिस अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव सहित जिला बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने इसे जिले में नशा तस्करी के खिलाफ हाल के दिनों की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक बताया है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास मादक पदार्थों की तस्करी या अवैध कारोबार की जानकारी हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# पबरा पंचायत में पासवान कल्याण समिति की पंचायत स्तरीय कमेटी का पुनर्गठित

नई सोच एक्सप्रेस



**कटकमसांडी।** प्रखंड की पबरा पंचायत अंतर्गत पबरा पंचायत भवन परिसर में पासवान कल्याण समिति की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित कर नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुरेश पासवान ने की। इस दौरान समाज को शिक्षित, संगठित और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। सुरेश पासवान को पंचायत अध्यक्ष, नंदकिशोर पासवान एवं बादल पासवान को उपाध्यक्ष, प्रयाग पासवान को सचिव तथा बिरेन्द्र पासवान को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सीटू पासवान, पवन पासवान, छात्रधारी पासवान, पप्पू पासवान, नीतीश पासवान और राजन पासवान को कार्यकारिणी सदस्य तथा लिलो पासवान को संरक्षक मंडल का सदस्य बनाया गया।इस अवसर पर पासवान कल्याण समिति हजारीबाग के जिला अध्यक्ष कुंदन पासवान ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी एकता, शिक्षा और संगठन में निहित है। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा नई पीढ़ी को जागरूक बनाने के लिए सभी लोगों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। जिला महासचिव प्रकाश पासवान ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब

**» शिक्षा सामाजिक सुधार पर दिया गया जोर**

समाज शिक्षा को प्राथमिकता दे और नशामुक्त वातावरण का निर्माण करे। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार पासवान, उपाध्यक्ष नरेश पासवान, सचिव अजय पासवान उर्फ मोहन देव, कोषाध्यक्ष बबलू पासवान, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार पासवान, शंभू पासवान, महेंद्र पासवान, अनिल पासवान सहित पबरा गांव के वरुण पासवान, विकास पासवान, गोविंद पासवान समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। बैठक का मुख्य संदेश शिक्षा, संगठन, सामाजिक एकता और नशामुक्त समाज के निर्माण के संकल्प के साथ पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने का रहा।

## हरजीवन तालाब है चतरा का ऐतिहासिक धरोहर, यहां दी गई थी जयमंगल और नादिर अली को फांसी



नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।**जिले के फांसियां तालाब गद्दारी नहीं हुई होती और चतरा का युद्ध सफल हो जाता तो संभव है भारत को 1857 में ही आजादी मिल जाती। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में 2 अक्टूबर 1857 का चतरा युद्ध एक महत्वपूर्ण अध्याय है। जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींद उड़ा दी थी। सूबेदार जयमंगल पांडे और नादिर अली खान के नेतृत्व में विद्रोही सैनिकों ने अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। चतरा में हुई भीषण लड़ाई में अंग्रेजों को कड़ी चुनौती मिली लेकिन विश्वासघात के कारण क्रांति सफल नहीं हो सकी। 4 अक्टूबर 1857 को दोनों वीर सेनानायकों को गिरफ्तार कर हरजीवन तालाब के किनारे आम के पेड़ों पर फांसी दे दी गई। तभी से यह स्थान फांसीहारी तालाब के नाम से प्रसिद्ध हो गया। आज भी चतरा-गया मार्ग पर एसबीआई बैंक के पीछे स्थित शहीद स्थल, स्मारक और शिलालेख 1857 की वीरगाथा के मौन साक्षी हैं। यह स्थान हमें याद दिलाता है कि चतरा की धरती ने देश की आजादी के लिए अपने वीर सपूतों का सर्वोच्च बलिदान दिया था। चतरा का इतिहास केवल अतीत नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, साहस और बलिदान की अमर विरासत है।

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे सरकारी स्कूल में बच्चों को पीटने वाले शिक्षक पर बैठाई जांच

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।**आरा, मोकतमा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा स्कूली बच्चों के साथ मारपीट करने, उनसे मजदूरी कराने और शिकायत करने पर नाम काटने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर यह शिकायत वायरल होते ही जिला प्रशासन तुरंत एक्शन में आ गया है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि पीड़ित बच्चों और अभिभावकों का पक्ष सुनकर तय समय सीमा के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपी जाए। यह वायरल खबर क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है, जिससे अभिभावकों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी शिक्षक अक्सर बच्चों पर रौब झाड़ता था और डराकर रखता था। शिकायत मिलने के बाद शिक्षा विभाग की एक विशेष टीम को स्कूल का दौरा करने और गवाहों के बयान दर्ज करने की जिम्मेदारी दी गई है। उपायुक्त ने साफ कहा है कि स्कूलों में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार या शारीरिक दंड किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में आरोप सच पाए जाते हैं, तो दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बच्चों का मानसिक और शारीरिक शोषण कानूनन अपराध है और इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। जिला प्रशासन ने जनता से अपील की है कि ऐसी किसी भी शिकायत को केवल सोशल मीडिया पर डालने के बजाय सीधे सक्षम अधिकारियों को दें, ताकि तुरंत सख्त कदम उठाए जा सकें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि शिकायतकर्ताओं की पहचान गुप्त रखी जाएगी और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस त्वरित कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि पीड़ित बच्चों को न्याय मिलेगा।

## सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियानः 70वें जत्थे में चौपारण के 65 बुजुर्ग श्रद्धालु रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



**चौपारण (हजारीबाग) ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के लिए संचालित ऐतिहासिक 'सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान' का 70वाँ जत्था शनिवार को बरही विधानसभा के चौपारण पूर्वी मंडल (बेलाही पंचायत) से पूरी आस्था के साथ रवाना हुआ। आगामी 29 जून को इस महाअभियान का एक वर्ष पूरा होने जा रहा है, जिसके तहत अब तक 69 जत्थे उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। बेलाही पंचायत के मध्य विद्यालय (बरवाडीह) में आयोजित भव्य विदाई समारोह में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बुजुर्गों के पाँव पखार कर और पुष्पवर्षा कर उन्हें विदा किया। सभी 65 श्रद्धालुओं को पहचान पत्र और यात्रा बैग भेंट किए गए। इसके बाद मुख्य अतिथियों व स्थानीय लोगों ने बेलाही शिवालय तक पदयात्रा की, जहाँ से बस को हरी झंडी दिखाई गई। सांसद मनीष जायसवाल ने यात्रियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बना है, श्रद्धालु वहाँ सनातनियों के त्याग और बलिदान को अवश्य स्मरण करें। विधायक मनोज कुमार यादव ने इस पुनीत कार्य के लिए सांसद की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान में एक अनुकरणीय पहल बताया। इस भावुक क्षण पर सांसद प्रतिनिधि अजय साव, मुकुन्द साव, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया मंटू सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर उनके मंगलमय सफर की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### डांस फीट एकेडमी का स्टेज शो संपन्न, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**नई दिल्ली**। डांस फीट एकेडमी द्वारा मुक्ताधारा ऑडिटोरियम, गोल मार्केट में 'सपनों पर होंगे कदम' डांस स्टेज शो का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आयोजक एवं कोरियोग्राफर रवि राजपूत ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को अपनी नृत्य प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम में अभिनेता जुनैद हुसैन खान, मॉडल गरिमा, ईशा सक्सेना, माही ठाकुर सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। समारोह के अंत में अतिथियों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

### रहस्यमयी थ्रिलर फिल्म 'त्रिकूटा' की घोषणा, जम्मू-कश्मीर में होगी शूटिंग




**मुंबई**। रिल व्हिल फिल्म प्रोडक्शन ने अपनी आगामी हिंदी फीचर फिल्म 'त्रिकूटा' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। त्रिकूटा पहाड़ियों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म रहस्य, आस्था और सस्पेंस से भरपूर थ्रिलर होगी। इसकी शूटिंग इस वर्ष के अंत में जम्मू-कश्मीर की वास्तविक लोकेशनों पर शुरू होगी। निर्देशक आलोक श्रीवास्तव के निर्देशन में बन रही फिल्म में आयुष गर्ग, प्रिया पिल्लई, ऐश्वर्य, राजकुमार कनौजिया और जय प्रकाश ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। निर्माताओं के अनुसार, कलाकारों के लुक और पोस्टर अगले महीने जारी किए जाएंगे। फिल्म की कहानी एक शहरी युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो त्रिकूटा क्षेत्र में छिपे अलौकिक रहस्यों की जांच के दौरान रोमांचक घटनाओं का सामना करता है। निर्देशक आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि 'त्रिकूटा' आध्यात्मिक विरासत और आधुनिक थ्रिलर का अनूठा संगम होगी, जो दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव देगी।

### खगौल नगर परिषद अध्यक्ष के घर के बाहर से स्कॉर्पियो चोरी



**पटना**। खगौल नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार के खगौल स्थित आवास के बाहर खड़ी एक स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी हो गई। चोरी गई गाड़ी का नंबर BR01 JQ 8619 है। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया कि स्कॉर्पियो उनके बहनोई शंभूनाथ राय के नाम पर पंजीकृत है। घटना की सूचना मिलते ही खगौल थाना अध्यक्ष रंजन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि वाहन चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। घटना के बाद क्षेत्र में वाहन सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में प्लस पोलियो की दवा पिलाई गई



**गिद्धौर (चतरा)**।प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गिद्धौर में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, सतेंद्र दांगी स्वास्थ्य विभाग की कर्मी रंजू देवी एवं अन्य अतिथियों ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी छोटे बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस गंभीर बीमारी से प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना है। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने अभियान के दौरान लोगों को पोलियो उन्मूलन के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि "पोलियो को जड़ से मिटाना है, पोलियो मुक्त भारत बनाना है।" उन्होंने बताया कि रविवार से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत यदि कोई बच्चा बूथ पर दवा पीने से वंचित रह जाता है तो स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर उसे पोलियो की दो बूंद दवा पिलाएगी। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मी बीरेंद्र दांगी सहित अन्य कर्मचारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

### पदमा के गरवा में वन संरक्षण को लेकर जागरूकता सह रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन



**पदमा हजारीबाग**। प्रखंड के ग्राम गरवा में रविवार को पर्यावरण और वन संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'वन रक्षाबंधन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमी वन प्रमंडल के डीएफओ मोन प्रकाश सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों ने पेड़ों की परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना की और उन्हें रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर वनों की रक्षा करने का सामूहिक संकल्प लिया। ग्रामीणों ने वनों को बचाने को अपना नैतिक कर्तव्य बताते हुए हर वर्ष इसी तरह रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही, लोगों को पेड़ न काटने के लिए जागरूक करने का भी संकल्प लिया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं और उपस्थित अतिथियों ने पारंपरिक झारखंडी गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी। गणमान्य लोगों की उपस्थितिः इस मौके पर स्थानीय मुखिया सविता देवी, पूर्व मुखिया कंचन मेहता, जीवलाल प्रजापति, दिवाकर प्रजापति, खेमलाल महतो, दिनेश खंडेलवाल, अनीता देवी, सरिता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सेवा और संवेदना की मिसाल बनीं रेखा आहूजा, दो बुजुर्गों की आंखों में लौटाई रोशनी

नई सोच एक्सप्रेस



» सुवानी शांति धाम सुखाश्रम के प्रभुजनों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन, समाज सेवा के लिए मिला सम्मान और प्रेरणा

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़**।समाज सेवा केवल सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता के प्रति समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। इसी भावना को साकार कर रही हैं शहर की समाजसेवी रेखा आहूजा, जिनके अथक प्रयास और संवेदनशील सहयोग से सुवानी शांति धाम सुखाश्रम के दो प्रभुजनों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न हुआ। वर्षों बाद दोनों बुजुर्गों की आंखों की रोशनी लौटने से उनके जीवन में नई आशा और खुशियों का संचार हुआ। रेखा आहूजा लंबे समय से जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित हैं। अपनी व्यावसायिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ वे सामाजिक सरोकारों में भी निरंतर सक्रिय रहती हैं। उनका मानना है कि किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है। उनके सेवा कार्यों से अनेक लोग प्रेरित होकर समाजहित के कार्यों में जुड़ रहे हैं। इस सेवा अभियान में सतराम जेठमलानी, राजेश खरे, सरिता सिंह, सिमरन, रूपल, भावना, रीटा, रजनी एवं श्याम तिवारी सहित अन्य सहयोगियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने रेखा आहूजा के नेतृत्व, संवेदनशीलता और सेवाभाव की सराहना करते हुए उनके साथ समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम तिवारी ने कहा कि रेखा आहूजा का स्नेह, विश्वास और सेवा का जज्बा सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें सदैव स्वस्थ, ऊर्जावान और समाज सेवा के लिए समर्पित रखें, ताकि उनके द्वारा देखे गए सेवा के सपनों को पूरी निष्ठा के साथ साकार किया जा सके। रेखा आहूजा का यह मानवीय प्रयास समाज में करुणा, सेवा और संवेदना का प्रेरक संदेश देता है तथा यह विश्वास मजबूत करता है कि निस्वार्थ सेवा से किसी के जीवन में नई रोशनी लाई जा सकती है।

## मृत्युभोज में मालपुआ नहीं बनाने पर 43 परिवारों के सामाजिक बहिष्कार का आरोप



नई सोच एक्सप्रेस

**सिरोही (राजस्थान)**।सिरोही जिले के मंडवारिया गांव में मृत्युभोज में देशी घी के मालपुए नहीं परोसने को लेकर 43 परिवारों के सामाजिक बहिष्कार का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवारों का आरोप है कि आर्थिक तंगी के कारण मृत्युभोज में खीर, पूरी, रायता और सब्जी परोसी गई, जिससे नाराज कुछ पंचायत सदस्यों ने संबंधित परिवार सहित 43 परिवारों का हुक्का-पानी बंद करने का फरमान सुना दिया। पीड़ितों का कहना है कि बहिष्कार के कारण उन्हें राशन, मजदूरी और यहां तक कि पीने के पानी तक में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता लक्ष्मी देवी ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि गरीबी के कारण मालपुए नहीं बना पाने पर पूरे परिवार को सजा दी जा रही है। इस मामले में पीड़ित परिवारों ने स्थानीय थाने में एक दर्जन से अधिक पंचायत सदस्यों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, अधिवक्ता ठाकुर महेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान सामाजिक बहिष्कार निषेध अधिनियम, 2019 के तहत किसी व्यक्ति या परिवार का सामाजिक बहिष्कार दंडनीय अपराध है, जिसमें सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद का विस्तार अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियन खुशी सिंह खेल प्रकोष्ठ की जिला सचिव

नई सोच एक्सप्रेस



» सत्य प्रकाश व संजय पटेल को भी बड़ी जिम्मेदारी

**वाराणसी**।अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में विश्व हिंदू रक्षा परिषद की वाराणसी इकाई का 28 जून रविवार को भव्य विस्तार किया गया जिसमें संगठन की मजबूती और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के लिए नई ऊर्जावान टीम की घोषणा की गई | इस विशेष अवसर पर आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके आधिकारिक नियुक्ति पत्र सौंपे गए | संगठन ने युवा शक्ति और खेल जगत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया है देश और दुनिया में काशी का मान बढ़ाने वाली अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियन खुशी सिंह को खेलकूद प्रकोष्ठ का जिला सचिव मनोनीत किया गया है | वैश्विक मंचों पर पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाने वाली खुशी सिंह की इस नियुक्ति से युवाओं और खेल जगत में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है | इसके साथ ही सनातन संस्कृति के संरक्षण,प्रचार-प्रसार और धार्मिक गतिविधियों को जमीनी स्तर पर गति देने के लिए सत्य प्रकाश को धार्मिक प्रकोष्ठ में जिला महासचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है वहीं संगठन के प्रति निरंतर निष्ठा, समर्पण और कार्यकुशलता को देखते हुए संजय पटेल को जिला उपाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है | वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दी बधाई,उज्जवल भविष्य की कामना की | कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नेतृत्व ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई दी और उनके सफल व गौरवशाली कार्यकाल की कामना की ||

## महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल, दबखेड़ी में विज्ञान पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशेषज्ञ एवं शिक्षक

» विज्ञान विषय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

**कुरुक्षेत्र**।श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के अंतर्गत संचालित महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल,दबखेड़ी में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विज्ञान विषय पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (क्षमता निर्माण कार्यक्रम) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विज्ञान विषय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नवाचार आधारित शिक्षण तकनीकों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के प्रभावी तरीकों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अनुभवी विशेषज्ञ मंजू सहगल एवं साक्षी सिक्का द्वारा किया गया। उन्होंने विज्ञान शिक्षण को अधिक रोचक, प्रयोगात्मक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों और व्यवहारिक सत्रों के माध्यम से शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। साथ ही उन्होंने नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रभावी शिक्षण, मूल्यांकन एवं नवाचार पर भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की ओर से प्रियंका सिंगला ने दोनों विशेषज्ञों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि करते हैं, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। उन्होंने दोनों प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के नीरज रानी, रेनू, कल्पना, रचना, अरुण, मुकेश सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की।

## ट्यूलिप येलो एवं वायलेट क्लब में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण शिविर, लगभग 150 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

नई सोच एक्सप्रेस



**गुरुग्राम**।भारत सरकार के राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत रविवार को सेक्टर-69 स्थित ट्यूलिप येलो एवं ट्यूलिप वायलेट क्लब में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पल्स पोलियो टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान ट्यूलिप येलो एवं ट्यूलिप वायलेट सोसायटी के लगभग 150 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। प्रशिक्षित पोलियो वैक्सीनेटर रेखा यादव ने समाजसेवी इं. आर. के. जायसवाल से बातचीत में बताया कि दोनों सोसायटियों के अभिभावकों ने अत्यंत जागरूकता का परिचय देते हुए बड़ी संख्या में अपने बच्चों को निर्धारित समय पर टीकाकरण शिविर में लाकर अभियान को सफल बनाया। उन्होंने अल्प सूचना के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित होने के लिए सभी अभिभावकों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पोलियो एक गंभीर एवं संक्रामक बीमारी है, जो बच्चों में स्थायी लकवे का कारण बन सकती है। इससे बचाव का सबसे सुरक्षित एवं प्रभावी उपाय समय-समय पर पल्स पोलियो की खुराक दिलाना है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि नियमित टीकाकरण प्राप्त कर चुके बच्चों को भी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान पोलियो की अतिरिक्त खुराक अवश्य दिलाते रहें। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य अनील अरोड़ा, राहुल गोयल एवं समाजसेवी इं. आर. के. जायसवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़े ऐसे जनहितकारी अभियान भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही पोलियो मुक्त एवं स्वस्थ भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। आयोजकों ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले स्वास्थ्य विभाग की टीम, प्रशिक्षित पोलियो वैक्सीनेटर तथा सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## कोचिंग सेंटरों के लिए नए सुरक्षा नियम बनाने की मांग, प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन



नई सोच एक्सप्रेस

**हल्द्वानी**। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने देशभर में संचालित कोचिंग सेंटरों के लिए नए सुरक्षा नियम लागू करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संस्था के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार साहू और मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार ने कहा कि दूसरी मंजिल से अधिक ऊंचाई और बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटरों पर प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही केवल पहली और दूसरी मंजिल तक ही कोचिंग संचालित करने की अनुमति दी जाए तथा प्रत्येक कक्षा में छात्रों की संख्या निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जाए। संस्था का कहना है कि हाल के वर्षों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण कई दुर्घटनाओं में छात्रों की जान गई है। इसलिए भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त नियम बनाना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संस्था के सचिव नंदकिशोर आर्या, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## चतरा में खूनी इश्क देवर-भाभी के प्रेम प्रसंग में बड़े भाई ने सगे छोटे भाई का घोंटा गला, चार हिरासत में



नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा**।जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित सेलवार गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ देवर-भाभी के प्रेम प्रसंग से नाराज एक बड़े भाई ने अपने ही सगे छोटे भाई की गला घोंटकर बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान 35 वर्षीय देवचरण यादव के रूप में हुई है। शुरुआत में पुलिस को यह मामला दो पक्षों के बीच दीवार निर्माण के विवाद का लग रहा था। लेकिन हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने तफ्तीश के बाद चौंकाने वाला खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक, मृतक देवचरण का अपनी सगी भाभी के साथ अवैध प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी भनक जब बड़े भाई कामदेव यादव को लगी, तो उसने खौफनाक साजिश रचकर छोटे भाई की जान ले ली। हत्या की इस वारदात के बाद मृतक की पत्नी ने हंटरगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी बड़े भाई, भाभी और उनके बेटे-बेटी समेत कुल चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की वैज्ञानिक और पुख्ता जांच के लिए रांची से फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है, जो साक्ष्य जुटाने में लगी है।

## प्राथमिक विद्यालय मध्यगोपाली में शैक्षणिक सामग्री का हुआ विवरण

नई सोच एक्सप्रेस



» मुखिया जानकी ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

**चौपारण(हजारीबाग)**।चौपारण प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय,मध्यगोपाली में छात्र-छात्राओं के बीच बैग, पुस्तक एवं कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पंचायत के मुखिया जानकी यादव ने की।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई, जिससे बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुखिया जानकी यादव ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है।उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध कराई गई शैक्षणिक सामग्री का सदुपयोग करने और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की विशेष सलाह दी। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना था। कार्यक्रम का समापन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।

# एसआरआई पद्धति से धान की खेती

एसआरआई पद्धति में खेती में पानी नहीं रहने पर मिट्टी में वायु का संचार होने से पौधों की जड़ों की बढ़ोत्तरी अधिक अच्छी होती है। इससे सम्पूर्ण पौधे स्वस्थ रहते हैं और उनका अच्छा विकास होता है जिसका धान के उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।





एसआरआई पद्धति से धान के एक पौधे में कम से कम 20 से 25 बालियां आसानी से आ जाती हैं जबकि कई पौधों में 50 व उससे भी अधिक बालियां निकलती हैं। इन मुख्य विशेषताओं के कारण इस पद्धति से धान की खेती करने से उपज बढ़ती है जिससे किसानों के लाभ में वृद्धि होती है।

## उचित भूमि का चयन

इस विधि के लिए अच्छी जल निकास वाली दोमट मिट्टी उपयुक्त होती है। अम्लीय व क्षारीय भूमि में इसकी खेती नहीं करें। इसके लिए उपयुक्त पीएच मान 5.5 से 7.5 तक है। भारी व काली मिट्टी वाले खेत में वीडर चलाने में थोड़ी समस्या होती है।

## भूमि का समतलीकरण

खेत को पूर्ण रूप से समतल किया जाना जरूरी है ताकि पूरे खेत में एक समान सिंचाई दी जा सके और कहीं भी अनावश्यक पानी न जमा हो। यदि खेत में कहीं ज्यादा पानी जमा होगा तो रोपे गये पौधे छोटे होने के कारण उनके मरने की सम्भावना बढ़ जाएगी और जड़ों का विकास अच्छा नहीं होगा जिससे प्रति पौधा कल्लों की संख्या कम हो जायेगी।

## बीज का चयन



अच्छे बीज के चयन हेतु बीज को चौड़े मुंह वाले बर्तन में पानी में डाला जाता है। जो बीज ऊपर तैरते हैं, उन्हें निकाल देते हैं। इसके बाद पानी में 12-24 घंटे तक बीज को भिगोकर अंकुरण के लिए 24 से 48 घंटे तक जूट के बोरे में बांध कर रखा जाता है। बोरी पर दिन में तीन बार पानी का छिड़काव करें। यदि मौसम ठण्डा है तो हल्का गर्म पानी का उपयोग करते हैं। जब बीज के ऊपरी सिरे पर हल्के सफेद रंग के अंकुर दिखायी देने लगते हैं तब बीज क्यारी में बोने के लिए उपयुक्त होता है।

## नर्सरी की तैयारी

नर्सरी बनाने में बहुत सावधानी बरतें। इस विधि में 8-12 दिन के पौधों का रोपण किया जाता है। एक हेक्टेयर धान के क्षेत्रफल के लिए 100 वर्गमीटर नर्सरी क्षेत्र व 5 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है। नर्सरी के क्यारी बनाते समय इस बात का ध्यान रखें कि क्यारी खेत के मध्य या कोने में बनाई जाय जहां पौधा रोपण करना है। क्यारी की लम्बाई 125 से.मी. से ज्यादा नहीं होनी चाहिये। लम्बाई स्थिति के अनुसार व बैड की ऊँचाई आधार तल से 6 इंच हो।

प्रथम परत -1 इंच गोबर की अच्छी खाद
द्वितीय परत -1-1.5 इंच बारीक मिट्टी
तृतीय परत -1 इंच सड़ी गोबर की खाद
चौथी परत-2.5 इंच बारीक मिट्टी
मल्चिंग -3-4 दिन तक

सभी परतों को अच्छी तरह मिला दें। इस पद्धति से पौधों की जड़ों को निकलने में आसानी होती है। बीज बुआई नर्सरी के क्यारी में अंकुरित बीज का छिड़काव करने से पहले चार भागों में बांट लिया जाता है। प्रथम भाग के बीज का छिड़काव दूर-दूर किया जाता है। बीज से बीज की दूरी इतनी होती है कि उसमें एक बीज का स्थान छूट जाय। दूसरे भाग के बीज बोते समय जिस जगह कम बीज पड़ता है, वहाँ पर देख कर बुआई करें। तीसरा भाग चारों किनारों पर ठीक ढंग से बोयें। चौथा भाग,जहाँ पर बीज नहीं है, वहाँ पर बोयें। बीज चार भागों में इसलिए बांटते हैं कि इस विधि में कम बीज की आवश्यकता होती है। पौधा रोपण के समय एक-एक पौधे को बीज सहित नर्सरी में अलग करके मिट्टी सहित रोपा जाता है इसलिए नर्सरी में बीज बोते समय बीज से बीज की उचित दूरी रखनी आवश्यक है। बीज बुआई के पश्चात अच्छा सड़ा हुआ खाद या धान का पराल क्यारी के ऊपर पतली परत में बिछा दें। बीज को सीधी धूप, चिड़ियों और चींटियों से सुरक्षा करें। जब दो या तीन दिन में बीज अंकुरण हो जाय तो पराल को हटा दें व सुबह-शाम प्रतिदिन सिंचाई करें। सिंचाई करते समय यह सावधानी बरतें कि बीज मिट्टी के बाहर न निकल जाये।

## खेत की तैयारी

इस विधि में परम्परागत विधि के समान ही खेत की तैयारी की जाती है, लेकिन खेत को समतल करना आवश्यक है। पौध रोपण के 12 से 24 घंटे पूर्व खेत की तैयारी करके एक से तीन सेमी. से ज्यादा पानी खेत में न रखें। इससे निशान लगाने में कोई असुविधा नहीं होती है।

### पौधा रोपण हेतु सावधानियां

- जड़ों व बीज को नुकसान पहुँचायें बिना पौधा रोपें।
- लगाने के पहले एक-एक पौधा अलग कर लें।
- नर्सरी से निकाले पौधे की मिट्टी धोये बिना लगायें।
- धान के बीज सहित पौधे को ज्यादा गहराई पर रोपण न करें।

### वीडर मशीन चलाने के लाभ

- खरपतवार की रोकथाम।
- मिट्टी में खरपतवार मिलाने से हरी खाद की उपलब्धता।
- पौधों की जड़ों को पर्याप्त हवा व पौधों को प्रकाश मिलता है।
- मिट्टी में जीवाणुओं की क्रिया में वृद्धि।
- पौधों को अधिक मात्रा में पोषण मिलता है।

## पौधा रोपण

इस विधि में 8-12 दिन के पौधे का रोपण किया जाता है, जब पौधे में दो पत्ती निकल आये। नर्सरी से पौधों को निकालते समय इस बात की सावधानी रखें कि पौधों के तने व जड़ के साथ लगा बीज न टूटे व एक-एक पौधा आसानी से अलग करें। पौधा रोपण के समय हाथ के अँगूठे एवं वर्तनी अंगुली (पदकमग पिदहमत) का प्रयोग करें।

## खरपतवार नियंत्रण

एसआरआई में प्रभावशाली खरपतवार नियंत्रण के लिए हाथ से चलाये जाने वाले वीडरों के विभिन्न मॉडल विकसित किये गए हैं। वीडर चलाने से खेत की मिट्टी पोली हो जाती है और उसमें हवा का आवागमन ज्यादा होता है। इसके अतिरिक्त खेतों में पानी न भरने देने की स्थिति में खरपतवार उगने को उपयुक्त वातावरण मिलता है। इस खरपतवार को जमीन के अन्दर दबा दिया जाये तो ये खाद का काम भी करती है जिससे भूमि में जैविक खाद की बढ़ोतरी होती है। पौध रोपण के पश्चात् 10वें दिन में वीडर चलायें, दूसरी बार 20वें दिन पर और तीसरी बार 30वें दिन वीडर चलायें। पौधे के आसपास के खरपतवार जो वीडर से लाइन में छूट जाते हैं, उन्हें हाथ से निकाल लिया जाता है। पौधे के पंक्तियों के बीच में वीडर चलाने से खरपतवार मिट्टी में मिल जाता है। यदि इसके बाद आवश्यक हुआ तो एक निराई वीडर से और करें। वीडर के ज्यादा बार उपयोग करने पर अधिक पैदावार होती है।

## सिंचाई एवं जल प्रबंधन

एसआरआई में खेत में पौध रोपण के बाद पर्याप्त नमी बनी रहे, इतनी सिंचाई करें कि खेत में पानी भर कर रखने की आवश्यकता नहीं होती है।

## कल्लों का निकलना

18 से 45 दिन के बीच धान के पौधे से सबसे ज्यादा कल्ले निकलते हैं क्योंकि इस समय पौधों को धूप, हवा व पानी पर्याप्त मात्रा में मिलता है। अनुभवों के आधार पर जहां केवल एक बार ही वीडर का उपयोग किया गया है, वहां एक पौधे से कल्लों की संख्या 15-25 तक प्राप्त हुई है। तीन बार वीडर का उपयोग करने पर एक पौधे से अधिकतम 80 तक भी कल्ले निकले हैं।

## भूमि की गुणवत्ता में वृद्धि



इस विधि में जैविक तरीके से खेती करने पर जोर दिया जाता है। भूमि की उत्पादकता में वृद्धि करने के तीन उपाय उपयुक्त हैं।

### कम्पोस्ट की खाद

अच्छी सड़ी हुई खाद 15 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से (8 ट्राली प्रति हेक्टेयर) डालना आवश्यक है। यदि गोबर की खाद के साथ वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप कम्पोस्ट यदि उपलब्ध हो तो दोनों को मिलाकर उपयोग करें। इसके साथ पंचगव्य व अमृत जल का उपयोग किया जाता है। प्रथम, द्वितीय व तृतीय वीडिंग के पश्चात पंचगव्य व अमृत जल या मेपल ई. एम. 1 का प्रयोग क्रमवार करें जिससे भूमि में सूक्ष्म बैक्टीरिया की संख्या में वृद्धि होती है जिससे भूमि की उत्पादकता और उत्पादन में वृद्धि होती है।

### हरी खाद

खेत में धान की रोपाई से दो माह पूर्व खेत की जुताई करके सनई, ढेंचा की बुआई करें। 35 से 45 दिन पश्चात, हरी फसल को खेत की जुताई करके मिट्टी में दबा दें जिससे भूमि में जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि होती है। इससे भूमि में नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले जीवाणु वायु मण्डल से नाइट्रोजन लेकर जड़ों में संग्रहित कर सकते हैं।

### हरी खाद बनाने की दाभोलकर विधि

वर्तमान में यह विधि काफी लोकप्रिय है। साधारणतः हरी खाद प्राप्त करने के लिए लेग्युमिनस (बेल वाली) फसलों को ही बोया जाता है। लेकिन दाभोलकर विधि में 5 तरह (अनाज, दलहन, तिलहन, लेग्युमिनस एवं मसाले) के बीजों का मिश्रण करके बोया जाता है। बाद में इनको जुताई करके मिट्टी में दबा दिया जाता है। इस विधि में दलहन, तिलहन, अनाज और हरी खाद के प्रत्येक फसल के बीज के 6 कि. ग्रा. और मसाले के बीज का 500 ग्राम मिलाया जाता है। बोने के 40 से 45 दिन के बाद जुताई करके इनको मिट्टी में दबा दिया जाता है। इससे मिट्टी की ऊपरी परत में लाभदायक जीवाणु से ह्यूमस बनता है।

## कटाई

जब पौधों की कटाई की जाती है तो पौधे का तना हरा रहता है जबकि बालियाँ पक जाती हैं। बालियों की लम्बाई व दानों का वनज परम्परागत विधि की अपेक्षा ज्यादा होता है। बालियों में खाली दानों की संख्या कम होती है तथा दाने जल्दी नहीं झड़ते हैं।

# नेट हाउस में उपजायें खीरा



## भूमि व उसकी तैयारी



नेट हॉउस के अन्दर बीज की बुआई से एक माह पहले खेत की गहरी जुताई करके भूमि को अच्छी प्रकार तैयार करें तथा भूमि से विभिन्न प्रकार के रोगाणुओं व कीटाणुओं के निदान के लिए मिट्टी को फार्मेल्डीहाइड के घोल से उपचारित करें। नेटहाउस की मिट्टी को पारदर्शी पॉलीथिन (25 माइक्रान मोटाई) से लगभग 15 दिन तक ढककर खुली धूप आने दें जिससे पॉलीथिन चादर के अंदर का तापक्रम बढ़े और गैस सरलता से कवक आदि को मार सके। इस प्रकार उपचारित मिट्टी को लगभग एक सप्ताह के लिए खुला छोड़ दें तथा उसको उलटते-पलटते रहें जिससे उसमें उपस्थित दवा (गैस) का अंश मिट्टी से निकल जाये तथा जब बीज की बुआई की जायें ताकि दवा का विपरीत प्रभाव पौधे की वृद्धि व विकास पर न पड़े।

## रोपाई व उसका समय

ठीक प्रकार से बनी हुई बेड्स पर ड्रिप पाइप डालकर बीज की बुआई करें। बुआई करते समय यह ध्यान रखें कि प्रत्येक पौध को उचित दूरी पर एवं ड्रिप लाइन में उपलब्ध छिद्र के पास ही बीज को बोया जाये ताकि छिद्र से निकला हुआ जल व जल मिश्रित उर्वरक पौधों की जड़ों को पूर्ण रूप से तथा आसानी से उपलब्ध हो सके। खीरा विभिन्न मौसम के लिए उपलब्ध किस्मों के अनुसार पूरे वर्ष उगाया जा सकता है। दो उठी हुई बेड्स के बीच से दूरी 4 फीट हो तथा इसको एक ही कतार पर 30 से 40 से.मी. की दूरी पर बीज बोते है। जिससे 1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 2000-2800 तक बीज लगाये जा सकते हैं। हाथ से बुवाई के बाद बूंद-बूंद सिंचाई से इसे सींचा जाता है। चार से पांच दिन में बीज अंकुरण होता है। इसके बाद पखवाड़े में तंतु निकलने शुरू होते हैं। इन तंतु को धागे (डोरी) से ऊपर लगे तार से बांधना पड़ता है, जिससे बेल सीधी ऊपर की ओर बढ़े। इसके बढ़ने व फूल-फल लगने पर तीन-चार स्थानों पर क्लिप लगाने पड़ते हैं।

## पानी व उर्वरक देना



पौधों की उर्वरक व जल की मात्रा मौसम एवं जलवायु पर निर्भर करती है। आमतौर पर गर्मी में प्रतिदिन तथा सर्दी में 2-3 दिन के अंतराल पर दिया जाता है। उर्वरक पानी के साथ मिलाकर ड्रिप सिंचाई प्रणाली द्वारा दिये जाते है। नत्रजन 80 से 100 पीपीएम, फास्फोरस 60 से 70 पीपीएम तथा पोटाश 100 से 120 पीपीएम तक दिये जाते है। इनकी मात्रा को फसल की अवस्था, भूमि के प्रकार व मौसम के अनुसार घटाया व बढ़ाया जा सकता है।



### किस्मों का चुनाव

साधारणतया नेटहाउस में ऐसी किस्मों का चुनाव किया जाता है जो कि गाइनोसियस हो (बीज रहित) तथा फल कोमल एवं मुलायम एवं उपज अच्छी हो। इन किस्मों का विकास मुख्यत: यूरोपीय देशों व इजराइल में किया गया है। कई बड़ी-बडी बीज कम्पनियां भी हमारे देश में इस प्रकार की किस्मों को उपलब्ध करा रही है। खीरा की संकर किस्में नेट हाउस/पाली हाउस के लिए काफ्का (सिंजेंटा), इंफिनिटी (नूनहेम्स), किंग स्टार, मल्टीस्टार (रिज़्क जवान), फारिया (इंजा जेड़ान), रिका (युकसेल)।

### उपज व तुड़ाई

बुआई के 40 दिन बाद फसल तुड़ाई के लिए तैयार हो जाती है। ग्रीष्मकालीन व वर्षाकालीन फसल की अवधि 2.5 से 3.0 माह तक होती है जबकि सर्दी की सल की अवधि 3.0-3.5 माह की होती है। इस प्रकार के खीरे को 8 से 10 से.मी. लम्बाई व कम मोटाई में तोड़कर ग्रेडिंग करके उच्च बाजार में अधिक भाव पर बेचा जा सकता है। इस प्रकार 1000 वर्ग मीटर क्षेत्र में खीरे की बीज रहित किस्मों की तीन फसल लेकर 120 से 150 क्विंटल उच्च गुणवत्ता वाले फलों की उपज ली जा सकती है।

## पौधों की छंटाई व सहारा देना

खीरे के पौधों को एक प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लपेटकर ऊपर की ओर चढ़ाया जाता है। इस प्रक्रिया से प्लास्टिक की रस्सियों को एक सिरे की पौधों के आधार से तथा दूसरे सिरे को ग्रीनहाउस में क्यारियों के ऊपर 9-10 फीट ऊँचाई पर बंधे लोहे के तारों पर बांध देते हैं तथा अन्त में जब पौधा उस तार के बराबर जिस तार पर रस्सी का दूसरा सिरा बंधा होता है, तो पौधो को नीचे की ओर चलने दिया जाता हैं। तथा साथ-साथ विभिन्न दिशाओं से निकली शाखाओं की निरन्तर काट-छांट करें। कटाई-छंटाई करते समय इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि हमने किस किस्म को उगाया है।



# बेबी डू डाई डू का ट्रेलर जारी: हुमा कुरैशी निभाएंगी भारत की पहली देसी हिटवुमन का रोल, बॉक्स ऑफिस पर होगी ऐल्फा से टक्कर



बेबी डू डाई डू के निर्माताओं ने आगामी क्राइम थ्रिलर का आधिकारिक ट्रेलर जारी कर दिया है. यह ट्रेलर रहस्यों, विश्वासघात और बदले से भरी एक अंधेरी और रहस्यमयी दुनिया की झलक दिखाता है. फिल्म में हुमा कुरैशी भारत की पहली देसी हिटवुमन के रूप में एक अभूतपूर्व भूमिका में नजर आ रही हैं. नाचिकेत सामंत द्वारा निर्देशित यह फिल्म हुमा कुरैशी और उनके भाई साकिब सलीम के बैनर सलीम सिब्लिंग्स के तहत निर्मित पहली फिल्म है. यह फिल्म 3 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, उसी दिन आलिया भट्ट और शरवरी की एक्शन से भरपूर जासूसी थ्रिलर भी रिलीज हो रही है. दो महिला प्रधान हत्यारों की कहानियों के बीच बॉक्स ऑफिस पर एक दुर्लभ टकराव होने जा रहा है. इस टकराव ने ऑनलाइन काफी बहस छेड़ दी है, क्योंकि दर्शक बड़े बजट की जासूसी फिल्मों और अपरंपरागत हत्यारी की कहानी के बीच अपना पक्ष चुन रहे हैं. फिल्म बेबी डू डाई डू का ट्रेलर हुमा के किरदार बेबी से परिचय कराता है, जो एक मूक-बधिर महिला है और अपनी चुप्पी के पीछे एक खतरनाक अतीत को छुपाती है.

अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक ऐसी दुनिया में उसके सफर को दिखाती है जहां भरोसा करना मुश्किल है और हर खुलासे से कहानी में नए मोड़ आते हैं. हुमा ने ट्रेलर में अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान खींचा है, जिसमें उन्होंने डायलॉग्स के बजाय भाव-भंगिमाओं और अभिनय पर अधिक जोर दिया है. वीडियो में तीव्र टकराव, रहस्यमय मिशन और कई रोमांचक क्षण दिखाए गए हैं, जो एक रोमांचक थ्रिलर की झलक देते हैं. अपने किरदार के बारे में बात करते हुए हुमा ने मीडिया से कहा, बेबी ने मुझे उन तरीकों से चुनौती दी जिनकी मैंने उम्मीद नहीं की थी. वह शब्दों पर निर्भर नहीं रहती, इसलिए हर भावना को भीतर से व्यक्त करना पड़ा. कई बार तो चुप रहना भी संवाद के पन्ने बोलने से कहीं ज्यादा मुश्किल लगता था. मुझे बस यही उम्मीद है कि लोग फिल्म को पहले से समझने की कोशिश किए बिना थिएटर में आएं और बस उसके साथ इस सफर का आनंद लें. फिल्म में हुमा के अलावा सिकंदर खेर, चंकी पांडे, रचित सिंह, विद्या मालवदे, मरुधा शेखावत, अरुण कुशवाह और हिमांशु मलिक अहम भूमिकाओं में हैं. सिकंदर खेर ने बताया कि फिल्म का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि किरदार वैसे नहीं हैं जैसे वे पहली नजर में दिखते हैं. उन्होंने कहा, मुझे सबसे ज्यादा यही पसंद आया कि इस फिल्म में कोई भी किरदार वैसा नहीं है जैसा वह दिखता है. हर दृश्य में एक नई परत छिपी है. मुझे लगता है कि कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, दर्शकों को इसके अलग-अलग पहलुओं को समझने में मजा आएगा. चंकी पांडे ने पटकथा की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि कहानी दर्शकों को लगातार तब चौंकाती है, जब उन्हें लगता है कि उन्होंने इसे समझ लिया है.





## 'प्रीतम एंड पेड्रो का ट्रेलर रिलीज, साइबर क्राइम केस में उलझे अरशद वारसी; विक्रांत मैसी ने चौंकाया

अरशद वारसी अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाते हैं, जल्द ही सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो में उनका ऐसा ही अंदाज नजर आएगा। लेकिन इस बार कॉमेडी के साथ साइबर क्राइम की कहानी भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस सीरीज के क्रिएटर निर्देशक राजकुमार हिरानी हैं। सीरीज में कई नामी बॉलीवुड एक्टर्स भी नजर आएंगे। यहां, जानिए 'प्रीतम एंड पेड्रो के ट्रेलर में क्या कुछ खास है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अरशद वारसी गोवा में रहते हैं। वह क्राइम ब्रांच में पुलिस ऑफिसर हैं। लेकिन अचानक उनका ट्रांसफर साइबर क्राइम डिपार्टमेंट में हो जाता है। इस दौरान एक नेता के बेटे को किडनैप कर लिया जाता है। फिरौती मांगने वाली हाइटेक अपराधी हैं। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ऑफिसर प्रीतम एक हैकर पेड्रो की मदद लेता है। इस सीरीज में विलेन के रोल में विक्रांत मैसी हैं। उन्हें इस तरह के रोल में देखकर दर्शक चौंक जाएंगे। इस सीरीज में अरशद वारसी के अलावा वीर हिरानी हैं, जो पेड्रो का रोल कर रहे हैं। विक्रांत मैसी के अलावा मोना सिंह, बोमन ईरानी भी 'प्रीतम एंड पेड्रो में नजर आएंगे। इनके अलावा सीरीज में सत्यदीप मिश्रा और श्रुति मराठे भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह सीरीज 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



## क्राइम और सियासत का घातक खेल, 2 जुलाई से स्ट्रीम होगी तेलुगु सीरीज इसकापटनम

तेलुगु-भाषा की क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज इसकापटनम ओटीटी पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। यह 1990 के दशक के एक बंदरगाह शहर पर आधारित है, जहां व्यक्तिगत नुकसान, वफादारी, पारिवारिक झगड़ों और राजनीतिक संघर्ष की कहानी दिखाई जाएगी। गुरुवार को सीरीज के मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि यह सीरीज 2 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। गैरी बीएच द्वारा निर्देशित सीरीज की कहानी को प्रशांत रागाथी ने लिखा है और इसके डायलॉग ताजुद्दीन सैयद ने लिखे हैं। इसमें समुथिरकानी, ऐश्वर्या राजेश, सुनील, नरेश अगस्त्य, मेरिन फिलिप, सुधाकर कोमाकुला, राजीव कनाकला, माइम गोपी, रोहिणी बनर्जी, ज्वाला कोटी, रवि वर्मा और राजा चेम्बोलु अहम भूमिकाओं में हैं। तमाडा मीडिया प्रोडक्शनंस के बैनर तले राहुल तमाडा और साईदीप रेड्डी बोरा द्वारा प्रोड्यूस की गई यह सीरीज 2 जुलाई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। प्राइम वीडियो के ओरिजिनल्स के डायरेक्टर और हेड, निखिल मधोक, ने सीरीज को लेकर बताया, हमारे पास साउथ की फिल्मों और सीरीज की एक बहुत बड़ी श्रृंखला है, जिसमें अलग-अलग भाषाओं, जॉनर और थीम की कहानियां हैं, जो भारत समेत दुनिया भर के अलग-अलग तरह के दर्शकों को पसंद आती है। हम इस सीरीज के जरिए इसे और भी बढ़ा रहे हैं। यह बदले की भावना से भरी एक जबरदस्त क्राइम कहानी है, जिसमें एक दिलचस्प कहानी के साथ-साथ कई परतों वाले और असल जिंदगी से जुड़े किरदार शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया, यह सीरीज गैरी के बेहतरीन निर्देशन में समुथिरकानी और ऐश्वर्या की शानदार एक्टिंग और एक प्रतिभाशाली कास्ट के साथ इस रॉ और दिलचस्प दुनिया को स्क्रिन पर बहुत शानदार तरीके से दिखाया गया है। तमाडा एक बेहतरीन पार्टनर रहे हैं, जिनके साथ हमने एक ऐसी शानदार और असली प्रोडक्शन वाली कहानी बनाई है, जिसके बारे में हमें पूरा भरोसा है कि जब यह प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी, तो दुनिया भर के दर्शक इसे पसंद करेंगे। तमाडा मीडिया प्रोडक्शन के राहुल तमाडा और साईदीप रेड्डी बोरा ने सीरीज को लेकर कहा, इसमें बदले की भावना वाली थ्रिलर का जोश और जुनून है, लेकिन असल में यह कहानी निजी नुकसान, वफादारी, पारिवारिक झगड़ों और राजनीतिक टकराव के बारे में है। हमें लगता है कि ये विषय दुनिया भर के दर्शकों के लिए दिलचस्प और मनोरंजक होंगे। यह सीरीज असलियत पर आधारित है। इसमें पोर्ट टाउन को फिर से बनाने से लेकर किरदारों और कहानी तक, हर चीज एक शानदार और दिलचस्प कहानी कहने के अनुभव में योगदान देती है।



## द इंडिया स्टोरी का पहला लुक पोस्टर जारी, श्रेयस तलपड़े-काजल अग्रवाल के किरदारों का खुलासा

फिल्मी पर्दे पर श्रेयस तलपड़े को अक्सर कॉमिक किरदार निभाते देखा जाता रहा है। आगामी फिल्म द इंडिया स्टोरी में दर्शक उन्हें एक गंभीर और चिंताजनक अवतार में देखेंगे। इसका संकेत फिल्म के पहले लुक पोस्टर से मिल गया है। चेट्टन डीके द्वारा निर्देशित और सागर बी शिंदे द्वारा निर्मित-लिखित फिल्म में काजल अग्रवाल भी मुख्य किरदार में हैं। निर्माताओं द्वारा जारी फिल्म के पोस्टर में वह एक सशक्त और आत्मनिर्भर महिला वकील के अंदाज में दिखी हैं। द इंडिया स्टोरी के पोस्टर में श्रेयस एक हताश पिता के किरदार में नजर आए हैं, जो अपनी बीमार बेटी को न्याय दिलाने की कोशिश में लगा है। काजल एक महिला वकील के किरदार में हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म में वह अभिनेता के किरदार की इंसाफ की लड़ाई में उनका साथ देंगी। फिल्म खाद्य पदार्थों में मिलावट, रसायनों के दुरुपयोग और उससे जुड़े घोटालों को दिखाएगी। यह 24 जुलाई, 2026 को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होगी। हाल ही में, फिल्म निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजकर भ्रामक, मानहानिकारक और अप्रमाणित दावे करने का आरोप लगाया गया है। एग्री बिजनेस सेंटर के मालिक भावेश सोढ़ा ने नोटिस में आरोप लगाया है कि फिल्म भारत के कृषि तंत्र को धीमे जहर के स्त्रोत के रूप में दर्शाती है। उन्होंने सीबीएफसी को नोटिस की एक कॉपी भेजकर प्रमाणन न करने का आग्रह किया है। साथ ही फिल्म का टीजर और अन्य सामग्री को तत्काल हटाने के लिए कहा है।



## क्या होता है जब आप रोजाना दांत नहीं साफ करते? दांत साफ नहीं करने पर हो जाते हैं कमजोर





क्या दांतों की देखभाल करना बहुत जरूरी है और इसमें रोजाना कम से कम दो बार दांत साफ करना शामिल है। जब लोग इस आदत को नजरअंदाज करते हैं तो उन्हें मुंह की कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कई लोग सोचते हैं कि सिर्फ सुबह के समय दांत साफ करना जरूरी है, जबकि रात में भी यह उतना ही अहम है। आइए जानते हैं कि रोजाना दांतों की सफाई न करने से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं।

**मुंह की बदबू :** मुंह की बदबू एक आम समस्या है, लेकिन यह काफी शर्मिंदगी भरी हो सकती है। ऐसा तब होता है जब आप नियमित रूप से दांत साफ नहीं करते हैं क्योंकि मुंह के अंदर बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो बदबू का कारण बनते हैं। इसके अलावा खाना खाने के बाद मुंह में खाना फंसने से भी बदबू हो सकती है। इससे बचने के लिए रोजाना दो बार दांत साफ करना जरूरी है।

**दांतों का कमजोर होना :** रोजाना दांत साफ न करने से दांत कमजोर हो जाते हैं और उनके टूटने की संभावना बढ़ जाती है। जब दांतों की सफाई नहीं होती तो उन पर गंदगी जमने लगती है, जो उन्हें कमजोर कर देती है। इसके अलावा बैक्टीरिया भी पनपने लगते हैं, जिससे दांतों में सड़न और छेद हो सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप नियमित रूप से दांत साफ करें और अपने दांतों की देखभाल करें।

**मसूड़ों की समस्या :** अगर आप नियमित रूप से दांत साफ नहीं करते तो इससे आपके मसूड़ों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है। गंदगी जमने के कारण मसूड़ों में सूजन, खून आना और दर्द हो सकता है। इसके अलावा मसूड़े कमजोर होकर टूटने लगते हैं, जिससे दांत भी गिर सकते हैं। मसूड़ों की समस्या से बचने के लिए रोजाना दांत साफ करना जरूरी है ताकि गंदगी जमा न हो और मसूड़े स्वस्थ रहें।

**पाचन तंत्र पर असर :** पेट की समस्याओं का सीधा संबंध मुंह की सेहत से होता है। अगर आप नियमित रूप से दांत साफ नहीं करते तो मुंह के बैक्टीरिया पेट में जाकर वहां भी संक्रमण फैला सकते हैं, जिससे पेट दर्द, गैस, उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा मुंह की खराब सेहत पाचन तंत्र को भी प्रभावित कर सकती है। इसलिए रोजाना दो बार दांत साफ करना जरूरी है ताकि पेट संबंधित समस्याओं से बचा जा सके।

**शरीर की अन्य समस्याएं :** मुंह की खराब सेहत केवल मुंह तक सीमित नहीं रहती बल्कि पूरे शरीर पर असर डालती है। बैक्टीरिया खून के माध्यम से पूरे शरीर में फैल सकते हैं, जिससे दिल की बीमारी, शुगर जैसी कई गंभीर रोग हो सकते हैं। इसके अलावा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो सकती है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि आप नियमित रूप से दांत साफ करें ताकि इन सभी समस्याओं से बचा जा सके।

# वैभव सूर्यवंशी की बेखौफ बल्लेबाजी ने कुमार संगकारा को भी किया था हैरान

### बताया 14 साल के खिलाड़ी का यादगार किस्सा

एजेंसी, नई दिल्ली



आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम प्रबंधन के संकेतों से भी फिलहाल यही माना जा रहा है कि उन्हें शुरुआती मुकाबलों में अवसर मिलने की संभावना सीमित है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार कर रहे इस युवा बल्लेबाज को लेकर क्रिकेट जगत में चर्चा लगातार बनी हुई है। आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए वैभव ने 776 रन बनाए और सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीतने का इतिहास रच दिया था। इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें भारतीय टी20 टीम में जगह मिली और लगातार तीन श्रृंखलाओं के लिए टीम में चुना गया। इस बीच राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने वैभव सूर्यवंशी से जुड़ा एक दिलचस्प अनुभव साझा किया, जिसने इस युवा बल्लेबाज की निडर मानसिकता और असाधारण प्रतिभा को उजागर कर दिया। उन्होंने बताया कि पहली बार वैभव को देखकर ही उन्हें एहसास हो गया था कि यह खिलाड़ी सामान्य प्रतिभा नहीं रखता। कुमार संगकारा के अनुसार, वह दो सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर के लिए गुवाहाटी पहुंचे थे, जहां एक छोटे नेट सत्र में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा नई गेंद से अभ्यास करा रहे थे। उनकी रफ्तार और स्विंग को देखते हुए कोई भी बल्लेबाज सामने आने के लिए तैयार नहीं था। तभी 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने खुद आगे बढ़कर बल्लेबाजी करने की इच्छा जताई। संगकारा ने बताया कि जैसे ही वैभव ने बल्लेबाजी शुरू की, हर शॉट के साथ बल्ले से निकलने वाली आवाज किसी गोली की तरह सुनाई दे रही थी। उन्होंने जोफ्रा आर्चर और संदीप शर्मा जैसे अनुभवी तेज गेंदबाजों के खिलाफ बेखौफ अंदाज में आक्रामक शॉट लगाए। एक समय ऐसा भी आया जब आर्चर खुद गेंदबाजी रोककर मुस्कुराने लगे, क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि इतनी कम उम्र का बल्लेबाज उनकी तेज गेंदों को इतनी आसानी से खेल रहा है। संगकारा ने आईपीएल 2026 का एक और रोचक किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 220 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करना था। मैच शुरू होने से पहले वैभव उनके पास आए, आंख मारते हुए बोले कि चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है और टीम मुकाबला जीत जाएगी। इसके बाद ड्रेसिंग रूम में उन्होंने अपने साथियों डोनोवन फरेरा और ल्हुआन-द्रे प्रिटोरियस से मजाकिया लेकिन आत्मविश्वास भरे अंदाज में कहा कि वह इस मैच में 13 छक्के लगाएंगे और उसके बाद बाकी काम दोनों संभाल लेंगे।

## 2026 में टी20 रन बनाने में ईशान किशन सबसे आगे

एजेंसी, नई दिल्ली



साल 2026 टी20 क्रिकेट के लिहाज से बल्लेबाजों के लिए बेहद यादगार साबित हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ विभिन्न घरेलू और फ्रेंचाइजी लीगों में कई बल्लेबाजों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया है। इस साल अब तक सबसे ज्यादा टी20 रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं को मिलाकर 1135 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 10 अर्धशतक शामिल हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में भी ईशान का बल्ला जमकर चला और उन्होंने 15 मैचों में 600 से अधिक रन बनाकर अपनी टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। इस सूची में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श हैं, जिन्होंने 1128 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज फिन एलन 1072 रन के साथ तीसरे, दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकेल्टन 1004 रन के साथ चौथे और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 991 रन बनाकर पांचवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के कुसल मेंडिस 958 रन के साथ छठे नंबर पर मौजूद हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 935 रन बनाकर सातवें स्थान पर हैं, जबकि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम 886 रन के साथ आठवें और दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्करम 872 रन बनाकर नौवें स्थान पर हैं। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन 849 रन के साथ दसवें पायदान पर हैं। इस तरह शीर्ष-10 बल्लेबाजों की सूची में भारत के तीन खिलाड़ियों ने जगह बनाई है। वहीं, युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी फिलहाल 15वें स्थान पर हैं। उन्होंने इस साल केवल आईपीएल में हिस्सा लेते हुए 16 मैचों में 776 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल रहे। सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीतने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। अब आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 और इंग्लैंड दौरे की पांच मैचों की श्रृंखला में यदि उन्हें खेलने का मौका मिलता है, तो उनके पास इस सूची में तेजी से ऊपर पहुंचने का बेहतरीन अवसर होगा।

## वैभव में नया सीखने की जबरदस्त चाहत, लगातार सवाल पूछता है : अभिषेक

एजेंसी, बेलफास्ट



भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 15 साल के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह नई चीजें सीखने को लेकर उत्साहित रहता है। वैभव ने पिछले कुछ समय के अंदर ही आईपीएल, अंडर 19 और भारत ए की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। आयरलैंड दौरे के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किये गये वैभव हो हालांकि पहले टी 20 में अवसर नहीं मिला पर कहा जा रहा है कि उन्हें दूसरे टी20 में अवसर मिलना तय है। वैभव को हालांकि पहले मैच में अंतिम ग्यारह में मौका नहीं मिला, लेकिन टीम की करारी हार के बाद अब उन्हें दूसरे और अंतिम टी20 मैच में डेब्यू कराने की मांग बेहद तेज हो गई है. आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के बाद अभिषेक ने वैभव को लेकर कई बातें कही हैं। अभिषेक ने कहा है कि उन्होंने ड्रेसिंग रूम में उन्होंने अपने व्यवहार से सबका दिल जीत लिया है ! अभिषेक ने कहा, 'एक टीम के तौर पर, मुझे लगता है कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसे सहज महसूस कराएं। वह बहुत छोटा है और मैंने जो महसूस किया, वह हर समय खेलने के लिए बहुत उत्सुक रहता है। वह अभी सीख रहा है. वह लगातार सवाल पूछता है, इसलिए मुझे लगता है कि उसके अंदर वो बात है, जहां वह बहुत सी चीजें सीखना चाहता है। जाहिर है, यह उसके लिए एक सपने जैसा है. इसलिए हम उसे यह महसूस कराने की पूरी कोशिश कर रहे हैं कि वह इस ग्रुप का हिस्सा है।'

## महिला टी20 विश्व कप 2028: भारत समेत आठ टीमों ने सीधे बनाई जगह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप 2028 के लिए भारत सहित आठ टीमों ने सीधे क्वालीफाई कर लिया है। श्रीलंका और स्कॉटलैंड के बीच खेले गए मुकाबले के बाद अगले विश्व कप में स्वतः प्रवेश पाने वाली टीमों की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई। वर्ष 2026 के महिला टी20 विश्व कप में 12 टीमों को दो समूहों में बांटा गया था। दोनों समूहों की शीर्ष चार-चार टीमों ने अपने प्रदर्शन के दम पर 2028 में पाकिस्तान में आयोजित होने वाले अगले विश्व कप के लिए सीधा टिकट हासिल कर लिया है। ग्रुप-ए से भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष चार में अपनी जगह सुनिश्चित की। वहीं ग्रुप-बी से इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और श्रीलंका ने अगले विश्व कप में सीधा प्रवेश हासिल किया। इन आठ टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार अच्छा खेल दिखाते हुए अपनी दावेदारी मजबूत साबित की। दूसरी ओर पाकिस्तान का प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा। टीम अपने समूह में लगातार चार मुकाबले हार गई और पांचवें स्थान पर रही। हालांकि, वर्ष 2028 के महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी पाकिस्तान के पास होने के कारण उसे मेजबान देश के विशेष अधिकार के तहत सीधे मुख्य प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा।

## काशी के नए क्रिकेट स्टेडियम की कुर्सियां होंगी हाईटेक

एजेंसी, वाराणसी



काशी के गंजारी क्षेत्र में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अपनी अनोखी डिजाइन और आधुनिक सुविधाओं के कारण लगातार चर्चा में बना हुआ है। भगवान शिव की नगरी की सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे इस स्टेडियम में हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। त्रिशूल के आकार की फ्लडलाइट, डमरू से प्रेरित मीडिया गैलरी और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ अब यहां लगाई गई हाईटेक कुर्सियां भी आकर्षण का केंद्र बन गई हैं। स्टेडियम में दर्शकों के लिए लगाई जा रही कुर्सियां सामान्य स्टेडियमों में इस्तेमाल होने वाली कुर्सियों से अलग हैं। इन्हें विशेष ऑर्डर पर पश्चिम बंगाल से मंगाया गया है। निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इन कुर्सियों को इस तरह तैयार किया गया है कि तेज धूप, बारिश या मौसम के बदलाव का इन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इनका रंग लंबे समय तक फीका नहीं होगा और ये वर्षों तक टिकाऊ बनी रहेंगी। इंजीनियरिंग प्लास्टिक से बनी इन कुर्सियों में पराबैंगनी किरणों से सुरक्षा देने वाली तकनीक का उपयोग किया गया है। यही कारण है कि लगातार धूप में रहने के बावजूद इनमें दरारें नहीं आएंगी और न ही इनकी गुणवत्ता प्रभावित होगी। इतना ही नहीं, इन्हें अग्निरोधी बनाया गया है, जिससे आग लगने जैसी स्थिति में भी सुरक्षा का स्तर बेहतर रहेगा।

# बिजनेस

## 'मेड इन इंडिया' सिर्फ लेबल नहीं, क्वालिटी और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक : गोयल

एजेंसी, नई दिल्ली






केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'मेड इन इंडिया' केवल उत्पाद पर अंकित लेबल नहीं बल्कि गुणवत्ता के प्रति भारत की प्रतिष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। गुणवत्ता केवल कंपनियों के प्रदर्शन का पैमाना नहीं बल्कि देश के प्रति राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने लंदन में 27 जून को आयोजित एक कारोबारी सत्र में तमिलनाडु के अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी के संस्थापक अकील अहमद पनारूना की सफलता का उल्लेख करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्यमी विश्वस्तरीय विनिर्माण के जरिये 'ब्रांड इंडिया' की छवि को वैश्विक स्तर पर मजबूत कर रहे हैं। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय ग्राहक ने काहिरा एयरपोर्ट पर लक्जरी ब्रांड ह्यूगो बॉस का एक जूता देखा। उसको जूते पर लगे लेबल की जांच करने पर उस पर 'मेड इन इंडिया' अंकित मिला। यह जूता अंबूर स्थित फ्लोरेंस शू कंपनी में तैयार किया गया था। उन्होंने कहा, "जब किसी उत्पाद पर 'मेड इन इंडिया' लिखा होता है तो वह केवल एक कंपनी का नहीं बल्कि पूरे देश का प्रतिनिधित्व करता है।" गोयल ने कहा कि अकील जैसे उद्यमियों के लिए गुणवत्ता कारोबारी मानक के साथ राष्ट्र के सम्मान और भरोसे से जुड़ी जिम्मेदारी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर साझा संदेश में कहा कि पनारूना ने भारतीय कारीगरी को दुनिया के प्रतिष्ठित ब्रांड तक पहुंचाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित किया है।

उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने और 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' जैसी पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकी को अपनाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। गोयल ने आगे लिखा, 'लंदन में भारतीय समुदाय और बिजनेस कम्युनिटी के लोगों से मिलकर शाम बहुत अच्छी रही। मैंने भारत और यूके के बीच एक जीवंत पुल के तौर पर भारतीय समुदाय की अहम भूमिका के बारे में बात की, जो आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाता है। मैंने 15 जुलाई, 2026 से लागू होने वाले इंडिया-यूके सीईटीए से मिलने वाले मौकों पर भी ज़ोर दिया। इससे व्यापार, निवेश और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग और गहरा होगा, जिससे दोनों देशों की साझा समृद्धि में योगदान मिलेगा।' उल्लेखनीय है कि पीयूष गोयल 25 से 27 जून तक ब्रिटेन की तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर थे, जहां उन्होंने भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के क्रियान्वयन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। यह समझौता 15 जुलाई से प्रभावी होगा। इसके तहत चमड़ा और फुटवियर जैसे श्रम-प्रधान भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।

## टॉप 10 कंपनियों के मूल्यांकन में 88,678 करोड़ की बढ़ोतरी

एजेंसी, मुंबई



पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कारोबार के दिन कम होने के बावजूद, भारतीय शेयर बाजार में कारात्मक माहौल बना रहा। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 88,678.1 करोड़ का उल्लेखनीय इजाफा देखा गया। इस बढ़त की अगुवाई निजी क्षेत्र के दिग्गज आईसआइ्रस ICICI बैंक ने की, जो सबसे बड़े विजेता के रूप में उभरा। सप्ताह के दौरान, बीएसई का बेंचमार्क सेंसेक्स 297.57 अंक (0.38 प्रतिशत) और एनएसई का निफ्टी 42.9 अंक (0.17 प्रतिशत) चढ़ा, जिससे निवेशकों में भरोसा कायम रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक स्थिति में सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा चुनिंदा खरीदारी जैसे कारकों ने बाजार के माहौल को सकारात्मक बनाए रखा। एशियाई बाजारों में भी माइक्रोन की कमाई और क्वालकॉम के पूर्वानुमान से एआई को लेकर आशावाद बढ़ने से तेजी देखी गई। लाभ कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक शीर्ष पर रहा, जिसका बाजार मूल्यांकन 29,588.75 करोड़ बढ़कर 9,95,610.74 करोड़ रुपए हो गया। इसके बाद, एचडीएफसी बैंक ने 24,718.3 करोड़ का इजाफा दर्ज किया, जिससे उसका मूल्यांकन बढ़कर12,25,981.44 करोड़ पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 12,043.96 करोड़ बढ़कर 17,83,926.92 करोड़ हुआ, जबकि बजाज फाइनेंस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने भी क्रमशः 11,580.28 करोड़ और 9,322.93 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। इंजीनियरिंग दिग्गज लार्सन एंड टुब्रो को भी 1,423.88 करोड़ का लाभ हुआ। हालांकि, सभी कंपनियों के लिए सप्ताह अच्छा नहीं रहा। भारती एयरटेल को 35,615.21 करोड़ का सबसे बड़ा नुकसान झेलना पड़ा, जिससे उसका मूल्यांकन गिरकर 11,27,348.09 करोड़ हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के मूल्यांकन में 21,188.74 करोड़ की गिरावट आई, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (और हिंदुस्तान यूनिलीवर ( बाजार पूंजीकरण भी क्रमशः 11,143.71 करोड़ और 5,321.83 करोड़ रुपए कम हुआ। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों की रैंकिंग में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपना पहला स्थान बरकरार रखा। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

## एयर इंडिया जल्द बहाल कर सकती है अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

### ईंधन महंगा होने पर लगा दी थी रोक

एजेंसी, नई दिल्ली



एयर इंडिया के एक प्रमुख अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने संकेत दिया है कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और विमान ईंधन की कीमतों में नरमी आने से एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में की गई कटौती को जल्द ही वापस ले सकती है। पिछले महीनों में हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और बढ़ती ईंधन लागत के कारण एयर इंडिया ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में 27 फीसदी और घरेलू उड़ानों में 22 फीसदी की अस्थायी कटौती की थी, जिससे कई मार्गों पर परिचालन लागत बढ़ गई थी। विल्सन ने कर्मचारियों को भेजे एक संदेश में कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आई है, जिससे अधिक हवाई क्षेत्र उपलब्ध हुआ है और ईंधन की कीमतों में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। उन्होंने जोर दिया कि यदि यह सकारात्मक रुझान जारी रहता है, तो एयरलाइन हाल की उड़ानों के कार्यक्रम में की गई कटौतियों को वापस लेने में सक्षम होगी, जिससे कुछ शहरों के लिए उड़ानें फिर से शुरू हो सकती हैं। हालांकि, उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि तनाव के फिर से बढ़ने की कोई गारंटी नहीं है। इस बीच, एयर इंडिया इस साल अपने बेड़े में आठ नए या पुनर्निर्मित चौड़ी बॉडी वाले विमान शामिल करेगी, जिसमें जल्द ही आने वाला एक नया बोइंग 787-9 भी शामिल है।

## केंद्र सरकार हर उद्यमी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है : जीतन राम मांझी

एजेंसी, नई दिल्ली







केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा, "भारत सरकार एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर उद्यमी को इनोवेशन करने, आगे बढ़ने और राष्ट्र-निर्माण में योगदान देने का समान अवसर मिले।" मांझी ने एमएसएमई दिवस 2026 के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। शनिवार को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एमएसएमई दिवस 2026–उद्यमी भारत' समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान औपचारिकरण, डिजिटल सशक्तिकरण, आसानी से फाइनेंस मिलने, मज़बूत मार्केट लिंकेज, टेक्नोलॉजी अपनाने और इनोवेशन-आधारित विकास पर बना हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर को भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ का इंजन माना जाता है और उद्यमी इस ग्रोथ के ड्राइवर हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई मंत्रालय डिजिटल सपोर्ट, स्किल डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी और मार्केटिंग लिंकेज जैसी सुविधाएं दे रहा है।

उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा, "आप उद्यमी भारत के विकास में भागीदार हैं। एमएसएमई सेक्टर सिर्फ़ कारोबार तक सीमित नहीं है। ये साकार होते सपने हैं, कारोबार में बदलते आइडिया हैं और कड़ी मेहनत से बदलती जिंदगी है।" वहीं, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव भरत खेरा ने इस अवसर पर एमएसएमई सेक्टर का ब्यौरा पेश किया। उन्होंने भारत की आर्थिक वृद्धि में इस सेक्टर की भूमिका पर जोर दिया और मंत्रालय द्वारा लागू की जा रही मुख्य पहलों और योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने एमएसएमई सेक्टर में योगदान देने वाले सभी स्टेकहोल्डर्स की तारीफ़ की। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि एमएसएमई दिवस के कार्यक्रमों का समापन दो तकनीकी पैनल चर्चाओं के साथ हुआ, जिनके विषय थे, "महिला उद्यमिता के नए दौर की शुरुआत" और "स्केलेबल एमएसएमई बनाने में ग्रोथ कैपिटल की भूमिका"।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।